

# हरिभूमि

छत्तीसगढ़, मध्यप्रदेश, हरियाणा व दिल्ली से एक साथ प्रकाशित

समाचार ही नहीं, विचार भी



खास खबर

# हेल्थ सेक्टर को उद्योग का दर्जा यानी खुल जाएगा छोटी बसाहट में भी सुविधायुक्त नर्सिंग होम्स का रास्ता, सरकार देगी सब्सिडी

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

हेल्थ सेक्टर को उद्योग का दर्जा दिए जाने से प्रदेश के दूरवर्ती इलाकों में बड़े और आधुनिक सुविधाओं वाले हास्पिटल खोलने का रास्ता आसान हो जाएगा। इससे मरीजों को रियायती दर पर आधुनिक तरीकों से इलाज की सुविधा मिलेगी। 38 बिस्तर से अधिक क्षमता वाले अस्पताल खोलने के लिए ▶▶|शेष पेज 7 पर

### बेहतर टेक्नोलॉजी की संभावना



सब्सिडी योजना के लागू होने से अस्पतालों के खर्चे कम होंगे। बचत की राशि से अस्पताल प्रबंधन बेहतर टेक्नोलॉजी ला सकेंगे साथ ही मरीजों का इलाज भी रियायत दर पर संभव हो सकेगा। - **डा. संदीप दवे** मेडिकल डायरेक्टर रामकृष्ण हास्पिटल

### सुविधाओं का विस्तार होगा



शासन की इस योजना से प्रदेश में हास्पिटलों की सुविधाओं का विस्तार होगा। अभी नया अस्पताल खोलने में जितना खर्च होता उतने में प्रबंधन इलाज से संबंधित ज्यादा मशीनों की व्यवस्था कर सकेगा। - **डा. सुशील शर्मा**, डायरेक्टर, मेडिशाइन हास्पिटल

**50 बेड से ज्यादा क्षमता के अस्पताल खोलने पर 35 से 50 फीसदी तक सब्सिडी की योजना**

**नामी हास्पिटलों के छत्तीसगढ़ आने की बढ़ेगी संभावना, इलाज का आधुनिकीकरण भी होगा**

### दूसरे राज्यों पर निर्भरता खत्म



प्रदेश में उपचार की व्यवस्था को और बेहतर बनाने का प्रयास किया जा रहा है। शासकीय के साथ प्रायवेट सेक्टर के हास्पिटलों को बढ़ावा देने के लिए विभिन्न योजनाएं लागू की जा रही है। सब्सिडी योजना से प्रदेश के दूरवर्ती क्षेत्रों के साथ अन्य हिस्सों में भी नये अस्पतालों की संख्या बढ़ेगी। इससे कुछ बीमारियों के इलाज के लिये दूसरे राज्यों पर निर्भरता खत्म हो जाएगी। मरीजों को प्रदेश में आधुनिक मशीनों से उपचार का लाभ मिलेगा। - **श्याम बिहारी जायसवाल**, स्वास्थ्य मंत्री

### सभी अस्पतालों को लाभ देने की जरूरत



सब्सिडी का लाभ छोटे-बड़े सभी अस्पतालों को दिए जाने की आवश्यकता है, एएचपीआई इसके लिए नियम में संशोधन करने की मांग करेगी। हास्पिटलों का उद्योग का दर्जा मिलने नये हास्पिटल आने से रोजगार की संभावना भी बढ़ेगी। छत्तीसगढ़ में मेडिकल टूरिज्म को बढ़ावा मिलेगा और सेवाओं की लागत में आवश्यक कमी आ जाएगी। छोटे और मध्यम आकार के अस्पतालों का फैलाव बढ़ेगा और सुदूर अंचलों में बढ़ावा मिलेगा। - **डा. राकेश गुप्ता**, अध्यक्ष, एएचपीआई छत्तीसगढ़

### मेडिकल टूरिज्म को बढ़ावा



राज्य शासन के इस फैसले से प्रदेश में मेडिकल टूरिज्म को बढ़ावा मिलेगा। इसके बाद दूसरे राज्यों से मरीज इलाज के लिए छत्तीसगढ़ आएंगे। अस्पतालों की संख्या बढ़ने से नर्सिंग स्टाफ और डाक्टरों के सामने रोजगार के बेहतर विकल्प खुलेंगे। इससे प्रदेश के दूरवर्ती इलाकों तक आधुनिक उपचार की सुविधा पहुंचने की संभावना भी बढ़ेगी। राज्य शासन का यह फैसला स्वास्थ्य सुविधाओं के लिए बेहतर साबित होगा। - **डा. कुलदीप सोलंकी**, अध्यक्ष आईएमए रायपुर

# सीएम ने कलेक्टर को कहा-कमेटी मत बनाइए, खुद जाकर जांचिए

**सुशासन की चौपाल में साय के कड़े तेवर**



हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

मुख्यमंत्री विष्णु देव साय सोमवार को सुशासन तिहार के अंतर्गत जीपीएम जिले के चुकतीपानी ग्राम पहुंचे। यहां उन्होंने महुआ के पेड़ के नीचे चौपाल लगाकर ग्रामीणों से योजनाओं की जमीनी हकीकत जानी। जब ग्रामीणों ने प्रधानमंत्री जनमन योजना के तहत निर्माणाधीन सड़क की खराब गुणवत्ता की शिकायत की, तो मुख्यमंत्री ने कलेक्टर लीना मण्डावी को कड़े शब्दों में निर्देश दिए। मुख्यमंत्री ने कहा ▶▶|शेष पेज 7 पर

- **अधिकारियों को कहा काम करो, नहीं तो सस्पेंशन झेलने तैयार रहो**
- **चुकतीपानी पहुंचे मुख्यमंत्री श्री साय ने लापरवाह अधिकारियों को दी सख्त चेतावनी**

## ईई और डीईओ पर गिरी गाज

सुशासन तिहार के दौरान मुख्यमंत्री विष्णु देव साय ने काम में लापरवाही बरतने वाले अधिकारियों पर सख्त कार्रवाई करते हुए दो बड़े निर्णय लिए। मुख्यमंत्री ने मुंगेली जल संसाधन विभाग के कार्यपालन अभियंता आर.के. मिश्रा को तत्काल प्रभाव से निलंबित करने के निर्देश दिए। मुख्यमंत्री ने स्पष्ट किया कि मनियारी जलाशय और पथरिया जलाशय जैसी महत्वपूर्ण सिंचाई परियोजनाएं वर्षों से अधूरी पड़ी हैं, जो लापरवाही का स्पष्ट प्रमाण हैं। मुख्यमंत्री श्री साय ने गौरेला-पेंड्रा-मरवाही जिले के जिला शिक्षा अधिकारी जगदीश कुमार शास्त्री को पद से हटाने के निर्देश दिए गए। मुख्यमंत्री ने कहा कि बोर्ड परीक्षा में जिले का अत्यंत खराब प्रदर्शन जिले में शिक्षा व्यवस्था की गंभीर खामी को दर्शाता है और ऐसी लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी। मुख्यमंत्री श्री साय के इस तीखे रुख से स्पष्ट है कि सरकारी कार्यों में शिथिलता और जवाबदेही से बचने का युग समाप्त हो चुका है।

## कर्नल सोफिया कुरैशी पर टिप्पणी को लेकर सुप्रीम कोर्ट खफा, एसआईटी का गठन

# मंत्री को फटकार, कोर्ट ने पूछा- माफी मगरमच्छ के आंसू हैं या कानूनी कार्रवाई से बचने का प्रयास

हरिभूमि न्यूज ▶▶| नई दिल्ली

न्यायमूर्ति सूर्यकांत और न्यायमूर्ति एन कोटिश्वर सिंह की पीठ ने मंत्री विजय शाह के आपत्तिजनक टिप्पणी पर सुनवाई की। न्यायमूर्ति सूर्यकांत ने कहा, 'इन टिप्पणियों के कारण पूरा देश शर्मसार है, हमने आपके वीडियो देखे, आप बहुत घटिया भाषा का इस्तेमाल करने वाले थे, लेकिन किसी तरह से आपकी समझ कुछ काम कर गई या आपको शब्द नहीं मिले। आपको शर्म आनी चाहिए। पूरा देश हमारी सेना पर गर्व करता है और आपने यह बयान दिया। पीठ ने मंत्री से कहा, यह किस तरह की माफी थी? आपको सीधे सीधे अपनी गलती स्वीकार करनी चाहिए थी और माफी मांगनी चाहिए थी लेकिन आपने कहा कि अगर आपने यह और वह कहा और फिर मैं माफी मांगता हूं। माफी मांगने का ▶▶|शेष पेज 7 पर

## जांच के लिए तीन सदस्यीय विशेष जांच दल में होंगे दूसरे राज्य के अफसर

*सुप्रीम कोर्ट ने कर्नल सोफिया कुरैशी पर टिप्पणी करने के लिए मध्यप्रदेश के मंत्री विजय शाह को सोमवार को फटकार लगाई। कोर्ट ने उनके खिलाफ दर्ज प्राथमिकी संबंधी जांच के लिए तीन सदस्यीय विशेष जांच दल का गठन किया। पीठ ने मंत्री से कहा कि उसने उनके वे वीडियो देखे हैं जिनमें उन्होंने ये टिप्पणियां की हैं और माफी मांगी है। पीठ ने पूछा कि क्या यह माफी मगरमच्छ के आंसू हैं या कानूनी कार्यवाही से बचने का प्रयास हैं।*



### इधर, कांग्रेस ने विजय शाह से मांगा इस्तीफा

कांग्रेस की मध्यप्रदेश इकाई के नेताओं ने न्यायालय के फैसले का स्वागत किया और उनके तत्काल इस्तीफे की मांग की। प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष जीतू पटवारी ने कहा कि इस मामले में शीर्ष अदालत की टिप्पणी न केवल विजय शाह बल्कि भारतीय जनता पार्टी के चरित्र और चेहरे पर भी गंभीर सवाल उठाती है।

### इधर, भाजपा सिखाएगी बातचीत के तरीके

मप्र में भाजपा अपने नेताओं के लिए जून महीने में एक विशेष प्रशिक्षण शिविर आयोजित करने जा रही है। इसमें उन्हें सार्वजनिक मंचों पर संचार कौशल बेहतर करने की ट्रेनिंग दी जाएगी। यह निर्णय ऐसे समय में आया है, जब पार्टी को काफी आलोचना का सामना करना पड़ा।

**इन धाराओं के तहत एफआईआर** _ यह प्राथमिकी भारतीय न्याय संहिता की धारा 152 (भारत की संप्रभुता, एकता और अखंडता को खतरे में डालने का कृत्य), धारा 196 (1) (बी) (अलग-अलग समुदायों के आपसी सद्भाव पर प्रतिकूल प्रभाव डालने वाला ऐसा कृत्य जिससे सार्वजनिक शांति भंग होती हो या भंग होने की आशंका हो) और धारा 197 (1) (सी) के तहत दर्ज की गई।

**हाईकोर्ट ने लिया था स्वतः संज्ञान** _ मंत्री विजय शाह ने कर्नल सोफिया कुरैशी को आतंकियों की बहन बताया था। मध्यप्रदेश हाईकोर्ट ने 14 मई को इस मामले में स्वतः संज्ञान लेते हुए प्रदेश के डीजीपी को मंत्री शाह पर एफआईआर के निर्देश दिए थे। जबलपुर हाईकोर्ट के जस्टिस अतुल श्रीधरन और जस्टिस अनुराधा शुक्ला की बेंच ने मंत्री विजय शाह की भाषा को गटर जैसी बताया था।

# दो भाइयों की मौत, डॉक्टर ने पीएम के लिए मांगे 10-10 हजार

हरिभूमि न्यूज ▶▶| अंबिकापुर

सरगुजा जिले के लुंड्रा विकासखंड में स्वास्थ्य सुविधाएं सुधरने का नाम नहीं ले रही है। आलम यह है कि अब पीएम कराने के नाम पर पैसों की मांग की जा रही है और मृतकों के पीएम उपरान्त शव वाहन उपलब्ध नहीं हो पा रहे है। ऐसा ही एक मामला रघुनाथपुर से सामने ▶▶|शेष पेज 7 पर

- **नहीं मिला शव वाहन तो मोपेड से शव ले गया पिता रघुनाथपुर क्षेत्र का मामला**




## नहीं मिला शव वाहन

स्वास्थ्य विभाग के चिकित्सकों और अधिकारियों की लापरवाही यहीं पर नहीं रुकी। दो बच्चों की मौत के गम से जूझ रहे परिजन से पैसों की मांग की गई और फिर उन्हें शव को घर तक ले जाने के लिए समय पर शव वाहन तक उपलब्ध ▶▶|शेष पेज 7 पर







## त्रिपुरा चिड़ियाघर में तीन बाघ शावकों का जन्म




**अगरतला।** त्रिपुरा के सिपाहीजाला चिड़ियाघर में पहली बार तीन बाघ शावकों का जन्म हुआ है। राज्य का यह एकमात्र चिड़ियाघर 1972 में स्थापित किया गया था। यह पहली बार है कि यहां बाघ शावकों का जन्म हुआ है।

## सूखी नदी में कार गिरने से पांच की मौत



**मुंबई।** महाराष्ट्र के रत्नागिरि जिले में एक कार के सूखी नदी में गिर जाने से पांच लोगों की मौत हो गई और दो अन्य घायल हो गए। मृतकों की पहचान मिताली विवेक मोरे (43), मेघा पराडकर (22), सौरभ पराडकर (22), निहार मोरे (19) और श्रेयस सावंत (23) के रूप में हुई है।

## अनैतिक तस्करी के आरोप में चार गिरफ्तार



**श्रीनगर।** जम्मू कश्मीर के बारामूला जिले में अनैतिक तस्करी के आरोप में एक महिला सहित चार लोगों को गिरफ्तार किया गया है। विश्वसनीय सूचना के आधार पर बारामूला पुलिस ने कुंजेर इलाके में जारी अनैतिक तस्करी रैकेट का भंडाफोड़ किया।






मानसून के आने से पहले ही गिट्टी और रेत में मुनाफाखोरी का खेल प्रारंभ हो गया है। पहली बार गिट्टी में सीधे दाम प्रति फीट पर सात रुपए बढ़ा दिए गए हैं। यही नहीं, इसकी सप्लाई भी कम कर दी गई है। आने वाले समय में दाम और बढ़ाने की तैयारी है। रेत के दाम में भी चार रुपए का इजाफा किया गया है। रेत में तो यह अभी शुरुआत है।

## मानसून में बढ़ेंगे दाम

# गिट्टी में मुनाफाखोरी का ऐसा खेल, सीधे बढ़ा दिए प्रति फीट पर सात रुपए दाम

हरिभूमि न्यूज ⏭ रायपुर

मानसून में इसके दाम डबल हो जाएंगे। इस समय 12 रुपए फीट की रेत के दाम 16 रुपए कर दिए गए हैं। सीमेंट में ही अभी राहत है। इसके दाम में अभी इजाफा नहीं किया गया है। सीमेंट के दाम 250 से 300 रुपए हैं। लेकिन अक्सर मानसून के समय डिमांड न होने के बाद भी इसके दाम बढ़ा दिए जाते हैं। मानसून के आने में अभी काफी समय है, लेकिन अभी से रेत और गिट्टी के दाम बढ़ाने का काम प्रारंभ हो गया है। अक्सर रियल एस्टेट के साथ निजी मकान बनाने वाले भी मानसून से पहले रेत और गिट्टी का स्टॉक कर लेते हैं, ताकि उनको ऐन जरूरत के समय ज्यादा कीमत न देनी पड़े। लेकिन इस बार तो काफी पहले ही दाम बढ़ा दिए गए हैं।



### गिट्टी बना भी कम रहे

बिल्डिंग मटेरियल का काम करने वालों के मुताबिक पहली बार गिट्टी के दाम को 18 रुपए से सीधे 25 रुपए कर दिया गया है। इस कीमत पर बिल्डिंग मटेरियल का काम करने वालों को गिट्टी मिल रही है। ऐसे में ये 26 से 27 रुपए में फीट के हिसाब से बेच रहे हैं। आमतौर पर मानसून में गिट्टी के दाम ज्यादा बढ़ते नहीं है, क्योंकि रेत की तुलना में इसका खपत कम होती है। 16 से 18 रुपए में मिलने वाली गिट्टी ज्यादा से ज्यादा 22 से 24 रुपए तक जाती है, लेकिन इस बार तो पहले से ही बहुत ज्यादा दाम कर दिए गए हैं। जानकारों का यह भी कहना है कि गिट्टी बनाने का काम भी कम कर दिया गया है ताकि स्टॉक कम होने की बात कहकर भी ज्यादा कीमत पर इसको बेचा जा सके।

### रेत रुलाएगी

मानसून में अक्सर रेत रूलाने का काम करती है। इसका पहले से ही स्टॉक करके रखा जाता है और ज्यादा कीमत पर इसको बेचने का काम किया जाता है। 10 से 15 जून के आस-पास रेत खदानों को बंद कर दिया जाता है। अभी खदानों के बंद होने में समय है, इसके बाद भी जहां अभी से स्टॉक किया जा रहा है, वहीं दाम भी 12 रुपए फीट से बढ़ाकर 16 रुपए कर दिए गए हैं। आने वाले समय में मानसून के प्रारंभ होने के बाद इसके दाम 30 रुपए फीट तक जा सकते हैं। मानसून के समय तो जिसकी जितनी मर्जी होती है, कीमत लेते हैं। जिनको जरूरत रहती है उनको किसी भी दाम पर लेने के लिए मजबूर होना पड़ता है।



## खबर संक्षेप

### दुर्घटना में एक ही गांव के दो युवकों की मौत



धमतरी। घर लौट रहे दो दोस्तों को अज्ञात वाहन ने ठोकर मार दी। इस घटना से एक युवक ने मौके पर ही दम तोड़ दिया। दूसरे की मौत अस्पताल में हो गई। एक ही गांव के दो युवकों की मौत से पूरे गांव में मातम छाया हुआ है। पुलिस ने मामला दर्ज कर अज्ञात वाहन की खोज शुरू कर दी है। मिली जानकारी के अनुसार ग्राम डोमा निवासी पारख प्रकाश कंवर उम्र 24 साल पिता लोकेश और टिकेश्वर यादव उम्र 25 साल पिता आसकुमार भखारा की ओर से अपने गांव डोमा आ रहे थे। दोनों बाइक पर सवार थे। डोमा के पास ही एक अज्ञात वाहन ने बाइक को ठोकर मार दी। इस दुर्घटना में एक युवक की मौत मौके पर ही हो गई। जबकि दूसरे को अस्पताल लाया जा रहा था। उसकी मौत रास्ते में हो गई। उल्लेखनीय है कि रायपुर रोड में टोल प्लाजा बनने के बाद भखारा रोड में ट्रैफिक काफी बढ़ गया है।

### फैक्ट्री में नाबालिग की करंट लगने से मौत

**राजनांदगांव।** सोमनी क्षेत्र के फुलझर में स्थित एक फैक्ट्री में काम करते वक्त एक नाबालिक करंट की चपेट में आ गया जिससे उसकी मौत हो गई। इस घटना से फैक्ट्री में काम करने वाले अन्य लोगों के बीच सनसनी फैल गई है। सूचना पर पुलिस मर्ग कायम कर मामले की जांच कर रही है। पुलिस सूत्रों के मुताबिक सोमनी थाना क्षेत्र अंतर्गत ग्राम फुलझर में न्यू लूक बायो प्यूल्स प्रा लि में काम करने के लिए कुणाल मंडावी जिसकी उम्र लगभग 16-17 वर्ष बताई गई है, गया हुआ था। वह जब फैक्ट्री में काम कर रहा था इस दौरान वह बिजली करेंट की चपेट में आ गया। जिसे गंभीर हालत में उपचार हेतु सोमनी चिकित्सालय ले जाया गया जहां चिकित्सक ने उसे मृत घोषित कर दिया। इधर इस घटना की जानकारी जैसे ही फैक्ट्री में काम करने वाले अन्य लोगों को हुई तो सनसनी फैल गई है, घटना की सूचना पर पुलिस ने मर्ग कायम किया है।

### 2 लाख की ईनामी एक महिला नक्सली गिरफ्तार

**जगदलपुर।** सुकमा जिले के



जगरगुण्डा थाना क्षेत्र स्थितवर्ष 2024 में ग्रामीण की हत्या में शामिल 2 लाख की ईनामी महिला नक्सली डीकेएमएस अध्यक्षा मिड़ियम बुधरी को पुलिस व सीआरपीएफ की संयुक्त टीम ने गिरफ्तार किया है। गिरफ्तार महिला नक्सली जनअदालत लगाकर ग्राम गोंदपल्ली के ग्रामीण पर पुलिस मुखबिरी का आरोप लगाकर डण्डे से पीट-पीट कर तथा रस्सी से गला घोटकर हत्या करने की घटना में शामिल थी। जिला बल, डीआरजी व सीआरपीएफ की संयुक्त टीम एरिया डोमिनेशन व नक्सलियों की गिरफ्तारी के लिए ग्राम गोंदल्ली व आस-पास क्षेत्र की ओर रवाना हुए थे। अभियान के दौरान ग्राम गोंदपल्ली की घेराबंदी कर दो लाख की ईनामी फरार नामजद महिला नक्सली मिड़ियम बुधरी डीकेएमएस अध्यक्ष उम्र 45 वर्ष निवासी गोंदपल्ली सोढ़ीपारा थाना जगरगुण्डा पकड़ा है।

### मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय की उपस्थिति में होगा अमरजीत सिंह छाबड़ा का पदभार ग्रहण

# अल्पसंख्यक आयोग का मामला सुलझा 22 मई को पदभार, चार में अब भी पेंच

हरिभूमि न्यूज ⏭ रायपुर

प्रदेश सरकार ने निगम, मंडल और आयोग के लिए पहली बड़ी सूची में 36 भाजपा नेताओं को पदों से नवाजा है। इनमें से एक नेता गौरीशंकर श्रीवास ने पद लेने से इनकार कर दिया। बचे 35 नेताओं के पदभार ग्रहण करने का सिलसिला अब तक चल रहा है। सबसे पहले क्रेडा के भूपेंद्र सवन्नी ने पदभार ग्रहण किया। इसके कार्यक्रम में मुख्यमंत्री श्री साय पहुंचे। इसके बाद से पदभार ग्रहण करने का क्रम चल रहा है। एक-दो को छोड़कर बाकी सभी के पदभार ग्रहण में मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय रहे हैं। अब तो गिनती के ही अध्यक्षों का पदभार बचा है। इनको भी मुख्यमंत्री के समय मिलने का इंतजार है।

खास खबर

**प्रदेश सरकार ने निगम, मंडल, आयोग में जो तीन दर्जन पद बांटे हैं, उनमें से पांच में बड़ा पेंच हुआ था। अब एक अल्पसंख्यक आयोग का मामला तो सुलझ गया है और इसके अध्यक्ष बनाए गए अमरजीत सिंह छाबड़ा 22 मई को पदभार ग्रहण कर रहे हैं। इस कार्यक्रम में भी मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय रहेंगे। इधर राज्य खाद्य आयोग, राज्य केश शिल्पी कल्याण बोर्ड, समाज कल्याण बोर्ड और सहकारी दुग्ध महासंघ में अब भी पेंच फंसा हुआ है। इनका पेंच कब तक सुलझेगा, यह इनके अध्यक्ष बनाए गए भाजपा नेताओं को नहीं मालूम है। इनको पेंच के सुलझने का इंतजार है। दो मामले केंद्र सरकार पर निर्भर हैं, जबकि दो में पुराने अध्यक्षों का कार्यकाल बचा है।**

### अल्पसंख्यक आयोग का पेंच ऐसे सुलझा

अल्पसंख्यक आयोग में कांग्रेस सरकार के समय महेंद्र छाबड़ा अध्यक्ष बनाए गए थे। उनका कार्यकाल बचा है। यह मामला हाईकोर्ट में भी गया था। ऐसे में नए अध्यक्ष का पदभार लटक गया था। लेकिन अब यह मामला सुलझ गया है। नए अध्यक्ष अमरजीत सिंह छाबड़ा के मुताबिक आपसी सहमति से कोर्ट के बाहर मामला सुलझा लिया गया है। इसलिए अब 22 मई को पदभार ग्रहण का कार्यक्रम रखा गया है। यह कार्यक्रम मेडिकल कॉलेज के सभागार में शाम को छह बजे होगा।




### यहां अब भी फंसा है पेंच

जिन आयोगों में अब भी पेंच फंसा हुआ है उसमें राज्य खाद आयोग के अध्यक्ष बनाए गए संदीप शर्मा ने कहा, पुराने अध्यक्ष का कार्यकाल अभी बचा है। जुलाई में पूरा होने पर ही जुलाई के अंत में या फिर अगस्त के पहले सप्ताह में पदभार ग्रहण होगा। राज्य केश शिल्पी कल्याण बोर्ड की अध्यक्ष मोना सेन ने कहा, अभी स्टे लगा हुआ है, इसलिए पदभार ग्रहण करने की तिथि तय नहीं है। समाज कल्याण बोर्ड को लेकर बताया जा रहा है कि इसकी नियुक्ति केंद्र से होती है। इसकी अध्यक्ष बनाई गई शालिनी राजपूत को अब तक नियुक्ति पत्र नहीं मिल सका है, इसलिए उनके पदभार की तिथि भी तय नहीं है। इसकी उपाध्यक्ष को भी नियुक्ति पत्र नहीं मिल सका है। छत्तीसगढ़ राज्य सहकारी दुग्ध महासंघ को भी केंद्र सरकार के नेशनल डेयरी बोर्ड के साथ मर्ज कर दिया गया है। दुग्ध महासंघ के अध्यक्ष बनाए गए केदार गुप्ता के पदभार की तिथि भी अभी तय नहीं सकी है। इसके लिए जब तक केंद्र सरकार से मंजूरी नहीं मिलेगी, अध्यक्ष का पदभार नहीं होगा।

### सिंगारपुर में हादसा

## आकाशीय बिजली की चपेट में आने से कृषक दंपति की मौत

हरिभूमि न्यूज ⏭ कवर्धा

रविवार की शाम जिले के कवर्धा थाना क्षेत्र के ग्राम सिंगारपुर में आकाशीय बिजली की चपेट में आने एक ग्रामीण कृषक दंपती की मौके पर ही दर्दनाक मौत हो गई।

प्राप्त जानकारी के अनुसार रविवार की शाम करीब 7 बजे अंचल का मौसम अचानक खराब हो गया। जिसके चलते आसमान में काले बादल छा गए और देखते ही देखते तेज गर्जना के साथ बेमौसम बारिश शुरू हो गई। बताया जाता है कि अचानक तेज गर्जना के साथ शुरू हुई बेमौसम बारिश को देखते हुए ग्राम सिंगारपुर निवासी हेमलाल पटेल आयु 32 वर्ष अपनी पत्नी चैती पटेल आयु 30 वर्ष के साथ अपने खेत में रखी प्याज को बारिश से बचाने के लिए घर से निकले और प्याज को तिरपाल से ढकने का प्रयास कर रहे थे। लेकिन इसी दौरान आसमान से भीषण गर्जना के साथ ऐसा बज्रपात हुआ की हेमलाल और चैती उसकी चपेट में आ गए और मौके पर ही उनकी मौत हो गई।



### महीनेभर में 6 की मौत

यहां बताना लाजिमी होगा कि अंचल का मौसम बीते कई दिनो भारी उत्पात मचा रहा है। देखा जाए तो इन दिनो आसमान से आफत ही बरस रही है। अगर मौसम साफ रहा तो तेज धूप और भीषण गर्मी से लोग हलाकान और परेशान नजर आते हैं और अगर मौसम बदला तथा इस बदले मौसम में बारिश होती है तो इस बेमौसम बारिश के साथ तेज आंधी तूफान तथा आकशीय बिजली लोगों के लिए जीवलेवा साबित हो रही है। एक जानकारी के मुताबिक बीते महिनेभर के भीतर की जिले में करीब आधा दर्जन लोगों की मौत आकाशीय बिजली के चलते हो चुकी है। ऐसे में बेहतर यही होगा कि लोगों को खराब मौसम के बीच घरों से ना निकलें।

### दसवीं के बाद मैथ्स-कॉमर्स से बच्चों की तौबा

## तीन दर्जन स्कूलों में शिक्षक होने के बाद भी बच्चे नहीं

### डीईओ बताएंगे सभी विषय से पढ़ाई के करियर ऑप्शन

हरिभूमि न्यूज ⏭ राजनांदगांव

दसवीं कक्षा की बोर्ड परीक्षा जैसी चुनौती को पार कर अब ग्यारहवीं पहुंचे बच्चों को आगे किस विषय का चयन करना है, किस विषय को चुनने से क्या करियर ऑप्शन मिलेंगे इसकी जानकारी स्वयं जिला शिक्षा अधिकारी देने वाले है। ब्लॉक वार काउंसलिंग शिविर आयोजित कर हाल ही में दसवीं पास करने वाले बच्चों को इसकी जानकारी दी जाएगी। यह इसलिए भी जरुरी हो गया है क्योंकि जिले में मैथ्स और कॉमर्स के पर्याप्त शिक्षक होने के बाद भी करीबन तीन दर्जन स्कूल ऐसी है जहां इन विषय को पढ़ने वाले एक भी विद्यार्थी नहीं है। जानकारी के अभाव में बच्चे इन विषयों का चयन नहीं कर रहे है। ऐसे में डीईओ के इस नए प्रयास को एक अच्छी पहल के रूप में भी देखा जा रहा है। उल्लेखनीय है कि प्रदेश सरकार से लेकर केंद्र सरकार तक गुणवत्तायुक्त निशुल्क शिक्षा उपलब्ध कराने की दिशा में काम कर रही है। सरकारी स्कूलों की हालत सुधारने के साथ ही शिक्षकों की कमी को दूर करने के लिए भी कदम उठाए जा रहे है। इसके साथ ही यह कोशिश की जा रही है कि शहर सहित अंदरुनी गांव तक बेहतर शिक्षा उपलब्ध कराई जा सके। जिले में अब भी ऐसे दर्जनों स्कूल है, जहां पर 11वीं जैसी कक्षा में पहुंचने के बाद भी बच्चे विषय चयन के मामले में भेड़ चाल का पालन कर रहे है। दोस्तों को देखकर बच्चे वहीं विषय चुन रहे है, जबकि उन विषयों से मिलने वाले करियर ऑप्शन के बारे में जानकारी ही नहीं ले रहे है। दसवीं पास करने वाले बच्चों को सभी विषय के बारे में बताने की तैयारी कर ली गई है।

अलग खबर




### 163 स्कूल में पढ़ते हैं 20 हजार छात्र- छात्राएं

विषय चयन का मामला इसलिए भी महत्वपूर्ण हो जाता है क्योकि हर साल जिले में 10 हजार से अधिक बच्चे 11वीं में अपने भविष्य को गढ़ने के लिए विषय का चयन करते है। मिली जानकारी के अनुसार जिले में 163 हायर एवं हाई सेकेंडरी स्कूल है, जिनमें 11वीं-12वीं में लगभग 22 हजार बच्चे है। आंकड़ो में देखे तो जिले की 20 सरकारी स्कूलों की 11वीं कक्षा में कॉमर्स और 38 में गणित के शिक्षक होने के बाद भी बच्चे नहीं है, जो कि गंभीर स्थिति है।

### आर्ट्स और व्यावसायिक विषय बना पहली पसंद

मिली जानकारी के अनुसार जिले में सर्वाधिक बच्चे दसवीं के बाद आर्ट्स विषय का चयन कर रहे है। वहीं पिछले कुछ सालों में व्यावसायिक विषय को चुनने वालों की संख्या में भी इजाफा हुआ है। लेकिन कॉमर्स और गणित के चयन करने वालों की संख्या में भारी गिरावट आई है। विषयों के कठिन होने के अलावा ग्रामीण इलाकों में जानकारी के अभाव में बच्चे गणित और कॉमर्स से दूरी बना रहे है।

### ब्लॉकवार जाएंगे डीईओ

मिली जानकारी के अनुसार हाल ही में 10वीं कक्षा पास करने वाले ऐसे विद्यार्थी जिन्होंने 60 फीसदी या इससे अधिक अंक प्राप्त किए है, उनकी ब्लॉकवार काउंसलिंग ली जाएगी। इसमें जिला शिक्षा अधिकारी प्रवास सिंह बघेल स्वयं जाकर बच्चों को सभी विषयों की अहमियत एवं उनके करियर ऑप्शन के बारे में जानकारी बताएंगे। बताया गया कि इस बुधवार से शनिवार के बीच यह काउंसलिंग कर ली जाएगी।

## प्रलोभन देकर धर्मांतरण का प्रयास करने वाला गिरफ्तार

**कवर्धा।** बीते रविवार को जिला मुख्यालय कवर्धा स्थित कैलाश नगर के एक मकान में बाहर से आए लोगों का धर्मांतरण कराए जाने के मामले में कवर्धा कोतवाली पुलिस



ने आरोपी जोस थॉमस, निवासी चर्च परिसर, कवर्धा के विरुद्ध बीएनएस और छत्तीसगढ़ धर्म स्वतंत्रता अधिनियम की प्रासंगिक धाराओं के अंतर्गत अपराध पंजीबद्ध कर गिरफ्तार कर लिया। गौरतलब है कि बीते रविवार को जिला मुख्यालय कवर्धा के कैलाश नगर स्थित एक मकान में एक धर्म विशेष द्वारा प्रार्थना सभा का आयोजन किया गया था जिसमें बड़ी संख्या में बाहरी लोग जुटे थे। जिसकी सूचना मिलने के बाद मौके पर पहुंचे हिन्दू संगठन के लोगों का प्रार्थना सभा के आयोजकों से वाद विवाद भी हुआ था। थाना पाण्डातराई क्षेत्र अंतर्गत ग्राम कारीमाटी निवासी एक व्यक्ति द्वारा थाना कवर्धा में प्रस्तुत जानकारी दी थी कि चर्च परिसर में संचालित एक निजी विद्यालय के पदाधिकारी द्वारा बीमारी ठीक करने, आर्थिक सहायता देने तथा जीवन में सुधार लाने जैसे प्रलोभनों के माध्यम से धर्मांतरण का प्रयास किया गया।

### जांजगीर में छगा प्रभारी सचिन के साथ जुटे दिग्गज नेता

## कांग्रेस की संविधान बचाओ रैली का आगाज

हरिभूमि न्यूज ⏭ जांजगीर-चांपा

कांग्रेस पार्टी द्वारा संविधान बचाओ रैली का आगाज जांजगीर चांपा जिले से किया गया। सोमवार 19 मई को मेजर ध्यानचंद हॉकी मैदान में संविधान बचाओ रैली का शुभारंभ करते हुए अखिल भारतीय कांग्रेस कमेटी के सचिव एवं छत्तीसगढ़ प्रभारी पूर्व केन्द्रीय मंत्री सचिन पायलट ने कहा कि भारत का संविधान कोई कागज का टुकड़ा या सिर्फ एक किताब नहीं है। यह दुनिया का सबसे बड़ा लोकतांत्रिक देश का संविधान है, जो यहां के आम नागरिकों को सुरक्षा के साथ उनका अधिकार देता है, लेकिन वर्तमान में जो हालात बने है, उससे सबसे बड़े लोकतांत्रिक देश का संविधान खतरे में



है। पिछले एक दशक से देश की संवैधानिक संस्थाओं को कमजोर करने का काम हो रहा है। इसके विरूद्ध कांग्रेस पार्टी द्वारा संविधान बचाओ रैली का आगाज किया जा रहा है। सभी को जागरूक होना पड़ेगा। उन्होंने कहा कि आज देश का संविधान खतरे में है। पिछले एक दशक से इन संवैधानिक संस्थाओं को कमजोर किया जा रहा है। पहलगाम हमले और इस पर विपक्ष का समर्थन होने के बावजूद सरकार की कार्रवाई पर कई सवाल खड़े किए।

### विपक्ष पर किया जा रहा प्रहार: महंत

पूर्व मुख्यमंत्री भूपेश बघेल ने केन्द्र व राज्य सरकार पर निशाना साधते हुए कहा कि डबल इंजन की सरकार अनुसूचित जाति, जनजाति और महिलाओं के अधिकारों का हनन कर रही है। प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष दीपक बैज ने कहा कि केन्द्र व राज्य सरकार दमनकारी नीति पर उतर आई है। नेता प्रतिपक्ष डॉ. चरणदास महंत ने कहा कि आज विपक्ष के नेताओं पर चुन चुनकर प्रहार किया जा रहा है। सभा को पूर्व उपमुख्यमंत्री टी.एस. सिंहदेव, पूर्व मंत्री शिव कुमार डहरिया, जयसिंह अग्रवाल ने भी संबोधित किया।

### हाईकोर्ट का महत्वपूर्ण फैसला, स्त्रीधन विवाहित महिला की संपत्ति

## दो माह के अंदर 28 तोला सोना एवं 10 हजार पति दे जुर्माना

हरिभूमि न्यूज ⏭ बिलासपुर

जस्टिस नरेन्द्र कुमार व्यास ने स्त्रीधन वापस नहीं देने के मामले में महत्वपूर्ण निर्णय पारित किया है। कोर्ट ने कहा है कि स्त्रीधन विवाहित महिला की संपत्ति है और वह अपनी इच्छा अनुसार इसका उपयोग कर सकती है। भले ही वह धन पति व ससुराल वालों के पास रहता हो। हाईकोर्ट ने पत्नी की अपील पर सुनवाई करते हुए पति को धारा 405 को दोषी मानते हुए दो माह के अंदर 28 तोला सोना एवं 10 हजार रुपए जुर्माना देने का निर्देश दिया है। कोर्ट के आदेश का पालन नहीं करने पर आरोपी को तीन माह का साधारण कारावास भुगतना होगा।



अपीलकर्ता श्रीमती कविता मूर्ति की 3 नवंबर 1995 को भिलाई निवासी वेंकटरमन मूर्ति के साथ कुंदन पैलेस रायपुर में विवाह हुआ था। शादी के बाद वह ससुराल में रहने लगी। कुछ दिनों बाद पति और अन्य लोग उसे यातना देकर प्रताड़ित करने लगे। पत्नी के पास उसे छोड़ने के अलावा कोई विकल्प नहीं होने के कारण 19 मार्च 1996 की मध्य रात्रि घर छोड़कर चली गई। मानसिक पीड़ा की अवस्था में उसने स्त्रीधन आभूषण सोना, चांदी अन्य वस्तु छोड़ दी थी। इसके बाद पीड़िता ने रायपुर आकर पति के खिलाफ शिकायत दर्ज कराई। पति के खिलाफ भारतीय दंड संहिता की धारा 498-ए के तहत अपराध करने का आरोप तथा दहेज प्रतिषेध अधिनियम की धारा 3 व 4 के तहत महिला थाना में रिपोर्ट लिखाई। पुलिस ने प्रकरण दर्ज किया।

7 दिसंबर 1997 को पति ने पत्नी को एक कानूनी नोटिस भेजा। दूसरी ओर अपीलकर्ता पत्नी ने पति को 30 मई 1998 को नोटिस भेजकर स्त्रीधन वापस करने की मांग की। इसमें स्त्रीधन की सूची महिला थाना रायपुर में पेश की गई। पीड़िता पत्नी ने धारा 200 के तहत न्यायालय में परिवाद पेश किया। न्यायिक मजिस्ट्रेट रायपुर ने दोनों पक्षों को सुनने के बाद आरोपी पति को दोषमुक्त कर दिया। इसके खिलाफ पत्नी कविता ने हाईकोर्ट में अपील पेश की। याचिका में कहा गया कि ट्रायल कोर्ट ने इस बात को नजरअंदाज कर दिया है कि स्त्रीधन विवाहित महिला की संपत्ति और वह अपने अनुसार इसका उपयोग कर सकती है।

### आम लोगों को साफ पेयजल कब मिलेगा

हाईकोर्ट ने पाइप लाइन में लीकेज होने से शहर के कई वार्डों में दूषित पानी पहुंचने की खबर पर संज्ञान लिया है। नगर निगम बिलासपुर आयुक्त के शपथपत्र पर कोर्ट ने संतोष जाहिर कर इसे स्वीकार कर लिया। दूसरी ओर खैरागढ़ में बदबूदार गंदे पानी की सप्लाई होने के समाचार पर संज्ञान लेते हुए सीमओ नगर पालिका खैरागढ़ से शपथपत्र पर जवाब तलब किया गया है। हाईकोर्ट ने कड़ाई से पूछा है कि आम लोगों को साफ पेयजल कब मिलेगा। हर जगह एक जैसी शिकायत मिल रही है। पाइप लाइन में लीकेज होने से बिलासपुर के कई वार्डों में दूषित पानी पहुंच रहा है, इसे पीने से लोग बीमार पड़ रहे हैं। बड़ी संख्या में लोगों ने डायरिया होने की शिकायत की है। अस्पतालों में ऐसे मरीजों की संख्या दिनों दिन बढ़ती जा रही है।

रायपुर
मंगलवार, 20 मई 2025
ज्येष्ठ कृष्ण पक्ष अष्टमी
वर्ष : 23, अंक : 302
पृष्ठ : 12+4+4+8 = 28 मूल्य : 5.00**

मौसम
अधि. 40.6
न्यून. 28.2

# हरिभूमि

छत्तीसगढ़, मध्यप्रदेश, हरियाणा व दिल्ली से एक साथ प्रकाशित

समाचार ही नहीं, विचार भी

haribhoomi.com

## देशी की मांग और खपत अंग्रेजी से है अधिक

# पीने वालों की मौज कराएगा शमशेरा, देशी शराब की सप्लाई बढ़ाने अब एक और बॉटलिंग लाइसेंस

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

खास खबर

छत्तीसगढ़ में पीने-पिलाने के शौकीनों के लिए ये खबर काम की है। राज्य में देशी शराब पीने वालों की मौज होने वाली है। दरअसलए राज्य में देशी शराब की मांग सप्लाई के मुकाबले अधिक है, इसे देखते हुए देशी शराब बॉटलिंग का एक और लाइसेंस जारी किया गया है। खास बात ये है कि अब शमशेरा ब्रांड नेम से देशी शराब का एक नया ब्रांड जल्द ही बिकने के लिए तैयार होगा। राज्य आबकारी विभाग के उच्च पदस्थ सूत्रों के अनुसार छत्तीसगढ़ में अब ▶▶|शेष पेज 7 पर

बीयर बनाने वाली कंपनी अब उपलब्ध कराएगी देशी शराब



### सालभर में पी गए पौने पांच लाख लीटर से अधिक

*आबकारी विभाग के सूत्रों की मानें तो राज्य में सबसे अधिक देशी शराब की मांग और खपत है। पीने-पिलाने के शौकीन बड़ी-बड़ी कंपनियों के महंगे ब्रांड की जगह देशी को पसंद करते हैं। छत्तीसगढ़ में देशी शराब की बिक्री के आंकडे देखने से ये बात साफ होती है। राज्य में पिछले साल 1 जनवरी से 31 दिसंबर 2024 की स्थिति में 467.02 प्रूफ लीटर देशी शराब बिकी है। एक प्रूफ लीटर का मतलब 100 लीटर होता है। यानी देशी पीने वाले साल भर में पौने पांच लाख लीटर से अधिक शराब पी गए। हाल के वर्षों में किए गए सर्वेक्षणों और समाचारों के अनुसार, छत्तीसगढ़ भारत के उन राज्यों में शुमार है, जहां शराब की खपत सबसे अधिक है। केंद्र सरकार और विभिन्न स्वतंत्र एजेंसियों द्वारा किए गए सर्वेक्षणों ने इस बात की पुष्टि की है कि राज्य की एक बड़ी आबादी शराब का सेवन करती है, जिसमें देशी शराब का हिस्सा प्रमुख है।*



### ब्रांडेड देशी ही नहीं हाथ भट्ठी की भी पीते हैं

छत्तीसगढ़ में केवल ब्रांडेड देशी, अंग्रेजी, विदेशी शराब ही नहीं बल्कि घर में बनाई गई हाथ भट्ठी की शराब पीने का प्रचलन है और बाकायदा इसके उपयोग की अनुमति भी सरकार देती है। राज्य में अनुसूचित जनजाति (आदिवासी) समुदाय के लोगों को विनिर्मित देशी शराब मदिरा राखने की प्रति परिवार लिमिट 5 लीटर है। सामाजिक धार्मिक उत्सवों पर शराब के उपयोग की लिमिट तय है। इसी तरह एससी-एसटी वर्ग के लिए धार्मिक उत्सवों पर चावल या ज्वार से निर्मित लांदा एवं हंडिया तथा महुआ से निर्मित हाथ भट्ठी शराब पांच लीटर तक बनाकर रख सकते हैं। इसके परिवहन के लिए पास की जरूरत इन्हें नहीं होती है।

inh 24x7
छत्तीसगढ़ एवं मध्यप्रदेश का सर्वाधिक लोकप्रिय चैनल देखें
TATA PLAY चैनल नं. 1155
airtel चैनल नं. 366

INDIAN PREMIER LEAGUE स्कोर बोर्ड

लखनऊ 205/7 Vs हैदराबाद 206/4

6 विकेट से जीता हैदराबाद

59 रन : अभिषेक शर्मा
प्लेयर ऑफ द मैच

आज का मैच
चेन्नई Vs राजस्थान
समय : शाम 7.30 बजे

## खबर संक्षेप

### पीएम मोदी 29 को करेंगे सिक्किम का दौरा



**गंगटोक।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के 29 मई को सिक्किम की स्थापना के 50 वर्ष पूरे होने के उपलक्ष्य में आयोजित समारोह में भाग लेने के लिए राज्य का दौरा करने की संभावना है। मुख्यमंत्री प्रेम सिंह तमांग ने यह जानकारी दी। प्रस्तावित यात्रा के बारे में प्रधानमंत्री कार्यालय से अंतिम पुष्टि अभी नहीं मिली है, लेकिन अन्य सभी औपचारिकताएं पूरी की जा चुकी हैं।

### कार और ट्रक की टक्कर में चार की मौत



**गढ़चिरौली।** महाराष्ट्र के गढ़चिरौली जिले में एक राजमार्ग पर एक कार के ट्रक से टकरा जाने के कारण उसपर सवार चार लोगों की मौत हो गई। यहां एक अधिकारी ने बताया कि यह दुर्घटना रविवार दोपहर को चारमोशी राजमार्ग पर हुई। पीड़ित चारमोशी से आष्टी जा रहे थे, तभी 'यू-टर्न' लेते समय उनकी कार एक ट्रक से टकरा गई।

### समलैंगिक युवकों को जाल में फंसाकर लूटा, चार गिरफ्तार



**नोएडा।** दादरी पुलिस ने समलैंगिक लोगों संबंधी एक ऐप के माध्यम से दोस्ती करके युवकों के साथ शारीरिक संबंध बनाकर उन्हें लूटने के आरोप में चार लोगों को सोमवार को गिरफ्तार किया। दादरी थाना पुलिस ने एक सूचना के आधार पर चार आरोपियों दक्ष, भूपेंद्र, जे राघव और हनी को गिरफ्तार किया।

### कार पलटने से दादी-पोती की मौत, चार घायल




**मुजफ्फरनगर।** पड़ोसी शामली जिले के कैराना थाना इलाके में एक कार के डिवाइडर से टकराने के बाद पलट जाने से एक बुजुर्ग महिला और उसकी तीन वर्षीय पोती की मौत हो गई, जबकि परिवार के चार अन्य सदस्य घायल हो गए। यह दुर्घटना रविवार रात कैराना थाना क्षेत्र के मावी गांव के पास पानीपत-खटीमा राजमार्ग पर हुई।

## विदेश सचिव विक्रम मिसरी ने संसदीय समिति को दी जानकारी, ट्रंप का दावा खारिज

# भारत और पाकिस्तान संघर्ष के दौरान नहीं दिखा परमाणु हमले का सिग्नल

हरिभूमि न्यूज ▶▶| नई दिल्ली

**विदेश सचिव विक्रम मिसरी ने सोमवार को संसदीय समिति को ऑपरेशन सिंदूर को लेकर ब्रीफिंग दी। मिसरी ने कहा कि भारत और पाकिस्तान के बीच हाल ही में खत्म हुआ संघर्ष पारंपरिक तरीके तक ही सीमित रहा। पड़ोसी देश की ओर से परमाणु हमले के कोई संकेत नहीं दिए गए थे। मिस्री ने भारत-पाकिस्तान संघर्ष रोकने में अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप द्वारा गए दावों को भी खारिज किया है।**

विदेश सचिव विक्रम मिसरी ने संसदीय समिति के समक्ष ब्योरा साझा किया। यह बैठक भारतीय सशस्त्र बलों द्वारा पहलगाम हमले का बदला लेने के लिए 'ऑपरेशन सिंदूर' शुरू किए जाने और उसके बाद दोनों देशों के बीच हुए सैन्य संघर्ष की पृष्ठभूमि में हुई। विदेश मंत्रालय ने कांग्रेस सांसद शशि थरूर की अध्यक्षता वाली विदेश मामलों की स्थायी समिति के समक्ष एक प्रस्तुति में कहा कि पहलगाम आतंकी हमले की प्रारंभिक जांच में आतंकवादियों के पाकिस्तान में बैठे उनके आकाओं के साथ 'संपर्क सूत्र' का पता चला है। मंत्रालय ने कहा कि आतंकवाद के पनाहगाह के रूप में पाकिस्तान का 'ट्रैक रिकॉर्ड' अच्छी तरह से स्थापित है, जो ठोस तथ्यों और सबूतों पर आधारित है। विदेश मंत्रालय ने कहा कि पाकिस्तान अपनी धरती पर कुछ व्यक्तियों की हत्याओं के लिए भारत को दोषी ठहराता है, जबकि उसके आरोपों में कोई तथ्य या सबूत नहीं है। मंत्रालय ने कहा कि पाकिस्तान का उद्देश्य दोनों देशों के बीच गलत तुलना करना है। विदेश मंत्रालय ने कहा कि संयुक्त राष्ट्र द्वारा घोषित आतंकवादी पाकिस्तान में खुलेआम घूमते हैं और भारत के खिलाफ हिंसा भड़काते रहते हैं।

■ कहा-भारत-पाक सैन्य संघर्ष हमेशा पारंपरिक दायरे में रहा

### चीनी हथियारों पर क्या बोले?

विदेश सचिव ने इस दौरान यह भी कहा कि हमले के दौरान पाकिस्तान ने चीनी हथियारों का इस्तेमाल किया या नहीं किया यह महत्वपूर्ण नहीं है। इससे ज्यादा अहम यह है कि सशस्त्र बलों ने भारत के सैन्य ठिकानों और नागरिक क्षेत्रों को निशाना बनाने की पाकिस्तान की कोशिशों का करारा जवाब दिया है।

### ये रहे मौजूद

कांग्रेस सांसद शशि थरूर की अध्यक्षता में विदेश मामलों पर संसद की स्थायी समिति की बैठक तीन घंटे चली। इसमें तृणमूल कांग्रेस के अभिषेक बनर्जी, कांग्रेस के राजीव शुक्ला और दीपेंद्र हुड्डा, एआईएमआईएम प्रमुख असदुद्दीन ओवैसी और भाजपा की अपराजिता सारंगी एवं अरुण गोविल समेत 24 सांसदों ने भाग लिया।



### दोनों देशों के बीच हुई थी सीधी बात

विदेश सचिव विक्रम मिस्री ने सोमवार को संसदीय पैनल को ऑपरेशन सिंदूर पर जानकारी देते हुए दोहराया कि संघर्ष विराम पर पहुंचने का निर्णय द्विपक्षीय स्तर पर लिया गया था। उन्होंने बताया कि दोनों देशों के बीच डीजीएमओ स्तर पर हुई बातचीत के बाद 10 मई को सभी सैन्य कार्रवाइयों को रोकने पर सहमति बनी थी।

### किराना हिल्स को लेकर भी भारत ने दिया है जवाब

इससे पहले भारत ने किराना हिल्स में परमाणु सुविधाओं पर हमला करने की रिपोर्टस को भी खारिज कर दिया था। एयर मार्शल ए.के. भारती ने एक प्रेस कॉन्फ्रेंस के दौरान पुष्टि की थी कि भारतीय सशस्त्र बलों ने किराना हिल्स में परमाणु सुविधाओं को निशाना नहीं बनाया।

## एनआईए हिरासत में ज्योति



पाकिस्तान के लिए जासूसी के गंभीर आरोप में गिरफ्तार यूट्यूबर ज्योति मल्होत्रा को राष्ट्रीय जांच एजेंसी ने हिरासत में ले लिया है। एनआईए की टीम सोमवार को ज्योति से पूछताछ करने के लिए हिसार पहुंची थी, जिसके बाद उसे हिरासत में लेकर चंडीगढ़ ले जाया गया। अब एनआईए द्वारा ज्योति से उसके संभावित टेरर लिंक को लेकर गहन पूछताछ की जाएगी। इस मामले में जम्मू इंटेलिजेंस भी यूट्यूबर से पूछताछ करेगी।

### अब तक 12 जासूस गिरफ्तार

पाकिस्तान के लिए जासूसी करने के आरोप में पंजाब, हरियाणा और उत्तर प्रदेश से पिछले दो सप्ताह में एक यूट्यूबर समेत कम से कम 12 लोगों को पकड़ा गया है। जांच में ये सामने आया है कि वे उत्तर भारत में सक्रिय पड़ोसी देश से जुड़े जासूसी नेटवर्क का हिस्सा थे।

डीएमएफ घोटाले से जुड़ा मामला

## एसीबी ने कारोबारी अशोक के निवास पर मारा छापा



हरिभूमि न्यूज ▶▶| अंबिकापुर

एंटी करप्शन ब्यूरो की टीम ने सोमवार को सरगुजा में बड़ी कार्रवाई की। डीएमएफ घोटाले को लेकर एसीबी की टीम ने शहर के बड़े कारोबारी अशोक अग्रवाल के घर छापा मारा।

बता दें कि सोमवार को एमजी रोड राम निवास कालोनी निवासी कारोबारी अशोक अग्रवाल के निवास पर एंटी करप्शन ब्यूरो की टीम ने दबिश दी थी। टीम में शामिल रायपुर और सरगुजा के अधिकारियों ने सुबह से लेकर देर शाम तक व्यवसायी से पूछताछ करने के साथ ही दस्तावेज खंगाले।

यह कार्रवाई डीएमएफ घोटाले को लेकर बताई जा रही है। लगभग आठ घंटे तक चली कार्रवाई के बाद देर शाम टीम वापस लौट गई। सूत्रों के अनुसार व्यवसायी अशोक अग्रवाल के घर से एसीबी ने करोड़ो रूपए की जमीन से जुड़े दस्तावेज जब्त किए है। हालांकी इस संबंध में अधिकारियों की ओर से कोई आधिकारिक जानकारी सामने नहीं आई है। इन जमीनों की खरीदी पिछली सरकार के कार्यकाल में की गई थी। वहीं व्यवसायी के घर इसके ▶▶|शेष पेज 7 पर

■ करोड़ों की जमीन के दस्तावेज जब्त होने की बात आई सामने

### तीन दिन में दूसरी बड़ी कार्रवाई

बता दें कि एंटी करप्शन ब्यूरो की तीन दिन में यह दूसरी बड़ी कार्रवाई है। इसके पहले टीम ने शहर के धजाराम अशोक कुमार अग्रवाल के निवास पर छापा मारा था। इस दौरान टीम ने व्यवसायी के घर से डीएमएफ घोटाले से जुड़े ठेके के दस्तावेज और 19 लाख रूपए जब्त किया था। एंटी करप्शन ब्यूरो की इस कार्रवाई से शहर में हडकंप मच गया है।

ऑटो लॉक सिस्टम से नहीं आ पाए बाहर

## खेल-खेल में कार में बंद हो गए चार मासूम, दम घुटने से सभी की मौत

एजेंसी ▶▶| द्वारापुदी

आंध्र प्रदेश के विजयनगरम जिले में एक कार के अंदर बंद हो जाने के कारण दम घुटने से चार बच्चों की मौत हो गई। पुलिस ने बताया कि घर के बाहर खेल रहे बच्चे वहां मौजूद एक कार में रविवार दोपहर करीब 12 बजे घुसे थे।

पुलिस के अधिकारी ने बताया, वे बाहर नहीं निकल पाए, क्योंकि बच्चों के अंदर प्रवेश करने के बाद कार के दरवाजे अपने आप बंद हो गए थे। उन्होंने बताया, "ऐसा लगता है कि बच्चों के कार में घुसने के बाद वाहन का 'ऑटो-लॉक सिस्टम' चालू हो जाने के कारण वे अंदर फंस गए।अधिकारी ने बताया कि शव छह घंटे बाद रविवार शाम छह बजे बरामद किए गए। पुलिस ने बताया कि वहां से गुजर रही एक महिला ने कार के शीशे में कथित तौर पर ▶▶|शेष पेज 7 पर

### मृतकों में सगे भाई-बहन

बच्चों के शव उनके परिजनों को सौंप दिए गए और बाद में उनका अंतिम संस्कार कर दिया गया। पुलिस ने बताया कि चार बच्चों में दो सगे भाई-बहन थे, जबकि अन्य बच्चे अलग-अलग परिवारों से थे।



### कार जब्त होगी जांच

पुलिस ने बताया कि विशाखापत्तनम में अपने भाई की शादी में शामिल होने के बाद गांव लौटे कार के मालिक ने दो दिन पहले एक संकरी गली में कार पार्क की थी। पुलिस के मुताबिक, वाहन को जब्त कर लिया गया और तकनीकी मूल्यांकन के लिए इसे कार निर्माता के पास भेजा जाएगा। भारतीय न्याय संहिता (बीएनएस) की धारा 304 (ए) के तहत मामला दर्ज किया गया है।

ट्रंप-हैरिस ने स्वस्थ होने की कामना की

## पूर्व राष्ट्रपति बाइडन प्रोस्टेट कैंसर से पीड़ित

**वाशिंगटन।** अमेरिका के पूर्व राष्ट्रपति जो बाइडन 'प्रोस्टेट कैंसर' से पीड़ित हैं। बाइडन के कार्यालय ने बताया कि 82 वर्षीय पूर्व राष्ट्रपति की मूत्राशय संबंधी परेशानियों के कारण जांच की गई जिसमें चिकित्सकों को उनके 'प्रोस्टेट' में एक गांठ का पता चला। राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने सोशल मीडिया पर कहा कि वह इस खबर से दुखी हैं। कमला हैरिस ने लिखा, मुझे पता है कि डटकर इस चुनौती का भी मुकाबला करेंगे।



### पीएम मोदी ने भी जताई चिंता

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने अमेरिका के पूर्व राष्ट्रपति जो बाइडन के जल्द और पूरी तरह से स्वस्थ होने की कामना की। बाइडन के 'प्रोस्टेट कैंसर' से पीड़ित होने की पुष्टि हुई है।

## मंत्री का एक और बेटा घोटाले में गिरफ्तार

**दाहोद।** गुजरात के मंत्री बच्चूभाई खाबड़ के बेटे किरण को 71 करोड़ रुपए के मनरेगा घोटाले के सिलसिले में पुलिस ने गिरफ्तार किया है। पुलिस अधिकारी ने बताया कि इस मामले में किरण के बड़े भाई बलवंत को भी गिरफ्तार किया गया है। पुलिस उपाधीक्षक और मामले के जांच अधिकारी जगदीशसिंह भंडारी ने सोमवार को बताया कि किरण के साथ तीन और लोगों को गिरफ्तार किया गया है, और इसके साथ ही मामले में गिरफ्तार किये गए लोगों की कुल संख्या 11 हो गई है। पूर्व में गिरफ्तार किये गए सात लोगों में मंत्री का बड़ा बेटा बलवंत भी शामिल है।




केंद्र सरकार ने राज्यों को दी एक माह की मोहलत

# बांग्लादेशी घुसपैठियों को खोजें, 30 दिन में निकालें बाहर

हरिभूमि न्यूज ▶▶| नई दिल्ली

केंद्रीय गृह मंत्रालय ने बांग्लादेश और म्यांमार से आए उन संदिग्ध अवैध प्रवासियों की पहचान और उनके दस्तावेजों की जांच के लिए राज्यों और केंद्र शासित प्रदेशों को 30 दिन की समय सीमा दी है, जो स्वयं को भारतीय नागरिक बताते हैं। मंत्रालय के निर्देशों के अनुसार, यदि 30 दिनों के भीतर उनके दस्तावेजों की पुष्टि नहीं होती, तो उन्हें देश से निर्वासित कर दिया जाएगा।

इस महीने जारी किए गए निर्देशों में गृह मंत्रालय ने राज्यों और केंद्र शासित प्रदेशों को अपने वैधानिक अधिकारों का उपयोग करके अवैध प्रवासियों की पहचान, जांच और निर्वासन की प्रक्रिया शुरू करने को कहा है। साथ ही, मंत्रालय ने ▶▶|शेष पेज 7 पर



### सीमा सुरक्षा बल और असम राइफल्स को निर्देश

गृह मंत्रालय ने बांग्लादेश और म्यांमार से लगने वाली भारतीय सीमाओं की सुरक्षा करने वाले सीमा सुरक्षा बल (बीएसएफ) और असम राइफल्स के महानिदेशकों को भी ये निर्देश जारी किए हैं। एक वरिष्ठ अधिकारी ने बताया कि पहले अवैध प्रवासियों को वापस भेजने के लिए कोई निश्चित समय सीमा नहीं थी, जिसके कारण कई बार दूसरे राज्यों से सत्यापन रिपोर्ट प्राप्त करने में महीनों लग जाते थे। नए निर्देशों के साथ इस प्रक्रिया को तेज और सुव्यवस्थित करने का प्रयास किया गया है।

### राज्यों में कार्रवाई शुरू

*गृह मंत्रालय के निर्देशों के बाद कई राज्यों ने अवैध प्रवासियों की पहचान और हिरासत की प्रक्रिया शुरू कर दी है। गुजरात में सूरत और अहमदाबाद में तलाशी अभियान चलाए गए, जिसमें लगभग 6,500 संदिग्ध प्रवासियों को हिरासत में लिया गया। राजस्थान ने भी हाल ही में 148 अवैध बांग्लादेशी प्रवासियों को विशेष विमान से पश्चिम बंगाल भेजा, जहां से उन्हें उनके मूल देश वापस भेजने की प्रक्रिया शुरू की जाएगी।*

### इधर, सुप्रीम कोर्ट ने कहा-भारत कोई धर्मशाला नहीं

सुप्रीम कोर्ट ने सोमवार को शरणार्थियों को लेकर अहम टिप्पणी की। शीर्ष अदालत ने एक मामले की सुनवाई के दौरान कहा कि भारत कोई धर्मशाला नहीं है, दुनिया भर से आए शरणार्थियों को भारत में शरण क्यों दें? हम 140 करोड़ लोगों के साथ संघर्ष कर रहे हैं। हम हर जगह से आए शरणार्थियों को शरण नहीं दे सकते। सुप्रीम कोर्ट में जस्टिस दीपांकर दत्ता ने श्रीलंका से आए तमिल शरणार्थी को हिरासत में लिए जाने के मामले में हस्तक्षेप करने से इनकार करते हुए यह बात कही। शीर्ष अदालत में श्रीलंका के एक नागरिक की हिरासत के खिलाफ याचिका दाखिल की गई थी, लेकिन कोर्ट ने याचिका पर दखल देने से इनकार कर दिया।



# सालों पहले बना था सुरंगों का जाल, जिसे बनाते-बनाते मर गए 5 हजार मजदूर, आज भी है अनसुलझा

**वारसॉ।** सुरंगें तरक्की के लिए बनाई जाती हैं। वे कठिन भूभाग से रास्ता निकालने का जरिया हुआ करती हैं। पर पुराने जमाने में इन्हें गुप्त रूप से बच कर निकलने या फिर किसी गोपनीय जगह पर जाने के लिए बनाया जाता था। इसीलिए, सुंरगों को अक्सर रहस्यों से जोड़ा जाने लगता है। पर कुछ सुरंगों के साथ बहुत सी कहानियां जुड़ जाती हैं। पोलैंड की उल्लू पहाड़ियों में रीज़े की सुरंगें कुछ ऐसी ही हैं। आज, ये सुरंगें दक्षिण-पश्चिम पोलैंड में एक पर्यटन स्थल बन चुकी हैं, लेकिन इनका असली मकसद क्या है, यह 8 दशक गुजरने के बाद आज भी रहस्य ही है।



### वो सोने की ट्रेन की कहानी

रीज़े क साथ कई कहानियां जुड़ी हैं। जिनमें सबसे प्रसिद्ध है 'नाज़ी गोल्ड ट्रेन'की कहानी. लाज़ानोव्स्की के अनुसार, यह कहानी एक पोलिश व्यक्ति से शुरू हुई, जिसे युद्ध के बाद जर्मनों ने एक ट्रेन के बारे में बताया था। उसमें आसपास के गांवों से लूटा गया कीमती सामान था। सोवियत सेना से बचने के लिए आखिर में ट्रेन सुरंगों में छिपा दी गई थी। यह व्यक्ति इस कहानी से इतना जुनूनी हो गया कि वह ट्रेनों में सुरंगों की सैर करता रहा, लेकिन ट्रेन कभी नहीं मिली।



### एम्बर रूम एक अनमोल खज़ाना

इसके अलावा एक कहानी और है, जो एम्बर रूम से जुड़ी है। इसे दुनिया का आठवां आश्चर्य कहा जाता है। यह रूस का एक अनमोल खजाना था, जिसे नाज़ियों ने सेंट पीटर्सबर्ग के पास से लूट लिया था। कुछ का मानना है कि इसे रीज़े की सुरंगों में छिपाया गया। इन दावों का कभी कोई ठोस सबूत नहीं मिला।

### मजदूरों ने बहुत खतरनाक हालात में किया था काम

रीज़े का निर्माण ग्रॉस-रोसेन शिविर के कैदियों, मुख्य रूप से यहूदियों, पोलैंडावसी, और युद्धबंदियों ने किया था। इन मजदूरों ने बहुत खतरनाक हालात में काम किया था, जिसके कारण बीमारी, कुपोषण, आदि से हजारों की मौत हो गई। लाज़ानोव्स्की का कहना है कि यह जगह ना केवल नाज़ी इंजीनियरिंग का नमूना है, बल्कि उन लोगों की दुखद याद भी है, जिन्होंने इसे बनाया।

## रोचक खबरें



### तुर्की की वो रहस्यमयी जगह, जहां जाने वाला कभी लौटकर नहीं आया!

**नई दिल्ली।** पाकिस्तान को खुलेआम सपोर्ट करना तुर्किए के लिए काफी महंगा साबित हुआ है। भारत में 'बायकॉट तुर्की' अभियान तेज हो गई है, जिसका असर भी दिखने लगा है। वैसे यह इस्लामिक देश कई और कारणों से भी अक्सर चर्चा में रहा है। इन्हीं में से एक है तुर्किये के हेरापोलिस में स्थित एक प्राचीन मंदिर जिसे 'नरक का भी कहा जाता है। इस मंदिर के बारे में कहा जाता है कि यहां जो कोई भी गया, वो लौटकर नहीं आया! कहते हैं कि इस मंदिर के संपर्क में आते ही इंसान तो क्या पशु-पक्षियों की भी मौत हो जाती है। रहस्यमय मौतों के बाद से इसे 'प्लूटो का मंदिर' यानि 'मौत के देवता' का मंदिर कहा जाने लगा। बता दें कि ग्रीक और रोमन काल में लोग इसे यूनानी देवता की जहरीली सांस का प्रकोप मानते थे। हालांकि, आधुनिक विज्ञान ने इस रहस्य से पर्दा उठा दिया है। वैज्ञानिकों के अनुसार, मंदिर के नीचे से जहरीली कार्बन डाई ऑक्साइड गैस रिसकर निकलती है, जिसकी वजह से मौत हो जाती है। उन्होंने बताया कि गुफा के भीतर जहरीली गैसों की मात्रा 91 फीसदी है। जबकि, 10 प्रतिशक कार्बन डाई ऑक्साइड किसी भी इंसान की जान लेने के लिए काफी है।

### घर के बगीचे में प्रैक्टिस, दुनिया का सबसे ताकतवर मर्द बनने की चाह!

**लंदन।** दुनिया में खुद को ताकतवर साबित करने के लिए कुछ प्रतियोगिताओं को जीतना जरूरी होता है। इसके लिए बहुत कसरत और प्रैक्टिस करनी पड़ती है। जाहिर है, इसके लिए जिम जाना जरूरी माना जाता है। पर एक शख्स ने साबित किया है कि जिम जाना जरूरी नहीं है। यूके के सबसे ताकतवर पुरुष की प्रतियोगिता में पिछले कुछ सालों में शीर्ष 10 में जगह बनाने वाले एंड्रयू फ्लिन ने विश्व के सबसे ताकतवर पुरुष प्रतियोगिता के लिए क्वालिफाई किया है। खास बात ये है कि वे नियमित जिम नहीं जाकर घर के बगीचे में ही प्रैक्टिस करते हैं। ब्रिटिश स्ट्रॉन्गमैन और पावरलिफ्टर एंड्रयू फ्लिन 2025 में विश्व के सबसे ताकतवर पुरुष प्रतियोगिता में अपनी पहली धमाकेदार शुरुआत कर रहे हैं। वे सैक्रामेंटो, कैलिफोर्निया में 15 मई से शुरू हुए इस प्रतियोगिता के क्वालिफाइंग राउंड में अपनी ताकत और जज्बे का प्रदर्शन करेंगे. उन्होंने 2021 में राष्ट्रीय स्तर पर प्रतिस्पर्धा शुरू की, जब उन्होंने यूके के सबसे ताकतवर पुरुष में सातवां स्थान हासिल किया. इसके बाद, 2023 में चौथा, 2024 और 2025 में तीसरा स्थान प्राप्त कर विश्व के सबसे ताकतवर पुरुष प्रतियोगिता के लिए क्वालिफाई किया। 33 वर्षीय फ्लिन को स्ट्रॉन्गमैन समुदाय में 'फ्लाइंग फ्लिन' के नाम से जाना जाता है। उन्होंने अपने दृढ़ संकल्प और अनोखे प्रशिक्षण से इस मुकाम को हासिल किया है। उनका जन्म 12 अप्रैल 1992 को हुआ था. 6 फीट 2 इंच लंबे और 138-142 किलोग्राम वजन वाले फ्लिन वर्तमान में पीसहेवन में रहते हैं।




### कब और कहां हुई थी दुनिया की सबसे महंगी पार्टी? पहुंचे थे 65 देशों से मेहमान

**तेहरान।** दुनिया में कई ऐसी पार्टियां होती हैं, जिनकी चर्चा सालों तक होती रहती हैं। लेकिन, क्या आप दुनिया की सबसे बड़ी पार्टी के बारे में जानते हैं? नहीं तो आज हम आपको एक ऐसी पार्टी के बारे में बताएंगे, जिसके बारे में जानकर आप हैरान हो जाएंगे। साथ ही इसे दुनिया की सबसे बड़ी पार्टी कहा जाता है। बताया जाता है कि इस पार्टी में 18 टन खाना बनाया था, 25,000 शराब की बोतलें लाई गई थीं और मेहमानों को लाने के लिए 100 विमानों का इस्तेमाल किया गया था।



ईरान के एक शाह ने 1971 में इस पार्टी का आयोजन किया था। माना जाता है कि यह दुनिया की सबसे महंगी पार्टी मानी जाती है। इसने ईरान की कहानी को हमेशा के लिए बदल दिया। 54 साल पहले ईरान बिल्कुल अलग था। वहां पर महिलाएं वेस्टर्न कपड़े पहनती थीं और माहौल बेहद ही मॉडर्न था। साल 1979 में देश में आई इस्लामिक क्रांति ने सबकुछ बदलकर रख दिया। इस क्रांति ने पहलवी राजवंश को खत्म कर इस्लामिक गणराज्य की शुरुआत की। इसने ईरान के नियम, संस्कृति और खासकर महिलाओं की आजादी को बहुत प्रभावित किया। साल 1941 में ईरान की बागडोर मोहम्मद रजा शाह के हाथ में आ गई। वह बेहद अमीर थे और उनका सपना ईरान को आधुनिक बनाने का था। उन्होंने वेस्टर्न तौर-तरीके अपनाए और पुराने रिवाजों जैसे हिजाब का विरोध किया। उन्होंने 1971 में पर्शियन साम्राज्य के 2,500 साल पूरे होने पर एक विशाल पार्टी का आयोजन किया, जो पर्सेपोलिस के रेगिस्तान में हुई।

# ये खास दूरबीन बदल देगी स्पेस का गेम, ढूंढ लेगी वो जगह जहां होंगे जीवन के निशान

एजेंसी : ज्यूरिख

स्विटजरलैंड की ज्यूरिख यूनिवर्सिटी के रिसर्चर्स ने अपना स्पेस मिशन लॉन्च करके जीवन की नई अवधारणाओं को समझने की कोशिश की है। इस मिशन का मकसद ये तय करना है कि ब्रह्मांड में जीवन कितना आम है, भले ही संबंधित जगह पर जीवन के कोई संकेत न मिले हों। मिशन के लिए वैज्ञानिकों ने टेलिस्कोप तैयार किया है।

जिसे लाइफ नाम दिया गया है। वैज्ञानिकों के प्रस्तावित मिशन में 4 स्पेस टेलिस्कोप यानी दूरबीनों का इस्तेमाल किया जाएगा। लाइफ मिशन का मकसद बायोसिग्नेचर के लिए एक्सोप्लैनेट्स के वायुमंडल की जांच करना है।

इस दौरान जीवन के रासायनिक संकेतकों जैसे ऑक्सीजन, जल वाष्प, मीथेन और अन्य मॉलिकुल्स की पड़ताल होगी।

### नलिंग इंटरफेरोमेट्री तकनीक

मीडिया रिपोर्ट्स के मुताबिक नलिंग इंटरफेरोमेट्री नामक तकनीक का यूज




करते हुए, वैज्ञानिकों की दूरबीनें सितारों के पास मौजूद लाइट को गायब कर देगी, जिससे सौरमंडल की परिक्रमा करने वाले ग्रहों से आने वाले संकेतों को और आसानी से देखा जा सकेगा। हालांकि. उनती दूरबीनें उन ग्रहों की लाइव तस्वीरें नहीं बना पाएंगी, लेकिन वायुमंडल में मौजूद अणुओं की पहचान करने में अपना योगदान देंगी। लाइफ मिशन की अवधारणा की जोर-शोर से चर्चा हो रही है, हालांकि इस अवधारणा को अभी तक किसी अंतरिक्ष एजेंसी द्वारा अपनाया नहीं गया है। हालांकि, ईथर ज्यूरिख के वैज्ञानिक ये जांच कर रहे हैं कि किसी सकारात्मक आइडिये के अभाव में उनका मिशन क्या कुछ नए खुलासे कर सकता है।

### बायेसियन सांख्यिकी संभाव्यता अनुमानों को परिष्कृत करने के लिए मौजूदा ज्ञान का करती है उपयोग



### मौजूद समान ग्रहों में से 10 से 20 प्रतिशत से भी कम हिस्से पर है जीवन

बायेसियन सांख्यिकीय मॉडलिंग का इस्तेमाल करते हुए, साइंटिस्ट्स की टीम ने अपने कैलकुलेश में ये भी पता लगा लिया कि जीवन की दुर्लभ जटिलताओं के बारे में कोई ठोस नतीजा निकालने के लिए उनके मिशन को पृथ्वी जैसे एक्सोप्लैनेट का सर्वेक्षण करने की जरूरत होगी। कहा जा रहा है कि अगर लाइफ ने बिना किसी बायोसिग्नेचर का पता लगाए 40 से 80 ग्रहों की पड़ताल पूरी कर ली तो आगे की स्टडी के लिए ये और नए कारगर सुझाव दे सकता है। अभी तक के रिसर्च में ये पता चला है कि आकाशगंगा में मौजूद समान ग्रहों में से 10 से 20 प्रतिशत से भी कम हिस्से पर जीवन है। अध्ययन में चुने गए सांख्यिकीय दृष्टिकोण के महत्व पर प्रकाश डाला गया है। बायेसियन सांख्यिकी संभाव्यता अनुमानों को परिष्कृत करने के लिए मौजूदा ज्ञान का उपयोग करती है, जबकि फ़्रीक्वेंटिस्ट सांख्यिकी बड़े नमूनों और दोहराए गए परीक्षणों पर निर्भर करती है।



### कॉन्सेप्ट की चर्चा

टीम का मानना है कि उनके शोध में अबभी कुछ अनिश्चितताएं बनी हुई हैं। बायोसिग्नेचर मौजूद हो सकते हैं लेकिन उनका पता नहीं चलता है। या कुछ ग्रहों को रहने योग्य के रूप में गलत वर्गीकृत किया जा सकता है। ये कारक डेटा की व्याख्या को प्रभावित कर सकते हैं। इस स्टडी के नतीजे 7 अप्रैल को द एस्ट्रोनॉमिकल जर्नल में प्रकाशित हुए थे। ईथर ज्यूरिख में पीएचडी रिसर्चर एमिली गार्विन ने कहा, भले ही लाइफ बायोसिग्नेचर का पता न लगा पाए, लेकिन उनके शुरुआती अवलोकन इस बात की ऊपरी सीमाएं निर्धारित कर सकते हैं कि आकाशगंगा में कितने ग्रह बसे हैं। ब्रह्मांड में कहां-कहां जीवन के मौजूदगी के संकेत छिपे हो सकते हैं। ये उनके अगले शोध के नतीजों से पता चल सकता है।

# ऐसे पक्षी जो बनाते हैं अनोखे घोंसले, कोई एसी की तरह ठंडा, तो कोई खूबसूरत झूले सा

एजेंसी ▶▶| नई दिल्ली

आपको अगर लगता है कि इंसानों से बेहतर कोई अपने लिए घर नहीं बना सकता, तो आप गलत हैं। कुछ ऐसी सुंदर चिड़ियां भी होती हैं, जो इंजीनियर से कम नहीं होती, वे अपने लिए सुंदर और सुविधाजनक घर बना लेते हैं। बोअरबर्ड नाम के इस नीले से पक्षी की खासियत ये है कि ये अपने घोंसलों को सजाते हैं। खासतौर पर नर पक्षी मादाओं को आकर्षित करने के लिए घोंसले बेरीज़, शेल्स और प्लास्टिक तक से सजाकर रखते हैं।



**बया पक्षी :** वीवरबर्ड या फिर हिंदी में बया पक्षी को अपने सुंदर घोसलों की वजह से ही जाना जाता है। ये इसे इस तरह से बुनती हैं कि ये हवा में लटकी छोटी बास्केट की तरह लगता है। नर पक्षी ही तिनके लाकर इसे गोल डोम जैसा बनाते हैं।


**टेलगाला :** टेलगाला नाम के पक्षी की खासियत ये है कि ये ऐसे घोंसले बनाते हैं, जहां तापमान भी नियंत्रित किया जा सकता है। ये इसके लिए पत्तियां और मिट्टी बदलते रहते हैं और टेम्परेचर सेट रखते हैं।

**कठफोड़वा :** अगला नाम वुडपेकर यानि कठफोड़वा का. ये अपने घोसले बनाते नहीं, बल्कि पेड़ों के अंदर खोद लेते हैं। अपनी चोंच के इस्तेमाल से ये गहरे घोंसले पेड़ के तने के अंदर बना लेते हैं, जो उनकी सुरक्षा करते हैं।

**मोंटेज़ुमा ओरोपेंडोला :** मोंटेजुमा ओरोपेंडोला नाम के पक्षी के घोंसले भी अनोखे होते हैं। ये कुछ इस तरह लगते हैं मानो पेड़ से किसी पाउच की तरह झूल रहे हैं। ये कई बार 6 फीट लंबे तक हो जाते हैं।

**केव स्विफ्टलेट :** केव स्विफ्टलेट नाम का पक्षी अपने मजबूत घोंसले के लिए जाना जाता है। ये सीधी जगहों पर भी काफी सुरक्षित तौर पर टंगे रह सकते हैं।

**फ्लैमिंगो :** बात सुंदर से फ्लैमिंगो पक्षी की, जिसके रहने की जगह कोन के शेप में होती है। वे कम पानी वाली झीलों में अपने घोंसले बनाते हैं और अपने अंडो को जरा ऊपर रखते हैं ताकि बाढ़ में वो बह न जाएं.




**मेगापोडे :** मेगापोडे नाम के पक्षी का घोंसला भी अनोखा होता है। ये किसी टीले के शेप में होता है और इसके अंदर ये अंडे देते हैं। इस तरह से अंडे पर छनकर धूप पड़ती है और वे सुरक्षित भी होते हैं।

**हॉर्न्ड कूट :** हॉर्न्ड कूट नाम के पक्षी का घोंसला भी दिलचस्प होता है। ये हाई ऑल्टीट्यूड लेक में रहने वाला पक्षी है। ये पत्थरों पर अपने घोंसले बनाता है ताकि कंफर्ट के साथ-साथ गर्मी भी मिलती रहे।

**सोशिएबल वीवर :** सोशिएबल वीवर नाम की चिड़िया का घोंसला भी सुंदर सा होता है। ये आमतौर पर तिनकों से बनता है, जो पेड़ों पर टंगा रहता है। ये छोटी-छोटी चिड़ियां होती हैं, जो ऐसे घोंसलों में सुरक्षित रहती हैं।

### मंगल ग्रह पर एक-एक कर फटेंगे ज्वालामुखी? शुरू हो गई प्रक्रिया



**वॉशिंगटन।** वैज्ञानिकों ने मंगल ग्रह के नीचे एक विशालकायी रहस्यमयी संरचना देखी है। ये संरचनाएं रेड प्लेनेट के अंदर एक बड़े से ज्वालामुखी वाले इलाके में दबी हुई है। यह कई किलोमीटर तक फैली है। मंगल ग्रह पर थार्सिस मोंटेस के नीचे छिपी इस संरचना ने वैज्ञानिकों को हैरान किया है। ये इलाका हमेशा से शोधकर्ताओं को आकर्षित करता है क्योंकि यहां सोलर सिस्टम का सबसे बड़ा ज्वालामुखी ओलंपस मॉन्स स्थित है।

**मेंटल से ऊपर उठ रही है संरचनाएं :** बता दें कि थार्सिस मोंटेस में तीन अन्य ज्वालामुखी भी हैं, जिसमें पैवोनिस मॉन्स, एस्क्रेअस मॉन्स और अर्सिया मॉन्स शामिल हैं, हालांकि मंगल ग्रह पर अब कोई भी एक्टिव ज्वालामुखी नहीं है। रिसर्च पेपर में बताया गया है कि ये संरचनाएं तकरीबन 1,750 किलोमीटर चौड़ी और 1,100 किलोमीटर गहराई पर स्थित हैं। इसका वजन काफी हल्का है। माना जाता है कि यह मंगल के मेंटल से ऊपर उठ रहा है। लेखकों का मानना है कि यह खोज इस संभावना की तरफ इशारा करती है कि रेड प्लेनेट के अंदर आज भी कुछ भूवैज्ञानिक गतिविधियां होती रहती हैं, जिससे सतह पर नई ज्वालामुखी संरचनाएं पैदा होती हैं। यह स्टडी 'जर्नल जेजीआरः प्लेनेट्स लास्ट ईयर' में पब्लिश है, जिसका नेतृत्व डेल्फ्ट टेक्नोलॉजी यूनिवर्सिटी के डॉक्टर बार्त रूट की ओर से किया गया.

# असली अंदाज में करते हैं नकली शादी, भारत के इस कॉलेज में निकलती है अनोखी बारात

एजेंसी ▶▶| बेंगलुरू

कॉलेज लाइफ इंसान की जिंदगी का सबसे खास वक्त होता है। इस दौरान छात्र पढ़ाई-लिखाई के अलावा जिंदगी की सबसे खास दोस्ती भी बनाते हैं, जो जीवन भर उनके साथ रहती हैं।

कॉलेज में कई ऐसी अजीबोगरीब चीजें होती हैं, जिसे दुनियावाले बेवकूफी समझेंगे, मगर कॉलेज के छात्र-छात्रओं के लिए वो मौजमस्ती से भरी होती हैं। ऐसी ही एक परंपरा भारत के एक दिग्गज कॉलेज में होती है।

यहां असली अंदाज में नकली शादी करते हैं। अनोखी बारात निकलती है और सारे छात्र उसमें शामिल होते हैं। इंस्टाग्राम यूजर अभय केसरवानी आईआईटी कानपुर के छात्र हैं।



### दुल्हन आती है, तब तो सबका दिमाग चकरा जाता है

उन्होंने हाल ही में एक वीडियो पोस्ट किया है जिसमें एक बारात निकलती नजर आ रही है। पर ये बड़ी ही अजीब किस्म की बारात है। दूल्हा ज्यादा ही उत्साहित दिख रहा है, बाराती भी उससे हंसी-मजाक कर रहे हैं। पर जब दुल्हन आती है, तब तो सबका दिमाग चकरा जाता है, क्योंकि वो एक लड़का है। दरअसल, ये कोई असली शादी का वीडियो नहीं, बल्कि आईआईटी कानपुर के आखिरी साल के छात्रों द्वारा आयोजित की जाने वाली एक शादी होती है।

### हॉल-1 की बारात

इस शादी का नाम है, हॉल-1 की बारात! आईआईटी कानपुर की ये एक प्रथा बन चुकी है। इसके तहत आखिरी साल के दो लड़के दूल्हा और दुल्हन बनते हैं। उनकी शादी का आयोजन होता है और असली रस्मों की तरह उनकी हल्दी, मेहंदी, बारात और विदाई होती है। वीडियो में उसी शादी को दिखाया गया है।

*ऑपरेशन सिंदूर के बाद जब पूरा देश भारतीय सेना पर गर्व महसूस कर रहा था, तो देश में छिपे कुछ लोग पाकिस्तान को खुफिया जानकारी दे रहे थे। ऑपरेशन सिंदूर के बाद पुलिस ने 3 राज्यों से 8 लोगों को जासूसी के आरोप में गिरफ्तार किया। जासूसी का यह सिलसिला कई सालों से चल रहा था, वो भी सिर्फ चंद पैसों के लिए। इनमें 4 आरोपी हरियाणा, 3 पंजाब और 1 उत्तर प्रदेश से है।*

# ब्लॉगर, स्टूडेंट, गार्ड और बिजनेसमैन... पाक 'जासूसी' में अब तक 11 गिरफ्तार

हरिभूमि न्यूज ▶▶| नई दिल्ली

इस लिस्ट में मशहूर ट्रैवल ब्लॉगर ज्योति मल्होत्रा का नाम भी शामिल है, जिन्हें हरियाणा के हिसार से गिरफ्तार किया है। हिसार के एसपी शशांक कुमार का कहना है कि दुश्मन देश हमारे सोशल मीडिया इंफ्लुएंसर्स को निशाना बना रहे हैं। वहीं पैसों की लालच में इंफ्लुएंसर्स भी गलत रास्ते पर चलने के लिए मान जाते हैं। आरोपियों में प्रमुख ब्लॉगर, गार्ड, बिजनेस मेन, यूट्यूबर से लेकर छात्र तक शामिल हैं। बड़ी बात यह है कि इन सभी को हनीट्रैप, पैसों का लालच और झूठे वादों के जरिए देश के गद्दारी के लिए तैयार किया गया था।

### यूट्यूबर ज्योति मल्होत्रा

गिरफ्तार 11 आरोपियों में सबसे प्रमुख हरियाणा के हिसार निवासी ट्रैवल ब्लॉगर ज्योति मल्होत्रा है। वह यूट्यूब चैनल 'ट्रैवल विद जो' चलाती हैं। उसे पाकिस्तानी एजेंसियों को वर्गीकृत सैन्य जानकारी लीक करने के आरोप पिछले सप्ताह गिरफ्तार किया गया था। वह पाकिस्तान उच्चायोग में आयोजित इफ्तार पार्टी में होने और जासूसी के आरोप में निष्कासित किए गए पाकिस्तानी उच्चायोग के अधिकारी एहसान-उर-रहीम उर्फ दानिश से बातचीत करते देखे के जाने के बाद शक के दायरे में आई थी।

### यूपी का व्यापारी शहजाद गिरफ्तार



उत्तर प्रदेश के विशेष कार्य बल ने भारत की जासूसी और सीमा पार तस्करी के आरोप में टांडा निवासी व्यापारी शहजाद को रविवार रात गिरफ्तार किया है। एसटीएफ के अनुसार, शहजाद ने सौंदर्य प्रसाधन उत्पाद, कपड़े और मसालों के परिवहन की आड़ में पाकिस्तान की कई यात्राएं की हैं। उसने आईएसआई के लिए अपने व्यापार का सहारा लिया। वह आईएसआई एजेंटों को पैसा और भारतीय सिम कार्ड उपलब्ध कराता था।

**पंजाब का छात्र और यूपी का सुरक्षा गार्ड भी चढ़ा हत्थे :** पटियाला के खालसा कॉलेज के 25 वर्षीय छात्र दविंदर सिंह ढिल्लों को 12 मई को कैथल से गिरफ्तार किया गया था। उसने नवंबर 2023 में करतारपुर कॉरिडोर के रास्ते पाकिस्तान जाने और पटियाला सैन्य छावनी के फोटो और विवरण आईएसआई अधिकारियों को भेजे थे। हरियाणा पुलिस ने पिछले सप्ताह पानीपत से एक फैक्ट्री में सुरक्षा गार्ड के पद पर तैनात कैराना निवासी नौमान इलाही को गिरफ्तार किया था।

### गजाला और यामीन मोहम्मद

गजाला और यामीन मोहम्मद को भी आईएसआई के लिए काम करने के आरोप में पंजाब में गिरफ्तार किया है। ये गिरफ्तारियां 11 मई को की गई थीं। गजाला एक विधवा है और पैसे लेकर भारतीय सेना से जुड़ी जानकारी पाकिस्तानी हैंडलरों को सौंप रही थी। उसके मोबाइल फोन से कई पाकिस्तानी नंबरों पर भेजी गई जानकारी सामने आई है। इसी तरह यामीन ड्राइवर है और वह खुफिया जानकारी जुटाने में गजाला की मदद करता था।

### नूंह से गिरफ्तार किए गए अरमान और हनीफ

नूंह जिले के राजाका गांव से अरमान नामक युवक को 16 मई को गिरफ्तार किया गया था। वह नई दिल्ली स्थित पाकिस्तानी उच्चायोग के एक कर्मचारी के संपर्क में था और उसे भारतीय सेना की गतिविधियों की जानकारी दे रहा था। उनके फोन में पाकिस्तानी नंबरों पर वीडियो, फोटो और मैसेज भेजना मिला है। उसकी निशानदेही पर पुलिस ने एक अन्य युवक हनीफ को भी जासूसी के आरोप में गिरफ्तार किया है। वह अरमान का सहयोगी बताया जा रहा है।

### सुखप्रीत सिंह और करणबीर सिंह

पंजाब की गुरदासपुर पुलिस ने आईएसआई को गोपनीय सैन्य जानकारी लीक करने के आरोप में सुखप्रीत सिंह और करणबीर सिंह को गिरफ्तार किया है। दोनों पर पंजाब, हिमाचल प्रदेश और जम्मू-कश्मीर में सेना की तैनाती और 'ऑपरेशन सिंदूर' से संबंधित जानकारी आईएसआई को देने का आरोप है। पुलिस ने आरोपियों के पास से 3 मोबाइल फोन और 8 जिंदा कारतूस भी बरामद किए हैं।

## 155 करोड़ की धोखाधड़ी में चार गिरफ्तार



**नागपुर।** नागपुर पुलिस ने 155 करोड़ रुपये की एक बड़ी धोखाधड़ी का खुलासा किया है, जिसमें कारोबारियों के एक गिरोह ने लोगों की असली पहचान का गलत इस्तेमाल कर फर्जी कंपनियां बनाईं और हवाला के जरिए काले धन का लेन-देन किया। इस मामले में अब तक चार लोगों को गिरफ्तार किया गया है। गिरफ्तार किए गए आरोपियों की पहचान बंटी साहू, जयेश साहू, ऋषि लखानी और बृजकिशोर मनिहार के रूप में हुई है। आरोपियों ने 50-60 फर्जी कंपनियां बनाई थीं, जिनके माध्यम से संदिग्ध लेन-देन किए गए। आरोपियों ने विभिन्न राज्यों के जरूरतमंद लोगों की पहचान का दुरुपयोग किया, जिससे उनका नाम बिना जानकारी के इस्तेमाल हुआ। चौंकाने वाली बात यह है कि आरोपियों ने आपराधिक गतिविधियों के लिए विभिन्न राज्यों के जरूरतमंद लोगों की वास्तविक पहचान का इस्तेमाल किया। कथित तौर पर अगस्त 2024 से जारी इस धोखाधड़ी का खुलासा तब हुआ जब एक पीड़ित ने पुलिस से संपर्क किया।

### विदेश मंत्री जयशंकर के बयान पर राहुल ने फिर किया सवाल, सियासत गरमाई

# राहुल बोले- पाक को पहले बताना अपराध, चूक नहीं, भाजपा ने कहा- आधुनिक युग के मीर जाफर

हरिभूमि न्यूज ▶▶| नई दिल्ली

कांग्रेस नेता और विपक्ष के नेता राहुल गांधी ने एक बार फिर विदेश मंत्री डॉ. एस जयशंकर पर हमला बोला है। उन्होंने कहा कि भारत सरकार ने ऑपरेशन सिंदूर की शुरुआत में ही पाकिस्तान को जानकारी दी, यह कोई चूक नहीं बल्कि एक अपराध है। राहुल गांधी के इस बयान के बाद सियासत गरमा गई है। भाजपा ने राहुल को आड़े हाथों लेते हुए कहा कि वे आधुनिक भारत के मीर जाफर हैं और पाकिस्तान की भाषा बोल रहे हैं।

### राहुल ने जयशंकर का वीडियो किया साझा





राहुल गांधी ने शनिवार को डॉ. जयशंकर का एक वीडियो साझा किया था। इस वीडियो में विदेश मंत्री एस.जयशंकर कह रहे कि ऑपरेशन की शुरुआत में हमने पाकिस्तान को संदेश भेजा था कि हम आतंक के ढांचे को निशाना बना रहे हैं, सेना को नहीं। उनके पास बाहर रहने का विकल्प था लेकिन उन्होंने सही सलाह नहीं मानी। इस वीडियो को दोबारा साझा करते हुए राहुल गांधी ने पूछा कि पाकिस्तान को पहले बताने के कारण भारत ने कितने विमान खोए? यह चूक नहीं, अपराध है। और देश को सच्चाई जानने का हक है।

### डिप्लोमेसी नहीं, यह जासूसी है : कांग्रेस



कांग्रेस प्रवक्ता पवन खेड़ा ने प्रेस कॉन्फ्रेंस में राहुल गांधी के आरोपों को दोहराया और कहा कि क्या जयशंकर और पाकिस्तान के बीच कोई रिश्ता है, जिसकी वजह से पहले से सूचना दी गई? हाफिज सईद और मसूद अजहर क्या इसी वजह से बच निकले?

### देश पहले, पार्टी बाद में : शिवराज सिंह



केंद्रीय कृषि मंत्री शिवराज सिंह चौहान ने राहुल गांधी पर निशाना साधते हुए कहा कि देश को पार्टी से ऊपर रखना चाहिए। चौहान ने आरोप लगाया कि राहुल पीएम नरेंद्र मोदी का विरोध करते-करते देश का विरोध करने लगे हैं,।

### राहुल गांधी पर शर्म आती है : अमित मालवीय

भाजपा के आईटी हेड अमित मालवीय ने अपने एक्स हैंडल पर वीडियो पोस्ट कर राहुल गांधी को आधुनिक युग के मीर जाफर बताया है। पाकिस्तानी मीडिया का वीडियो पोस्ट कर लिखा- राहुल गांधी पर शर्म आती है। पाकिस्तानी मीडिया एक बार फिर उनके सोशल मीडिया पोस्ट को हथियार बनाकर झूठी कहानी गढ़ रही है। इस बार, एक ऐसी लड़ाई को चित्रित किया जा रहा है, जिसमें भारत ने स्पष्ट रूप से बढ़ते तनाव को अपने पक्ष में बताया है।

### सरकार का पलटवार : झूठ का प्रचार

विदेश मंत्रालय और पीआईबी फेक्ट चैक ने राहुल गांधी के दावों को झूठा बताया। सरकार का कहना है कि जयशंकर के बयान को तोड़-मरोड़ कर पेश किया गया है। उन्होंने कहा था कि ऑपरेशन शुरू होने के बाद पाकिस्तान को बताया गया लेकिन कांग्रेस इसे ऑपरेशन शुरू होने से पहले की बात बताकर भ्रम फैला रही है।

### डीजीएमओ और एयरफोर्स की सफाई

डीजीएमओ लेफ्टिनेंट जनरल राजीव घई ने कहा कि ऑपरेशन की शुरुआत के बाद हमने पाकिस्तान को हमारी मजबूरी बताने की कोशिश की लेकिन जवाब में धमकी मिली कि कड़ा जवाब मिलेगा। हम तैयार थे। वहीं एयर मार्शल ए.के. भारती ने कहा: यह युद्ध है, नुकसान होते हैं लेकिन हमारा मकसद आतंक के ठिकानों को खत्म करना था, जो हमनें किया।

## 6210 करोड़ बैंक घोटाले में यूको बैंक के पूर्व चेयरमैन गोयल गिरफ्तार

### 21 मई तक ईडी की कस्टडी में भेजा



हरिभूमि न्यूज ▶▶| नई दिल्ली

कोलकाता ज़ोनल ऑफिस की प्रवर्तन निदेशालय टीम ने एक बड़ी कार्रवाई करते हुए पूर्व यूको बैंक चेयरमैन और मैनेजिंग डायरेक्टर सुबोध कुमार गोयल को 16 मई को दिल्ली स्थित उनके आवास से गिरफ्तार किया है। यह गिरफ्तारी प्रिवेंशन ऑफ मनी लॉन्ड्रिंग एक्ट के तहत कंकास्ट स्टील एंड पावर लिमिटेड और अन्य के खिलाफ जारी 6210 करोड़ से भी ज्यादा बैंक धोखाधड़ी की जांच के सिलसिले में की गई है। 17 मई को गोयल को कोलकाता स्थित एमएमएलए विशेष अदालत में पेश किया गया, जहां अदालत ने उन्हें 21 मई तक ईडी की कस्टडी में भेज दिया है।

### सीबीआई की एफआईआर पर हुई जांच

बता दें कि इस मामले की जांच सीबीआई के द्वारा दर्ज की गई एफआईआर के आधार पर शुरू की गई थी, जिसमें कंकास्ट स्टील एंड पावर लिमिटेड को यूको बैंक सहित कई बैंकों द्वारा दिए गए कर्ज में भारी हेराफेरी और गबन का आरोप है। ये घोटाल करीब 6210.72 करोड़ रुपये (बिना ब्याज) का है।

### गोयल को बदले में मिलीं लग्जरी सुविधाएं

ईडी की जांच में सामने आया है कि सुभोध कुमार गोयल के कार्यकाल में यूको बैंक द्वारा सीएसपीएल को भारी क्रेडिट सुविधाएं दी गई थीं, जिन्हें बाद में जानबूझकर गलत तरीके से डायवर्ट और गबन किया गया। इसके बदले गोयल को अवैध रूप से कैश, महंगी प्रॉपर्टीज, लग्ज़री आइटम्स, होटल बुकिंग जैसी सुविधाएं दी गईं। ये सारी अवैध सुविधाएं शेल कंपनियों, फर्जी लोगों और परिजनों के जरिए ली गईं ताकि इनकी असली पहचान छुपाई जा सके।

### पिछले महीने कई ठिकानों पर मारे थे छापे

गौरतलब है कि 22 अप्रैल 2025 को गोयल और उनसे जुड़े लोगों के ठिकानों पर छापेमारी की गई थी, जहां से अवैध लेन-देन से जुड़ी कई अहम दस्तावेज और सबूत बरामद हुए हैं। इससे पहले, ईडी ने इसी केस में सीएसपीएल सीएसपीएल के प्रमोटर संजय सुरेका की 510 करोड़ रुपये की संपत्ति अटैच की थी। संजय सुरेका को 18 दिसंबर 2024 को गिरफ्तार किया गया था और वे अभी न्यायिक हिरासत में हैं. उनके खिलाफ फरवरी 2025 में चार्जशीट दाखिल की जा चुकी है। प्रवर्तन निदेशालय इस मामले में आगे की जांच कर रही है और जल्द ही और खुलासे होने की संभावना है।




*गाजा में सीमित सहायता की अनुमति दी*

## इजरायल का गाजा पर कब्जे का ऐलान, इलाके खाली करने का आदेश

एजेंसी ▶▶| गाजा

इजरायली प्रधानमंत्री बेंजामिन नेतन्याहू ने सोमवार को कहा कि गाजा के पूरे हिस्से पर नियंत्रण करना है, क्योंकि सेना ने युद्धग्रस्त क्षेत्र में अभियान को आगे बढ़ाया है। नेतन्याहू ने टेलीग्राम पर पोस्ट किए गए वीडियो में कहा, 'लड़ाई तीव्र है और हम प्रगति कर रहे हैं। हम पूरे गाजा पट्टी के क्षेत्र पर नियंत्रण लेंगे।' इस बीच, इजरायली सेना ने गाजा के दूसरे सबसे बड़े शहर खान यूनिस और आसपास के कस्बों के निवासियों को क्षेत्र खाली करने का आदेश जारी किया है। सैन्य प्रवक्ता अविचाय अद्राई ने अपने सोशल मीडिया अकाउंट पर आदेश पोस्ट करते हुए कहा कि पूरा क्षेत्र खतरनाक युद्ध क्षेत्र माना जाएगा।

### विश्व स्वास्थ्य संगठन ने कड़ी चेतावनी जारी की

#### नेतन्याहू ने क्या कहा?

नेतन्याहू ने टेलीग्राम पर साझा वीडियो में कहा, लड़ाई बहुत तेज है और हम आगे बढ़ रहे हैं। हम पट्टी के सभी इलाकों पर नियंत्रण कर लेंगे। हम हार नहीं मानेंगे। लेकिन सफल होने के लिए हमें इस तरह काम करना होगा कि उसे रोका न जा सके। हमें व्यावहारिक और कूटनीतिक दोनों कारणों से (गाजा की) आबादी को अकाल की ओर नहीं जाने देना चाहिए। इजरायल के मित्र भी भुखमरी की तस्वीरों को बर्दाश्त नहीं करेंगे।



#### गाजा को सहायता सहयोगियों के दबाव में

इजरायली प्रधानमंत्री बेंजामिन नेतन्याहू ने यह स्वीकार किया कि उन्होंने गाजा को सहायता बहाल करने का निर्णय सहयोगियों के दबाव के कारण लिया। उन्होंने कहा कि इजरायल के सहयोगियों ने भूख से जुड़ी तस्वीरों के बारे में चिंता व्यक्त की। नेतन्याहू ने कहा कि जो सहायता दी जाएगी वह न्यूनतम होगी। हालांकि, उन्होंने यह साफ नहीं किया कि यह सहायता कब से बहाल होगी।

### नेतन्याहू के दावे से ट्रंप को लगेगा धक्का



फरवरी में अमेरिका के राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने नेतन्याहू को व्हाइट हाउस में आमंत्रित किया था। तब उन्होंने कहा था कि अमेरिका गाजा पट्टी पर कब्जा करेगा और फिलिस्तीनियों को स्थायी रूप से बसाएगा ताकि इस क्षेत्र को मध्य पूर्व का रिवेरा बनाया जा सके। ट्रंप ने यह भी कहा था कि अमेरिका वहां मौजूद सभी खतरनाक बमों और हथियारों को भी नष्ट कर देगा।

## बलूचिस्तान बाजार में फटा बम, दुकानों के उड़े परखच्चे

### 4 की मौत, 20 घायल

हरिभूमि न्यूज ▶▶| नई दिल्ली

बलूचिस्तान में एक बार फिर बम धमाका हुआ है. ये धमाका किल्ला अब्दुल्लाह जिले में रविवार को एक मार्केट के पास हुआ। इसमें चार लोगों की मौत हो गई, जबकि 20 लोग घायल हो गए। यह विस्फोट जाब्बर मार्केट के पास हुआ, जिससे आसपास के इलाकों में दहशत फैल गई, और कई दुकानें ढह गईं। घटना की जानकारी देते हुए किल्ला अब्दुल्लाह के डिप्टी कमिश्नर रियाज खान ने बताया कि धमाके के कारण बाजार में भारी नुकसान हुआ है। कई दुकानें पूरी तरह ढह गईं और कई जगह आग लग गई। विस्फोट बाजार के सामने बने फ्रंटियर कॉर्प्स (एफसी) के किले की पिछली दीवार के पास हुआ था।

#### चार शव बरामद, खोज जारी, 20 घायल

धमाके के बाद वहां अफरातफरी मच गई और स्थानीय लोग डर फैल गया, और वे इधर-उधर भागने लगे। फायरब्रिगेड और पुलिस घटनास्थल पर तुरंत पहुंची और आग बुझाया। इस दौरान रेस्क्यू टीम ने चार शव बरामद किए हैं। वहीं दुकानों के मलबे में और लोगों की तलाश की जा रही है।

*हाईकोर्ट के फैसले से लगा झटका*

## संभल जामा मस्जिद का सर्वे रहेगा बरकरार, सुप्रीम कोर्ट जाएगा मुस्लिम पक्ष



एजेंसी ▶▶| प्रयागराज

संभल जामा मस्जिद सर्वे मामले में मुस्लिम पक्ष को बड़ा झटका लगा है। इलाहाबाद हाई कोर्ट ने मुस्लिम पक्ष की याचिका को खारिज कर दिया है। सर्वे पर इलाहाबाद हाई कोर्ट के फैसले के खिलाफ मुस्लिम पक्ष अब सुप्रीम कोर्ट जाएगा। मुस्लिम पक्ष के वकील फरमान नकवी ने यह जानकारी दी है। बता दें कि संभल में जामा मस्जिद और हरिहर मंदिर को लेकर चल रहे विवाद के मामले में आज इलाहाबाद हाई कोर्ट ने एक अहम फैसला सुनाते हुए मुस्लिम पक्ष की पुनर्विचार याचिका खारिज कर दी। यह याचिका सिविल कोर्ट के आदेश को चुनौती देते हुए सर्वे पर रोक लगाने के लिए लगाई गई थी। आज इसे हाई कोर्ट ने खारिज कर दिया, यानि अब सर्वे हो सकेगा। इस मामले में हाई कोर्ट ने 13 मई को फैसला सुरक्षित रखा था।

#### दोनों पक्षों को सुनने के बाद दिया फैसला

यह फैसला जस्टिस रोहित रंजन अग्रवाल ने सुनाया, जिन्होंने मस्जिद कमेटी के वकीलों, मंदिर पक्ष के अधिवक्ता हरिशंकर जैन और एएसआई के वकील की दलीलें सुनने के बाद अपना फैसला सुरक्षित रख लिया था। मस्जिद कमेटी ने संभल की एक अदालत के आदेश को चुनौती देते हुए इलाहाबाद हाई कोर्ट का रुख किया था।

#### श्री हरिहर मंदिर में जाने का मांगा था अधिकार

इलाहाबाद उच्च न्यायालय ने संभल की जिला अदालत में लंबित मूल वाद पर सुनवाई पर अगली तिथि तक के लिए रोक लगा दी थी। मूल वाद में हिंदू पक्ष ने संभल के मोहल्ला कोट पूर्वी में स्थित श्री हरिहर मंदिर (कथित जामा मस्जिद) में प्रवेश का अधिकार मांगा है।



RAIPUR: SPARSH AUTOMOBILES: 9926003332 | AVANTI VIHAR: SKY AUTOMOBILES: 9584333066, 9584465304 | MAHOBA BAZAR, G.E. ROAD: SKY AUTOMOBILE: 9584433005, 9584465304 | BHILAI: POWER HOUSE, G.E. ROAD: SPARSH AUTOMOBILES: 7987196900 | DURG BYPASS: CHOUHAN AUTOMOBILES: 7222910050, 7222910057, 7222910042 | DURG: PULGAON CHOWK: SPARSH AUTOMOBILES: 9926761100 | JAGDALPUR: SKY AUTOMOBILES: 8889998607, 9584465304 | BHATAGAON: HDN MOTORS: 7909800009 | SARONA: VISHWABHARTI AUTOMOBILES: 6262620018 | DUMERTARAI, DHAMTARI ROAD: SPARSH AUTOMOBILES: 9926003332, 9111011381.

## चिंतन

# हनक दिखा रहे बांग्लादेश को सबक सिखाना जरूरी

बांग्लादेश में जब तक शेख हसीना की सरकार थी, सब कुछ बेहतर चल रहा था। भारत-बंग्लादेश के संबंध शिखर पर थे। अगस्त 2024 में विद्रोह के बाद प्रधानमंत्री शेख हसीना को देश छोड़कर भागना पड़ा। उन्होंने भारत में शरण ली। बांग्लादेश में अंतरिम सरकार बनाई गई और मोहम्मद यूनुस उसके मुखिया बने। उसके बाद बांग्लादेश की एंटी-इंडिया गतिविधियां बढ़ती गईं। कई बांग्लादेशी नेताओं ने भारत विरोधी बयान दिए और बांग्लादेश में रहने वाले हिंदू नेताओं को निशाना बनाया। इस वजह से दोनों देशों की तल्खी और ज्यादा बढ़ गई, इसके बाद भारत के ही रहमोकरम में अस्तित्व में आए बांग्लादेश ने चीन और पाकिस्तान के साथ नजदीकियां बढ़ानी शुरू कर दी। वहां की नई अंतरिम सरकार के प्रमुख मुहम्मद यूनुस ने हाल ही में चीन दौरे के दौरान उत्तर-पूर्व भारत को 'लैंडलॉक्ड' बताते हुए बांग्लादेश को समुद्र का एकमात्र संरक्षक बता दिया। यूनुस की चीन दौरे पर यह टिप्पणी एक तरह भारत द्वारा क्षेत्र की संपर्क क्षमता को कमतर आंकने के रूप में देखी गई। बात केवल यही तक खत्म नहीं हुई। सर्वविदित है कि भारत के शेष हिस्से से पूर्वोत्तर तक सिलीगुड़ी कॉरिडोर (चिकन नेक) के जरिए पहुंचा जा सकता है, जो सिर्फ 20 किमी. चौड़ा है। यह संकरा कॉरिडोर भारत के लिए रणनीतिक और आर्थिक दृष्टिकोण से हमेशा कमजोर कड़ी है, इसीलिए पिछले डेढ़ दशक में भारत-बांग्लादेश साझेदारी के तहत वैकल्पिक मार्गों की तलाश की गई थी, लेकिन नई बांग्लादेश सरकार के भारत विरोधी रुख के कारण यह योजना अब ठंडे बस्ते में जाती दिख रही है। बांग्लादेश ने 2024 के अंत से भारत से होने वाले व्यापार पर कई प्रतिबंध भी लागू कर दिए। इसके तहत प्रमुख लैंड पोर्ट से भारतीय यार्न के आयात पर पूरी तरह से रोक लगा दी गई। चावल के निर्यात पर भी कड़े नियंत्रण लगाए गए। इसी तरह कागज, तंबाकू, मछली, और दूध पाउडर जैसे उत्पादों के आयात पर पूरी तरह से प्रतिबंध लगा दिया गया। बांग्लादेश ने भारतीय मूल के अपने क्षेत्र से गुजरने पर अब प्रति टन प्रति किलोमीटर 1.8 टका का ट्रांजिट शुल्क भी लागू कर दिया है, जिसके चलते सामान की पूर्वोत्तर राज्यों तक पहुंच महंगी हो गई है। अब बारी भारत की थी। भारत ने सौ सुनार की और एक लोहार की रणनीति पर चलते हुए एक के बाद एक दो बड़े फैसले लिए हैं, जिससे अर्थिक रूप से बेहाल बांग्लादेश की कमर टूटनी तय है। भारत ने बांग्लादेश से होने वाले आयात पर नए प्रतिबंध लगाए हैं। भारत सरकार के वाणिज्य और उद्योग मंत्रालय के तहत डायरेक्टोरेट जनरल ऑफ फॉरेन ट्रेड ने इसकी घोषणा की। भारत ने बांग्लादेश से कई उपभोक्ता सामानों के आयात पर लैंड बॉर्डर के माध्यम से रोक लगा दी है। इनमें शर्ट, पैंट, टी-शर्ट जैसे रेडिमेड गारमेंट्स, बिस्किट, चिप्स, कन्फेक्शनरी, स्नैक्स प्रोसेस्ड फूड आइटम, कार्बोनेटेड और एनर्जी ड्रिंक्स, बाल्टी, खिलौने, कुर्सियां जैसे प्लास्टिक उत्पाद कॉटन वेस्ट और इंडस्ट्रियल ग्रेड कॉटन बाय प्रोडक्ट, सोफा, बेड जैसे लकड़ी के फर्नीचर समेत अनेक चीजें शामिल हैं। ये प्रतिबंध बांग्लादेश की पहले से कमजोर अर्थव्यवस्था को और ज्यादा कमजोर कर सकते हैं। राजनीतिक अस्थिरता, बढ़ती महंगाई लगभग 10-10.2 फीसदी, और कमजोर घरेलू मांग के कारण, वित्त वर्ष 2025 के लिए जीडीपी ग्रोथ रेट 3.8-4 प्रतिशत रहने का अनुमान है। जो बांग्लादेश के लिए बड़ा झटका होगा। लाखों लोगों को रोजगार देने वाली गारमेंट इंडस्ट्री सबसे ज्यादा प्रभावित होगी। दूसरी और इसका सीधा लाभ भारतीय उद्योगों को होगा। ये प्रतिबंध भारत का बांग्लादेश को संदेश भी हैं कि व्यापार एक दूसरे के लाभ पर आधारित होना चाहिए। अगर वो किसी और मुगालते में है तो भारत सबक सिखाना भी जानता है। ये नया भारत है जैसे को तैसा जवाब देना जानता है।

## समसामयिक
समरेंद्र शर्मा



# स्काई वॉक: विकास की ऊंचाई या व्यर्थ की चढ़ाई?

रायपुर शहर, जो कभी अपनी हरियाली और सहज जीवनशैली के लिए जाना जाता था, अब अंधाधुंध शहरी रूपांतरण की राह पर है। इसी क्रम में एक बहुचर्चित योजना है स्काई वॉक की, जो पिछले कई बरसों से बदनामी की इमारत के रूप में खड़ा है। अब करीब 38 करोड़ खर्च कर फिर से इसे बनाने की तैयारी है, जबकि पहले ही इस पर लगभग 60 करोड़ रुपये फूंके जा चुके हैं। शहर के बीचोंबीच, मुख्य चौक-चौराहों को जोड़ने बनाई जा रही यह संरचना पहली नजर में अत्याधुनिक और भव्य प्रतीत होती है। लेकिन जैसे ही इस योजना की गहराई में उतरते हैं, कई जमीनी सवाल उभरने लगते हैं। क्या वाकई रायपुर को स्काई वॉक की आवश्यकता है? क्या यह विकास की दिशा में एक ठोस कदम है या फिर शहरी सौंदर्यीकरण के नाम पर किया गया दिखावटी निवेश?

इस स्काई वॉक को बनाने के पीछे दलील दी जाती है कि पैदल यात्रियों को सड़क पार करने या ट्रैफिक से बचने के लिए एक वैकल्पिक ऊंचाई वाला मार्ग उपलब्ध कराना। ऐसा माना गया कि यह व्यवस्था शहर के भीड़भाड़ वाले इलाकों में राहत प्रदान करेगी। परंतु इस सोच में एक बुनियादी चूक यह रही कि रायपुर जैसे शहर में पैदल चलने वालों की संख्या बेहद सीमित है। लोग दोपहिया वाहनों, ऑटो, ई-रिक्शा या निजी वाहनों पर अधिक निर्भर रहते हैं। ऐसे में सवाल यह उठता है कि क्या इतनी बड़ी राशि उन लोगों की सुविधा के लिए खर्च की जा रही है जो शायद ही कभी इसका उपयोग करेंगे? इसके अलावा, रायपुर की जलवायु ऐसी नहीं है कि कोई व्यक्ति तेज धूप या बारिश में ऊंचाई तक सीढ़ियां चढ़कर स्काई वॉक पर चलना पसंद करे। गर्मी के महीनों में जब सड़कों पर चलना तक मुश्किल होता है, तब लोग स्वेच्छा से ऊंचाई चढ़ने का विकल्प क्यों चुनेंगे? वहीं दूसरी ओर, मॉल और एयरपोर्ट जैसे स्थानों पर जहां एस्केलेटर और एयर कंडीशनिंग की सुविधा होती है, वहां लोग ऊपर नीचे आते-जाते हैं। तकनीकी रूप से देखा जाए तो दिल्ली के कश्मीरी गेट, मुंबई के घाटकोपर, या बैंगलोर के मेट्रो स्टेशन से जुड़े स्काई वॉक्स अपनी लोकेशन, ट्रैफिक वॉल्यूम और सार्वजनिक परिवहन से कनेक्टिविटी की वजह से सफल हैं। वहां स्काई वॉक न सिर्फ भीड़ को नियंत्रित करने का काम करते हैं, बल्कि रोजाना हजारों यात्रियों की जीवनरेखा भी हैं। इसके विपरीत रायपुर में स्काई वॉक की जगह, कनेक्टिविटी और उपयोगिता पर स्पष्टता का अभाव रहा है। इसकी एक और आलोचना इसकी पारदर्शिता और जनभागीदारी की कमी को लेकर भी होती रही है। शहर की जनता को यह बताए बिना कि वास्तव में इसका उपयोग कौन करेगा, इसकी मंजूरी दे दी गई। अब जब इसकी उपयोगिता पर सवाल खड़े हो रहे हैं, तब प्रशासन इसे किसी तरह पूरा करने की दिशा में आगे बढ़ रहा है लेकिन मूल प्रश्न अभी भी अनुत्तरित है कि क्या यह निवेश सही दिशा में किया गया है? यदि इस स्काई वॉक को पूरी तरह से तोड़ना नीतिगत रूप से उचित न हो, तो इसे सिर्फ एक पैदल यात्री मार्ग मानने की बजाय एक सांस्कृतिक, पर्यावरणीय और पर्यटन केंद्र के रूप में दोबारा गढ़ा जा सकता है।



पहला विकल्प हो सकता है कि इसे एक स्ट्रीट आर्ट गैलरी या "वॉकिंग म्यूजियम" में बदला जाए। देश-विदेश में कई शहरों ने अनुपयोगी पुलों या फ्लायओवर के नीचे की जगह को सार्वजनिक कला और संस्कृति के लिए समर्पित किया है। रायपुर के स्काई वॉक को स्थानीय कलाकारों, छत्तीसगढ़ी लोक संस्कृति, आदिवासी कलाओं और ऐतिहासिक स्थलों से जुड़ी थीम पर रंगा जा सकता है। इससे यह स्थान युवाओं, पर्यटकों और आम नागरिकों के आकर्षण का केंद्र बन सकता है।

दूसरा, इसे एक ग्रीन वॉकवे या अर्बन गार्डन में बदला जा सकता है। इस संरचना पर वर्टिकल गार्डन, ऑक्सीजन पथ या पौधों से सजाए गए गलियारे बनाए जा सकते हैं। इससे यह एक पर्यावरण मित्र 'ग्रीन जोन' बन सकता है, जहाँ लोग सुबह-शाम वॉक के साथ-साथ प्राकृतिक हरियाली का भी अनुभव कर सकें। यह शहर की गर्मी और प्रदूषण को भी कम करने में सहायक होगा।

तीसरा, यह एक हेरिटेज ट्रेल या रायपुर दर्शन पथ के रूप में भी इस्तेमाल हो सकता है, जिसमें दीवारों और कियोस्क पर रायपुर और छत्तीसगढ़ के ऐतिहासिक, धार्मिक, साहित्यिक और राजनीतिक विरासत की झलक दी जाए। यह बच्चों, छात्रों और पर्यटकों के लिए एक जीवंत ज्ञान गैलरी बन सकता है।

चौथा, इसके कुछ खंडों को लोक प्रदर्शन स्थल या "शिल्प मार्केट" के रूप में प्रयोग किया जा सकता है, जहां स्थानीय शिल्प, बांस,काष्ठ कला, हैंडलूम और हस्तशिल्प के अस्थायी स्टॉल्स लगाए जाएँ। इससे ग्रामीण कारीगरों को मंच मिलेगा और यह स्काई वॉक आर्थिक रूप से उपयोगी हो सकता है। इसमें डिजिटल और तकनीकी प्रयोग की भी संभावनाएँ हैं- जैसे वाई-फाई, इन्फो कियोस्क, सौर ऊर्जा से जलने वाली लाइटें, सीसीटीवी और मोबाइल चार्जिंग स्टेशन जैसी सुविधाएँ देकर इसे "स्मार्ट वॉकवे" में बदला जा सकता है। रायपुर के स्काई वॉक को यदि नई सोच, स्थानीय जुड़ाव और नवाचार के साथ पुनर्परिभाषित किया जाए, तो यह विकास का नमूना भी बन सकता है और शहरी योजनाओं की सीख भी। जरूरत सिर्फ इतनी है कि शहर की नब्ज समझकर फैसले किए जाएं, ऊंचाई से नहीं, जमीन से जुड़कर।

(लेखक वरिष्ठ पत्रकार हैं, ये उनके अपने विचार हैं।)




## रणनीति
डॉ. जयंतीलाल भंडारी

पाकिस्तान को आर्थिक रूप से पस्त करने और भारत को आर्थिक रूप से तेजी से आगे बढ़ाने के रणनीतिक प्रयत्नों के साथ यह भी जरूरी है कि पाक को खुले रूप से समर्थन दे रहे तुर्किए, अजरबेजान, बांग्लादेश और चीन के उत्पादों के बहिष्कार की रणनीति पर आगे बढ़ा जाए। चीन से आयात नियंत्रण के लिए सरकारी प्रयासों के साथ देश के उपभोक्ताओं के द्वारा भी स्वदेशी वस्तुओं के उपयोग के संकल्प के साथ आगे बढ़ना होगा। हम उम्मीद करें कि ऑपरेशन सिंदूर के तहत मुंहतोड़ जवाब देने के बाद अब भारत पाकिस्तान को आर्थिक दबाव और आर्थिक प्रतिबंधों से भी पस्त करते हुए दिखाई देगा।

# आर्थिक दबाव से पस्त होगा पाक

यकीनन इस समय भारत के द्वारा पहलगाम आतंकी हमले के जवाब में ऑपरेशन सिंदूर से पस्त पाकिस्तान को आर्थिक दबाव और आर्थिक प्रतिबंधों से पस्त करने की रणनीति आगे बढ़ाई जा रही है। हाल ही के दिनों में अंतरराष्ट्रीय मुद्रा कोष (आईएमएफ) की ओर से पाकिस्तान को दिए जाने वाले नए कर्ज पर भारत के द्वारा एतराज जताने पर 18 मई को आईएमएफ ने पाकिस्तान के बेलआउट कार्यक्रम की निगरानी को और सख्त करते हुए अगली किश्त जारी करने से पहले 11 नई कड़ी शर्तें जोड़ दी हैं। पाक पर आर्थिक दबाव बनाने का भारत का प्रयास रंग लाया है।

उल्लेखनीय है कि भारत पाकिस्तान पर आर्थिक दबाव की रणनीति के साथ पाकिस्तान पर लगाए गए आर्थिक प्रतिबंधों के कठोरतापूर्वक परिपालन की डगर पर भी आगे बढ़ता दिखाई दे रहा है। इन दिनों जब पाकिस्तान बार-बार भारत से सिंधु जल संधि को स्थगित करने के अपने फैसले पर पुनर्विचार करने का आग्रह कर रहा है, तब पूरी दुनिया में हाल ही में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के द्वारा राष्ट्र के नाम दिए गए संबोधन का यह वाक्य गुंजित हो रहा है कि पानी और खून एक साथ नहीं बह सकते हैं। संदेश साफ है कि अब भारत इस पर कोई समझौता नहीं करेगा। साथ ही अब भारत के द्वारा पाकिस्तान पर लगाए गए दमदार आर्थिक प्रतिबंधों से भी पाकिस्तान को पूरी तरह से पस्त करने की डगर महत्वपूर्ण हो गई है। चूंकि तनाव के इस दौर में चीन, तुर्किए और अज़रबैजान न केवल पाकिस्तान के साथ खुलकर खड़े रहे, बल्कि इन देशों ने पाकिस्तान को हथियारों की आपूर्ति भी की, अतएव भारत इन देशों के सामानों के बहिष्कार और चीन से बढ़ते व्यापार घाटे को रोकने के लिए आयातों को नियंत्रित करने की नई रणनीति के साथ भी आगे बढ़ता दिखाई दे रहा है। उल्लेखनीय है कि हाल ही में विश्व बैंक के प्रमुख अजय बंगा ने कहा कि सिंधु जल संधि में अंतरराष्ट्रीय वित्तीय संस्थान की भूमिका सिर्फ मध्यस्थ की है और वह भारत की ओर से संधि के निलंबन पर कोई दखल नहीं देगा। ज्ञातव्य है कि भारत ने पहलगाम आतंकी हमले के बाद संधि निलंबित की है। 6 मई को प्रधानमंत्री मोदी ने दिल्ली में एक कार्यक्रम में कहा कि पहले भारत के हक का पानी भी भारत से बाहर जा रहा था। अब भारत का पानी भारत के हक में बहेगा। मोदी का यह वक्तव्य ऐसे समय आया है जब भारत ने आतंकी हमले के जवाब में 1960 में हस्ताक्षरित सिंधु जल संधि को निलंबित कर दिया है। इससे पाकिस्तान की आर्थिकी पर प्रतिकूल असर पड़ेगा। गौरतलब है कि सिंधु जल संधि के तहत करीब 80 फीसदी पानी पाकिस्तान को मिलता रहा है। यह बात भी ध्यान देने लायक है कि सिंधु जल संधि को 1965, 1971 और 1999 में पाकिस्तान के साथ युद्ध के समय भी स्थगित नहीं किया गया था। भारत के द्वारा सिंधु जल संधि का स्थगन इसलिए अहम है, क्योंकि पाकिस्तान का एक बड़ा हिस्सा सिंधु नदी के पानी पर पेयजल और खेती से बिजली उत्पादन तक की गतिविधियों के लिए निर्भर है। एक अनुमान के मुताबिक पाकिस्तान के जीडीपी का करीब 25 फीसदी सिंधु जल व्यवस्था पर निर्भर है। इस स्थगन से पाकिस्तान की



बौखलाहट साफ दिखाई दे रही है। इतना ही नहीं सिंधु जल संधि निलंबित किए जाने के बाद भारत ने चिनाब नदी पर बगलिहार बैराज से पानी के प्रवाह को रोक दिया है। झेलम नदी पर बने किशनगंगा बांध से ऐसे कदम उठाने की रणनीति बनाई जा रही है।

उल्लेखनीय है कि विगत 3 मई को भारत ने पाकिस्तान के साथ सभी प्रकार के कारोबार पर पूरी तरह रोक लगा दी है। पाकिस्तान में तैयार या वहां से निर्यात किए जाने वाले सभी सामानों के आयात और पाक को सभी प्रकार के निर्यात पर रोक लगा दी गई है। यहीं नहीं जहां पाकिस्तान का झंडा लगे जहाजों को किसी भी भारतीय बंदरगाह पर जाने की अनुमति नहीं दी जाएगी, वहीं भारतीय ध्वज वाले जहाज पाकिस्तान के किसी भी बंदरगाह पर नहीं जाएंगे। सरकार ने पाकिस्तान से आने वाली सभी प्रकार की डाक और पार्सल सेवाओं के आदान-प्रदान को तुरंत प्रभाव से निलंबित करने का भी निर्णय लिया है। यह निर्णय हवाई और जमीनी दोनों मार्गों पर लागू हुआ है। यह निर्णय पाकिस्तान की अर्थव्यवस्था को भी प्रभावित करता दिखाई देगा, क्योंकि भारत से आयातित कई वस्तुओं का परिवहन डाक सेवाओं के जरिए भी किया जाता है। भारत ने अटारी लैंड-ट्रांजिट पोस्ट को भी तत्काल बंद कर दिया है। यदि हम भारत और पाकिस्तान के कारोबार को देखें तो पाते हैं कि अप्रैल 2024 से जनवरी 2025 के बीच भारत ने पाकिस्तान को करीब 447.65 मिलियन डॉलर मूल्य की वस्तुओं का निर्यात किया और भारत ने इस दौरान पाक से मात्र 0.42 मिलियन डॉलर मूल्य की वस्तुओं का आयात किया। इन आंकड़ों का विश्लेषण बताता है कि पाक को भारत के निर्यात रुकने से पाकिस्तान की घरेलू अर्थव्यवस्था मुश्किल में होगी और महंगाई बढ़ेगी। वहीं भारत में पाक से आयात रुकने पर भारत के बाजार और महंगाई पर कोई असर नहीं होगा। यह छोटी बात नहीं है कि दुनिया के उभरते हुए देशों की तुलना में भारत की अर्थव्यवस्था सबसे तेजी से आगे बढ़ रही है। माह अप्रैल 2025 में जीएसटी का संग्रह 2.09 लाख करोड़ रुपये स्तर पर पहुंच गया, जो किसी महीने अभी तक का सर्वाधिक रिकॉर्ड राजस्व है। पिछले वर्ष 2024-25 में जीएसटी और इनकम टैक्स संग्रहण रिकॉर्ड ऊंचाई पर रहा है। हाल ही में वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण ने आईएमएफ को दिए एक डॉक्यूमेंट में कहा है कि भारत की घरेलू अर्थव्यवस्था मजबूत बनाई जा रही है और सरकारी ऋण के बेहतर प्रबंधन से भारत का राजकोषीय घाटा भी नियंत्रित है। आईएमएफ और विश्व बैंक का मानना है कि भारत चुनौतियों के बीच संभावनाओं वाला देश है और वैश्विक व्यापार को बढ़ाने वाला इंजन बन सकता है। निःसंदेह भारत दमदार आर्थिकी तैयार करते हुए आगे बढ़ रहा है। सरकार द्वारा घरेलू अर्थव्यवस्था को मजबूती देने के लिए कुछ और बातों पर ध्यान दिया जाना लाभप्रद होगा। भारत में आत्म निर्भरता की नीति और वोकल फॉर लोकल मंत्र को बढ़ाना होगा। इससे स्थानीय और घरेलू बाजार तेजी से आगे बढ़ेंगे। जीएसटी में सरलता, निवेश के लिए अधिक अनुकूल माहौल, कुशल बुनियादी संरचना, लॉजिस्टिक लागत में कमी, व्यवसाय करने की प्रक्रिया की सरलता जैसे रणनीतिक कदमों से भारत के घरेलू बाजार की चमक बढ़ाई जा सकेगी।

पाकिस्तान को आर्थिक रूप से पस्त करने और भारत को आर्थिक रूप से तेजी से आगे बढ़ाने के रणनीतिक प्रयत्नों के साथ यह भी जरूरी है कि पाक को खुले रूप से समर्थन दे रहे तुर्किए, अजरबेजान, बांग्लादेश और चीन के उत्पादों के बहिष्कार की रणनीति पर आगे बढ़ा जाए। चीन से आयात नियंत्रण के लिए सरकारी प्रयासों के साथ देश के उपभोक्ताओं के द्वारा भी स्वदेशी वस्तुओं के उपयोग के संकल्प के साथ आगे बढ़ना होगा। हम उम्मीद करें कि ऑपरेशन सिंदूर के तहत मुंहतोड़ जवाब देने के बाद अब भारत पाकिस्तान को आर्थिक दबाव और आर्थिक प्रतिबंधों से भी पस्त करते हुए दिखाई देगा।

(लेखक ख्यात अर्थशास्त्री हैं, ये उनके अपने विचार हैं।)

लेख पर अपनी प्रतिक्रिया **edit@haribhoomi.com** पर दे सकते हैं।

## क्षमा करें और भूल जाएं



संकलित
दर्शन

जीवन में हमें कई बार चुनौतियों और निराशाओं का सामना करना पड़ता है। जीवन में हमारा किसी न किसी ऐसी घटना से साक्षात्कार होता है, जो हमें पसंद नहीं होती या जिसके कारण हमें दुख होता है। जैसे किसी व्यक्ति ने हमारा किसी तरह अनुचित किया हो, शब्दों से हमें भावनात्मक रूप से दुख पहुंचाया हो या शारीरिक कष्ट पहुंचाया हो। परिणाम यह होता है कि हम निराश, दुखी और क्रोधित हो जाते हैं। जब तक हम किसी को क्षमा नहीं करते, तब तक हमारे साथ क्या होता है? हम हमेशा उसी घटना के बारे में सोचते रहते हैं या किसी और से भी उन बातों को दोहराते रहते हैं। कुछ लोग जिनका स्वयं पर नियंत्रण नहीं होता, वे शारीरिक रूप से उस व्यक्ति को हानि पहुंचाते हैं या अपना क्रोध किसी और पर निकालते हैं। ऐसा होने पर हम अपने चारों ओर नकारात्मक वातावरण पैदा कर लेते हैं। अपने मन की शांति खो देते हैं। कुछ क्षणों में घटित हुई घटना के लिए हम अपने जीवन के तमाम घंटे इस बात में लगा देते हैं कि उसका बदला कैसे लें। यदि हम इसके बजाय क्षमा कर दें तो हम इस समय का शांतिपूर्वक सदुपयोग कर सकते हैं। हम अपना ध्यान उस ओर लगाएं, जो आध्यात्मिक रूप से मददगार हो। जैसे कि पिता-परमेश्वर को याद करना, ध्यान-अभ्यास करना, निष्काम सेवा करना और आध्यात्मिक लाभ प्राप्त करना। आध्यात्मिक मार्ग पर ध्यान-अभ्यास में सफलता अपने मन को स्थिर करके अंतर में ध्यान टिकाने पर निर्भर है। हमारे ध्यान-अभ्यास में जो सबसे बड़ी बाधा है, वह है ऐसा कुछ होना जो हम नहीं चाहते और जिसे हम भुला नहीं पाते।

## शुभ कार्य तत्काल करो



संकलित
प्रेरणा

कोई स्त्री अपने पिता के यहां से लौटी थी, अपने पति से कह रही थी -'मेरा भाई विरक्त हो गया है। वह अगली दीवाली पर दीक्षा लेकर साधु होने वाला है। अभी से उसने तैयारी प्रारंभ कर दी है। वह अपनी संपत्ति की उचित व्यवस्था करने में लगा है।' पत्नी की बात सुनकर पति मुस्कुराया। स्त्री ने पूछा–'तुम हंसे क्यों ? हंसने की क्या बात थी।!' पति बोला-'और तो सब ठीक है, किंतु तुम्हारे भाई का वैराग्य मुझे बहुत अद्भुत लगा। वैराग्य हो गया है दीक्षा लेने की तिथि अभी निश्चित हुई है और वह संपत्ति की उचित व्यवस्था में लगा है।'! भौतिक संपत्ति में बुद्धि और इस उत्तम काम में भी इतनी दूर की योजना! इस प्रकार की तैयारी करके त्याग नहीं हुआ करता। त्याग तो सहज ही हुआ करता है। स्त्री को बुरा लगा वह बोली -'ऐसे ज्ञानी हो तो तुम्हीं क्यों कुछ कर नहीं दिखाते।' 'मैं तो तुम्हारी अनुमति की ही प्रतीक्षा में था।' पुरुष ने वस्त्र उतार दिए और एक धोती मात्र पहने घर से निकल पड़ा। स्त्री ने समझा कि यह परिहास है। थोड़ी देर में उसका पति लौट आवेगा, परंतु वह तो लौटने के लिए गया ही नहीं था। सच है वैराग्य के लिए कोई तिथि नहीं सोची जाती। वैराग्य के लिए मन, कर्म और अपने विचार अपने नियंत्रण में होना जरूरी है। तभी हम वैराग्य के बारे में कल्पना कर सकते हैं।

## अंतर्मन




## आज की पाती

### देश की सुरक्षा पर मंडराता खतरा

कैथल से गिरफ्तार देवेंद्र सिंह पर आरोप है कि उसने ऑपरेशन सिंदूर के दौरान कई संवेदनशील जानकारियां आईएसआई को दीं। यह व्यक्ति दो साल पहले पाकिस्तान के सिख धार्मिक स्थल ननकाना साहिब की यात्रा पर गया था, जहां उसकी मुलाकात आईएसआई एजेंटों से हुई। इसके बाद से वह धार्मिक यात्रा की आड़ में बार-बार ननकाना साहिब जाकर गुप्त सूचनाएं साझा करता रहा। हाल ही में, इसके पास से पंजाब के पठानकोट एयर बेस की खुफिया तस्वीरें भी बरामद की गई हैं, जो इसकी गहरी साजिश का प्रमाण हैं। यह घटना केवल एक व्यक्ति की गद्दारी तक सीमित नहीं है। देवेंद्र सिंह ने ऑपरेशन सिंदूर के समय कई महत्वपूर्ण जानकारियां आईएसआई तक पहुंचाई। उस पर कार्रवाई होनी चाहिए। – *संतोष जैन, धमतरी*

## ट्रेंड

### विचारों का अच्छा आदान-प्रदान



हेग में रणनीतिक विशेषज्ञों के साथ विचारों का अच्छा आदान-प्रदान हुआ। चर्चा की गई कि भारत और नीदरलैंड/यूरोपीय संघ को बहुध्रुवीयता और रणनीतिक स्वायत्तता के युग में और अधिक गहराई से क्यों जुड़ना चाहिए।

**-एस. जयशंकर, विदेश मंत्री**

### पश्चिमी तट की स्थिति पर सोचें



गाजा के अलावा, हमें कब्जे वाले पश्चिमी तट की भयानक स्थिति पर भी ध्यान केंद्रित करना चाहिए। विलय अवैध है। केवल दो-राज्य समाधान ही स्थायी शांति प्रदान कर सकता है: इज़राइल और फिलिस्तीन शांति और सुरक्षा के साथ-साथ रह रहे हैं।

**-एंटोनियो गुतारेस, यूएन महासचिव**

### चुप्पी निंदनीय



विदेश मंत्री जयशंकर की चुप्पी बयानबाजी नहीं है- यह निंदनीय है, इसलिए मैं फिर से पूछूंगा: हमने कितने भारतीय विमान खो दिए क्योंकि पाकिस्तान को पता था? यह कोई चूक नहीं थी। यह अपराध था। देश को सच्चाई का हकदार होना चाहिए।

**-राहुल गांधी, नेता प्रतिपक्ष**

### ज्ञान हमेशा रहता है



अपने बच्चों को सिर्फ वो मत दीजिए जो आपके पास कभी नहीं था। उन्हें वो सिखाइए जो आपको कभी नहीं सिखाया गया। उपहार फीके पड़ जाते हैं। लेकिन ज्ञान? वो हमेशा के लिए रहता है।

**-हर्ष गोयनका, उद्योगपति**

## करंट अफेयर

### भारत विरोधी गतिविधियों के आरोप में ओसीआई रद्द



लंदन स्थित वेस्टमिंस्टर विश्वविद्यालय में राजनीति और अंतरराष्ट्रीय संबंधों की एक ब्रिटिश कश्मीरी प्रोफेसर ने दावा किया है कि कथित भारत विरोधी गतिविधियों के कारण भारतीय अधिकारियों ने उनकी प्रवासी भारतीय नागरिकता (ओसीआई) रद्द कर दी है। निताशा कौल ने सोशल मीडिया पर भारत सरकार से प्राप्त पत्र का विवरण पोस्ट किया, जिसमें उन पर 'दुर्भावना से प्रेरित होने और तथ्यों या इतिहास की पूर्ण अवहेलना' करने का आरोप लगाया गया है। यह घटनाक्रम फरवरी में उनके पिछले पोस्ट के बाद सामने आया है, जब शिक्षाविद ने कथित तौर पर बेंगलुरु में एक सम्मेलन में भाग लेने के लिए भारत में प्रवेश न करने देने को लेकर पलटवार किया था। कौल ने 'एक्स' पर अपने पोस्ट में कहा, 'जानती हूं कि नफरत के खिलाफ बोलने पर भारत में शिक्षाविदों को गिरफ्तार करना भारत के बाहर के शिक्षाविदों के लिए देश और परिवार तक पहुंच को खत्म करने से जुड़ा हुआ है।' उन्होंने कहा, ''विचार यह है कि एक संकेत दिया जाए – हमें अंदर से चुनौती देने की हिम्मत मत करो और बाहर के लोगों को संदेश देने के लिए जो कुछ हो रहा है उसका विश्लेषण करने की हिम्मत मत करो।'

## ऑफ बीट

### औषधीय भांग का इस्तेमाल करने वालों की संख्या बढ़ी



ऑस्ट्रेलिया में चिकित्सक लोगों को पहले से कहीं अधिक औषधीय भांग लेने का परामर्श दे रहे हैं। औषधीय भांग का मतलब कानूनी रूप से निर्धारित भांग उत्पादों से है। ये या तो पौधे ही होते हैं, या पौधे से निकाले गए प्राकृतिक तत्व होते हैं। टेट्राहाइड्रोकैनाबिनोल (टीएचसी) और कैनाबिडियोल (सीबीडी) जैसे तत्वों को कैनाबिनोइड्स कहा जाता है। कुछ कैनाबिनोइड्स प्रयोगशालाओं में भी बनाए जाते हैं और ये पौधे में मौजूद तत्वों की तरह काम करते हैं। औषधीय भांग विभिन्न रूपों में आती है, जैसे तेल, कैप्सूल, सूखे फूल (वाष्पीकरण में इस्तेमाल किए जाने वाले), स्प्रे और खाद्य रूप जैसे 'गमी' आदि। वर्ष 2016 में विनियामक परिवर्तनों के बाद से औषधीय भांग को अधिक सुलभ बनाया गया है। ऑस्ट्रेलिया के नियामक ने 7,00,000 से अधिक अनुमोदन जारी किए हैं इनमें से लगभग आधे अनुमोदन ऐसे पुराने दर्द के लिए हैं जो कैंसर के कारण नहीं है। ऑस्ट्रेलिया में 45 वर्ष या उससे अधिक आयु का पांच में से एक व्यक्ति क्रॉनिक दर्द (पुराने दर्द) से पीड़ित है जिसका लोगों के जीवन पर बहुत बड़ा प्रभाव पड़ता है।

## अपने विचार

**हरिभूमि कार्यालय**

टिकरापारा, रायपुर में पत्र के माध्यम से या फैक्स : 0771-4242222, 23 पर या सीधे मेल से **hbcgpati@gmail.com** पर भेज सकते हैं।

# कान्स में दिखा मौनी का हॉट अवतार



## ब्लैक ड्रेस में बिखेरा जलवा

**पेरिस।** 78वें कान्स फिल्म फेस्टिवल में भारतीय सेलेब्स का पहुंचना लगातार जारी है। उर्वशी रौतेला और जैकलीन फर्नांडीज से लेकर नितांशी गोयल जैसे सितारे अब तक कान में इस साल नजर आ चुके हैं। अब इसी कड़ी में टीवी से लेकर बॉलीवुड तक का सफर करने वाली अभिनेत्री मौनी रॉय का भी नाम शामिल हो गया है।

मौनी रॉय ने कान्स में अपनी खूबसूरती का जलवा बिखेरा है। कान फिल्म फेस्टिवल से मौनी रॉय की तस्वीरें सामने आई हैं। ब्लैक ड्रेस में मौनी रॉय काफी खूबसूरत नजर आईं। मौनी ने अपने बालों को पिछे लेकर छोटा सा बन बनाया हुआ है। साथ में गले में एक नेकलेस पहनकर अपने लुक को कंप्लीट किया है। इस साधारण लुक में मौनी काफी ग्लैमरस और खूबसूरत नजर आ रही हैं। मौनी रॉय की अलग-अलग पोज में तस्वीरें अब वायरल हैं, जिन्हें लोग पसंद कर रहे हैं।

*कान फिल्म फेस्टिवल का रेड कार्पेट ग्लैमर और स्टाइल के लिए जाना जाता है। इसी कड़ी में भारतीय अभिनेत्री उर्वशी रौतेला भी अपने एक से बढ़कर एक ड्रेसेस से फैंस का दिल जीतते हुए नजर आ रही हैं। हालांकि एक्ट्रेस के साथ हाल ही में ऊप्स मोमेंट हो गया जो अब इंटरनेट पर चर्चाओं का कारण बन गया है।*

# उर्वशी का 'वार्डरोब मालफंक्शन'

## हादसा या प्री-प्लान्ड ? सोशल मीडिया पर छिड़ी बहस

हाल ही में उर्वशी एक खूबसूरत ब्लैक गाउन में रेड कार्पेट पर नजर आईं। अपनी दूसरी मौजूदगी के दौरान इस आउटफिट में अभिनेत्री गजब की लग रही थीं। जैसे ही अभिनेत्री आईं तो कैमरे तुरंत उनकी ओर घूम गए। लेकिन इसी बीच सभी का ध्यान उर्वशी के ड्रेस के उस हिस्से पर गया जो थोड़ा फटा हुआ दिखा।

### सोशल मीडिया पर छिड़ी बहस

उर्वशी इस बात से बेखबर होकर कैमरे पर जमकर पोज दे रही थीं। वहीं कैमरे में यह ऊप्स मोमेंट कैद हो गया जो अब तेजी से सोशल मीडिया पर वायरल हो रहा है। इसी मुद्दे को लेकर अब



बहस भी छिड़ चुकी है। सोशल मीडिया पर वीडियो वायरल होते ही यूजर्स की प्रतिक्रियाएं तेज हो गईं।

### कई यूजर्स ने उड़ाया मजाक

कुछ ने चुटकी लेते हुए कहा, 'क्या उर्वशी पहली भारतीय अभिनेत्री हैं जिनकी ड्रेस कान्स में फटी?' वहीं एक यूजर ने मजाक में लिख दिया, 'पहले रिवॉल्विंग डोर में फंसी, फिर तोते जैसे लुक में आईं, अब फटी ड्रेस में दिखीं- उर्वशी का फैशन चार्ट नीचे गिरता ही जा रहा है!'

### कई यूजर्स ने बताया सोचा-समझा प्लान

कई सोशल मीडिया यूजर्स ने तो इस घटना की प्रामाणिकता पर सवाल खड़े किए। कुछ ने कहा कि यह सब ध्यान खींचने के लिए किया गया हो सकता है। एक कमेंट में लिखा गया, 'लगता है अब वो जानबूझकर कुछ अजीब कर रही हैं या फिर कोई उन्हें जानबूझकर खराब दिखाने की कोशिश कर रहा है।' वहीं एक यूजर ने लिखा, 'जिसने ये ड्रेस बनाई थी, वो अब निकाला जाएगा'। कुल मिलाकर चाहे यह हादसा हो या प्रचार की रणनीति, एक बात तो तय है- उर्वशी रौतेला ने एक बार फिर इंटरनेट का ध्यान खींचने में कोई कसर नहीं छोड़ी।

# किसिंग सीन से चर्चा में एक्ट्रेस तृषा...



**मुंबई।** साउथ सुपरस्टार कमल हासन की बहुप्रतीक्षित फिल्म 'ठग लाइफ' का हाल ही में ट्रेलर लॉन्च किया गया। इस फिल्म में एक सीन देख कर नेटिजंस भड़क गए हैं। इस सीन में अभिनेत्री तृषा कृष्णन और अभिनेता कमल हासन के बीच रोमांटिक सीन दिखाया गया है, जिसमें दोनों के बीच किसिंग सीन को फिल्माया गया है। इस कारण से सोशल मीडिया पर यूजर्स उन्हें ट्रोल कर रहे हैं। आइए जानते हैं तृषा कृष्णन के बारे में कि वो कब-कब चर्चाओं में रहीं। साउथ अभिनेत्री तृषा कृष्णन और साउथ सुपरस्टार दलपति विजय के अफेयर्स की खूब चर्चाएं हुईं थीं। विजय और तृषा को पहली बार साल 2004 में रिलीज हुई फिल्म 'घिल्ली' में देखा गया था, जो एक शानदार फिल्म साबित हुई थी। इसके बाद भी दोनों कई फिल्मों में साथ नजर आए। साल 2008 के बाद दोनों के बीच अफेयर्स की अफवाहें सामने आईं। अभिनेता और फिल्म निर्माता राणा दग्गुबाती के साथ भी अभिनेत्री तृषा कृष्णन के अफेयर की खबरें सामने आईं थीं। यह अफवाह इतनी फैली कि उनके फैंस को लगा कि ये दोनों शादी के बंधन में बंधने वाले हैं। हालांकि, दोनों ने कभी भी अपने रिश्तों की आधिकारिक घोषणा नहीं की थीं, लेकिन सार्वजनकि तौर पर उनकी गतिविधियां बहुत कुछ बयां कर देती थी।

# 'तन्वी द ग्रेट' की रिलीज डेट का ऐलान

**मुंबई।** अनुपम खेर इन दिनों अपनी आगामी फिल्म 'तन्वी द ग्रेट' को लेकर चर्चाओं में हैं। अनुपम इस फिल्म का निर्देशन कर रहे हैं। हाल ही में फिल्म को



कान फिल्म फेस्टिवल में दिखाया गया था। जहां काफी प्रशंसा भी मिली थी। अब अनुपम खेर ने फिल्म की रिलीज डेट की भी घोषणा कर दी है। जिसके बाद फैंस फिल्म को लेकर काफी उत्साहित हैं। फिल्म की कास्ट के साथ कान फिल्म फेस्टिवल में पहुंचे अनुपम खेर ने सोशल मीडिया पर एक वीडियो शेयर करके फिल्म की रिलीज के बारे में जानकारी दी है। वीडियो में वो फिल्म से जुड़े अनुभव साझा करते हैं। साथ ही फिल्म की शूटिंग के बारे में भी बात करते हैं। वीडियो में अनुपम भावुक नजर आ रहे हैं। इस वीडियो में अनुपम खेर ने फिल्म के बारे में बात करते हुए इसकी रिलीज डेट के बारे में जानकारी दी। अनुपम ने बताया कि फिल्म भारत में 18 जुलाई को सिनेमाघरों में रिलीज होगी।

# सस्पेंस थ्रिलर फिल्म में आएंगी नजर...



**मुंबई।** बॉलीवुड को अब एक नई और फ्रेश जोड़ी देखने को मिलने वाली है। आदर्श गौरव और शनाया कपूर जल्द ही अपनी मोस्ट अवेटेड फिल्म तू या मैं की शूटिंग शुरू करने वाले हैं। इस फिल्म को मशहूर निर्देशक बिजॉय नांबियार डायरेक्ट कर रहे हैं, और खास बात है कि यह प्रोजेक्ट अपने यूनिक कॉन्सेप्ट के लिए पहले ही सुर्खियां बटोर चुका है। अधिक जानकारी के लिए पढ़ें पूरी खबर। ताजा रिपोर्ट के अनुसार, आदर्श गौरव और शनाया कपूर जून 2025 की शुरुआत में तू या मैं की शूटिंग शुरू करने वाले हैं। इस फिल्म का टीजर पहले ही रिलीज हो चुका है, जिसने ऑडियंस के बीच एक्साइटमेंट को काफी हाई कर दिया है। आदर्श, जो द व्हाइट टाइगर और खो गए हम कहां जैसी फिल्मों के लिए मशहूर हैं, इस प्रोजेक्ट में एक छोटे शहर के सोशल मीडिया इन्फ्लुएंसर का किरदार निभाने वाले हैं।

# टीवी एक्ट्रेस शिवांगी को रूमर्ड बॉयफ्रेंड ने किया बर्थ डे विश



**मुंबई।** शिवांगी जोशी को दर्शक सीरियल 'ये रिश्ता क्या कहलाता है' के जरिए पहचानते हैं। वह इस सीरियल से घर-घर मशहूर हुईं। इन दिनों शिवांगी एक नए सीरियल की शूटिंग कर रही हैं। हाल ही में एक्ट्रेस ने अपना जन्मदिन परिवार के साथ मनाया और सेलिब्रेशन की कई तस्वीरें इंस्टाग्राम पर साझा की हैं। शिवांगी ने अपने जन्मदिन की जो तस्वीरें सोशल मीडिया पर साझा की हैं, उनमें वह आसमानी रंग की ड्रेस पहने नजर आ रही हैं, साथ ही एक प्रिंसेस वाला टियारा यानी क्राउन भी उनके हाथ में नजर आ रहा है। एक तस्वीरें में वह अपने परिवार के साथ जन्मदिन का केक काट रही हैं। शिवांगी की इन तस्वीरों को फैंस ने भी काफी लाइक किया है। कुशल टंडन ने भी शिवांगी जोशी को बर्थ डे विश किया है, एक इंस्टाग्राम स्टोरी एक्ट्रेस के जन्मदिन पर लगाई है। इस पोस्ट में शिवांगी की तस्वीर लगी है और उस पर लिखा है, 'हैप्पी बर्थ डे, डियर।

epaper : www.haribhoomi.com
# हरिभूमि CLASSIFIED
Email : response.haribhoomi@gmail.com

आवश्यकता आपकी सुविधा हमारी
Contact for advertisment booking :
Raipur- 79871-19756
6263818152

## Appointment आवश्यकता

### सिक्योरिटीगार्ड

आवश्यकता है- सुरक्षा गार्ड 50 ऊंचाई 5.5 इंच योग्यता 5वी से 12वीं वेतन 12000 से 19500 तक (ESIC, PF, Bonus और रहना फ्री) खाने की सुविधा दस्तावेज (आधार कार्ड, पेन कार्ड, 10वीं अंकसूची, बैंक पासबुक, 8 पासपोर्ट फोटो) कार्यालय शॉप नं. 08 प्रथम तल, कमला सुपर बाजार, तेलघानी चौक, रायपुर छत्तीसगढ़ फोन 0771-4036689 मों. 9770304037, 8120957510.(RO-7305)

आवश्यकता है- सुरक्षा गार्ड, सुपरवाइजर, फिल्ड अधिकारी, कंप्यूटर ऑपरेटर, योग्यता 10वीं, स्नातकोत्तर, वेतन योग्यतानुसार संपर्कः- ALERT SGS PRIVATE LIMITED, भर्ती कार्यालय, साकरा चौक सिलतरा रायपुर, सिटी ऑफिस, 434 चतुर्थतल प्रोगेसिव पॉइंट लालपुर रायपुर छत्तीसगढ़ 7746000016, 7747000019, 7747000016, 7746000019.(RO-074)

आवश्यकता है- G.S सिक्योरिटी ,को रायपुर के लिए सिक्योरिटी गार्ड की, सेलरी. 12000 से 13000, सुपरवाइजर,15000.16000, रहने की सुविधा फ्री EPF and ESIC लागू, संपर्क करें - 9993335387. (RO-6935)

आवश्यकता है- तत्काल भर्ती सुरक्षा गार्ड- 50, फिल्ड आफिसर 5 (कार चलाना जानता हो), कम्प्यूटर आपरेटर (पूर्ण अनुभवी) चाहिए वेतन 9500 से 20000 पता- बालाजी प्लाजा हेमू नगर बिलासपुर छत्तीसगढ़ 8461881111, 8299144824. (RO-37731)

हरिभूमि क्लासीफाईड

### दुकान कार्य

आवश्यकता है- थोक दवा दुकान 1. दुकान- कार्य 03- लड़को/ लड़कियों 2. सामान वितरण/ डिलीवरी - 04 लड़कों/ लड़कियों 3. खाता /अकाउंट कार्य-02 दो लड़कों /लड़कियों की आवश्यकता है। संपर्क- 09826192427, करमचंद मेडिकोज 17-A, पुराना मेडिकल कंपलेक्स, मेंकाहारा के पास, रायपुर। (RO-6904)

आवश्यकता है- पम्प एंव नल फिटिंग पाइप दुकान में काम करने हेतु आवश्यकता , सैलरी 10000-12000, हम्माल की सैलरी 15000, बजाज एंटरप्राइजेज स्टेशन रोड रायपुर 9644433085, 9425843865.(RO-502)

### सेल्समैन

Wanted- Sales Executive for Door-to-Door Sales Palini is hiring a smart, confident Sales Executive to sell *premium* hand-crafted products to *premium* clients. Door-to-door sales in Raipur and other cities.Attractive incentives on every sale.Contact:9669841111.(RO-6934)

### हेल्पर/वेल्डर

आवश्यकता है- पाइप लाइन हाइड्रेंट वाटर सिस्टम में हेल्पर, वेल्डर, फिटर की अतिशीघ्र आवश्यकता है संपर्क 14 रविशंकर शुक्ला मार्केट पावर हाउस भिलाई मो. -9755140787, 9329011025.(आरो-751)

आवश्यकता है- वैल्डर वा हेल्पर की नौकरी और काम सीखने के लिए सम्पर्क करे गौरव इंजीनियरिंग वर्कस,धमधा रोड दुर्ग बायपास के नजदीक phone no. 9329870104 (आरो नं.-1577)

### कुली/चौकीदार

आवश्यकता है- रायपुर स्थित दाल मिल में कार्य हेतु 04 कुली (मजदुर) की आवास सुविधा उपलब्ध। 09 चौकीदार जो कि मिल में रह सके। संपर्क अविनाश 7725800600 कन्हैयालाल संतोष कुमार दाल मिल बंजरपारा सड्डु अंबुजा मॉल के पास रायपुर (RO-6936)

### फील्ड कार्य

आवश्यकता है- प्रत्येक जिला के सभी क्षेत्रों मे महिला समूह में फील्ड कार्य करने के लिए लड़के - लड़कियों या महिला - पुरुष की आवश्यकता है अनुभवी को प्रार्थमिकता, वेतन योग्यतानुसार। सम्पर्क करे - 6232483662.(RO-6933)

### ड्रायवर/सेल्समैन

आवश्यकता है- चायपत्ती के फैक्ट्री में गाडी चलाने के लिये ड्राइवर एंव अनुभवी सेल्समैन कि आवश्यकता है। संपर्क करें- जैन ट्रेडर्स नियर SBI ATM के सामने गली आकृति विहार अम्लीडीह रायपुर। मो . 74699-80000, 0771-4075490 (RO-6919)

### कीपर/लेबर

आवश्यकता है- गोडाऊन में कार्य हेतु एक गोडाउन कीपर और एक लेबर की । सोना ट्रेडिंग कंपनी, शांता स्वीट्स के पास, भनपुरी बाजार चौक, भनपुरी, रायपुर । संपर्क- 6266694683 (समय - 10 से 6) (RO-782)

### फैक्ट्री कार्य

आवश्यकता है- रायपुर पीवीसी पाइप फैक्ट्री में कार्य करने हेतु लड़कों की आवश्यकता है वेतन 12000+ सप्ताहिक छुट्टी, रुम, पानी की सुविधा। सम्पर्क करें- बंजारी मन्दिर के पास, रावाभाटा रायपुर 7909900309, 6261616668.(RO-1486)

क्लासीफाईड

### ऑफिस कार्य

आवश्यकता है- टेलीकॉलिंग ऑफिस कार्य के लिए लड़कियां एवं महिलाओं की आवश्यकता है. योग्यता 10वीं 12वीं पास इत्यादि. सैलरी + कमीशन + बोनस. लोकेशन- शंकर नगर रायपुर, छत्तीसगढ. मोबाइल नंबर- 8962482193.(RO-6466)

आवश्यकता है- सारागांव बिजली ऑफिस में स्मार्ट मीटर के लिए 10वीं 12वीं पास व आई.टी.आई. किए हुये लड़कों की आवश्यकता है। स्थान :- अडसेना, मोंहदी, गनियारी, मटीयाडीह, बंगोली कुर्रा, भनसुली तर्रा, टोर, बरबन्दा में लड़कों की आवश्यकता है। सम्पर्क- 8962157828, 7828997228. (RO-6932)

आवश्यकता है- इंदौर मे ऑफिस कार्य हेतु 18 से 28 वर्ष के अविवाहित लड़कों की आवश्यकता है। योग्यता 10 वी 12वी स्नातक पास सैलरी 10,000 रहना खाना फ्री ज्वाइनिंग के बाद कमाए 15,000 से 20,000 - 9575712101, 7024520550.(RO-345)

आवश्यकता है- ऑफिस कार्य हेतु 18 से 28 वर्ष युवतियों, महिलाओं की आवश्यकता है। सैलरी 5,000 से 20,000 कमाने का अवसर पता खम्हारडीह पुलिस स्टेशन के पास न्यू सेल्स टैक्स कॉलोनी रायपुर संपर्क करें 9343467254, 7470490884.(RO-6931)

आवश्यकता है- श्रीमारूति कोरियर आंफिस में लड़कियों की एवं डाक-पार्सल बांटने लडके चाहिए। श्रीमारूति कोरियर, रिंगरोड-1, कालीमाता मंदिर के आगे, कुशालपुर, रायपुर काल- वाटशप 9399676408.(RO-90)

नोट - विज्ञापन प्रकाशन के पहले दिन ही करेक्शन मान्य होगा।

### कृषि कार्य

आवश्यकता है- पिरदा, रायपुर स्थित 4 एकड़ फार्म हाउस के लिए अनुभवी कृषक परिवार की आवश्यकता है जो फॉर्म में लगे फलों के पौधों का रखरखाव और सब्जी लगाने में जानकार हो साथ ही गार्डन साफ-सफाई करने में सक्षम हो, रहने की सुविधा उपलब्ध, संपर्क : 8435034111.(RO-92)

### ऑफिस/पैकिंग कार्य

आवश्यकता है- ऑफिस कार्य, माल पैकेजिंग, डिलवरी कार्य हेतु जो ई-रिक्शा चला सके 10वी, 12वी पास युवकों की आवश्यकता, मिलेः- डुको आर्ट शादीजा कंपाउंड LIG-64, बैंक ऑफ बड़ौदा के पास अवंति विहार रायपुर 99932-40022. (RO-6941)

### ड्रायवर

आवश्यकता है- घरेलू कार्य हेतु ड्राइवर की आवश्यकता है आधार कार्ड एवं ड्राइविंग लाइसेंस के साथ संपर्क करें। वेतन योग्यतानुसार A-30, आम्रपाली सोसायटी रायपुर संपर्क सूत्र- 8818928932, 9424225624. (RO-6926)

### स्टेशनरी कार्य

आवश्यकता है- बुक स्टाल व स्टेशनरी में कार्य करने हेतु ग्रेजुवेट लड़को/लड़कियों की आवश्यकता है। अनुभवी को प्राथमिकता। वेतन योग्यतानुसार। संपर्क :- श्री रामचंद बुक स्टाल, राज टाकीज के पास, पुराना बस स्टैंड, रायपुर। (RO-781)




### अन्य

आवश्यकता है- अर्जेंट भर्ती भारतीय वनविभाग को जिलानुसार लड़के लड़कियों की आवश्यकता पद संख्या- 725 वनरक्षक फील्ड ऑफिसर माली वनसिपाही सैलरी (27500+62500 ) पढ़ाई 8वी से स्नातक रहना +खाना की सुविधाएं आवेदन करने के लिए आधारकार्ड मार्कशीट फोटो व्हाट्सएप करे (धीरेंद्र कुमार)- 7392890179. (RO-887)

## Education शिक्षण

प्रवेश प्रारंभ - *फेल विद्यार्थी समय बचाए* :- पत्राचार, ओपन, प्राईवेट, द्वारा 10वी, 12वी निश्चित सफलता के साथ पास करेः- B.ED, B.A, B.COM, B.Sc, BCA, MCA, BBA, M.A, M.COM, M.SC, MBA, MSW, B.LIB, M.LIB, DCA, PGDCA, POLY-TECHNIC, B.Tech, (*अपनी अधूरी पढ़ाई एक साल में पूरी करे*) सभी कोर्सेस मान्यता प्राप्त युनिवर्सिटी द्वारा। संपर्कः- *Bharti Education Academy* *Sector-6 Bhilai* Mo.- 9826196515, 9826896515 (आरो न.-7179)

## Property प्रापर्टी

### प्लाट

बेचना है- चंद्रखुरी कौशल्या माता मंदिर से 500 मीटर पहले दिशा कॉलेज के पास 5600 वर्गफीट आगे पीछे रोड 600/- प्रति वर्गफीट से (2) माना बनरसी में 21742 वर्गफीट प्लॉट फ्रंट 127 का (3) बैरन बाजार कुंदन पैलेस के पास ढेबर आर्केड के नीचे दो दुकान लगभग 600 वर्गफीट संपर्कः- 9009604000..(RO-344)

हरिभूमि क्लासीफाईड

प्लॉट उपलब्ध है- दुर्ग बायपास टोलप्लाजा, किआ शोरूम के पास रेसिडेंशियल व कमर्शियल सर्वसुविधायुक्त प्लाट - विकसित क्लोज़्ड कैंपस, CC रोड, नाली, मंदिर, स्ट्रीट लाइट, मैरिज हॉल सहित। तुरंत मकान बना सकते हैं। संपर्कः- 7247006610, 7247006609.(आरो न.-7182)

## For Rent किराया

किराये से देना है- नेहरू नगर पूर्व मे 10x12 का कमरा किराये पर देना है, किराया 3000 रूपये प्रति माह। 24 घंटे बिजली,पानी की सुविधा। संपर्क करे 6265999532.(RO-5843)

विज्ञापन प्रकाशन हेतु संपर्क करें
62638-18152




## आवश्यक सूचना

पाठकों से अनुरोध है कि वे समाचार पत्र में प्रकाशित किसी भी विज्ञापन के संबंध में किसी भी प्रकार का कदम उठाने (पैसे भेजने, कोई भी खर्च उठाने, चिकित्सकीय सलाह, विवाह संबंधित) या किसी भी वादे-दावे पर अमल करने से पहले अच्छी तरह से जांच पड़ताल कर लें। पाठक पूर्ण जानकारी लेवें व स्वविवेक से निर्णय लेकर ही लेन देन करें। किसी भी उत्पाद या सेवाओं के संबंध में किए किसी भी विज्ञापनदाता के किसी प्रकार के दावों की हरिभूमि (प्रेस प्रबंधक व कर्मचारी) की कोई जिम्मेदारी नहीं होगी। प्रकाशक, संपादक कर्मचारी और हरिभूमि के स्वामी किसी विज्ञापन के संबंध में उठाए किसी कदम के नतीजे और विज्ञापन दाताओं के अपने वायदों पर खरा न उतरने के लिए जिम्मेदार नहीं होंगे।

## Healthcare

समस्या का स्थाई समाधान केवल आयुर्वेद में

● क्या आप को किसी प्रकार के वायरल या संक्रमण जन्य रोग हैं हेपाटाइटिस (ABC) या हर्पिस रोग स्त्री-पुरुष के गुप्तांग में दाने, फुंसी, छाले, चमड़ी का फटना खुजली, लाल होना, रुबेला, या सिफलिस, गोनेरिया (सूजाक), HIV(AIDS) रोग हैं।
● समस्त प्रकार के लाईलाज चमड़ी रोग सोरायसिस सिर एवं शरीर से ताँबे रंग के छिलके, रूसी, जोड़ों में दर्द, उँगलियो का टेढ़ा होना, नाखूनों का सड़ना।
● समस्त प्रकार के यौन समस्या, यौन कमजोरी एवं यौन रोग ध्यान रहें पुरुष के प्रकृति जन्य (इंद्रिय) को बड़ा मोटा करने का आज तक कोई भी उपाय नहीं हैं।सावधान!

सुविख्यात चिकित्सक
डॉ. एच.सी. अग्रवाल (एम.डी.)
निशांत अग्रवाल (फार्मा साईंटिस्ट)
रेल्वे स्टेशन रोड, स्वरूप टॉकीज के सामने बजाज गोल्ड फाइनेंस के पीछे दुर्ग
मोबाईल नं.- 9425555659
9617789223, 9303242200

छोटा लिंग निराश क्यों?
जोश जगा दे धूम मचा दे।



18 से 80 वर्ष तक लाभदायक
लिंग को 8-9 ईन्च लम्बा मोटा, कठोर बनाये। सैक्स टाइम 30 से 45 मिनट बढाएं।
नसों की कमजोरी नामर्दी,धातु का पतलापन,शुगर,बी.पी. में भी जबरदस्त लाभदायक।
घर बैठे मंगवाये।
लाभ नही तो पैसे वापिस।
08116592844

# कंपनी ने अपनाया एआई मॉडल, निकाले कर्मचारी, अब कर रही फिर से भर्ती

एजेंसी ▶▶| नई दिल्ली

एआई के खतरों से दुनिया को लगातार आगाह किया जा रहा है। बताया जा रहा है कि एक दिन एआई बुद्धिमत्ता में इंसानों को पछाड़ ही देगा। ज्यादातर लोग सहमत हैं कि एआई लोगों की नौकरी कम करने में अहम भूमिका निभाने वाला है। यह तो दिखने भी लगा है।

- एआई से सेवा की गुणवत्ता गिरी, कंपनी ने गलती मानी

एक कंपनी ने कुछ साल पहले आर्टिफीशियल इंटेलिजेंस को अपनाया था। इस चक्कर में कई लोगों की नौकरी चली गई थी। कंपनी ने कहा था कि एआई तो 700 लोगों का काम कर सकता है। लेकिन हाल ही में कंपनी ने उन्हीं निकाले गए कर्मचारियों को फिर से बुलाने का फैसला किया है और इसकी वजह कुछ अजीब से बताई है।

## स्वीडन की कंपनी क्लार्ना ने एआई अपनाकर 700 कर्मियों को किया था बाहर

### कंपनी नौकरियों को कर रही थी ऑटोमैटिक

स्वीडन की फिनटेक कंपनी क्लार्ना ने कुछ साल पहले आर्टिफीशियल इंटेलिजेंस को अपनाकर अपनी मार्केटिंग और कस्टमर केयर नौकरियों को ऑटोमैटिक करने का बड़ा फैसला लिया था। अब कंपनी को अपनी इस रणनीति पर पुनर्विचार करना पड़ रहा है। यहां तक कि क्लार्ना के सीईओ सेबेस्टियन सिएमियातकोव्स्की ने स्वीकार किया कि मानव कर्मचारियों को हटाकर एआई को प्राथमिकता देना एक गलती थी।



**सबसे बड़ी गलती :** सिएमियातकोव्स्की ने ब्लूमबर्ग को बताया, "लागत को प्राथमिकता देना हमारी सबसे बड़ी गलती थी। इससे सेवा की क्वालिटी में कमी आई।" उन्होंने माना कि गुस्साए ग्राहकों के साथ बातचीत में एआई एजेंट्स उतने प्रभावी नहीं थे, जितनी उम्मीद थी।

### पूरी तरह से रोक दी थी मानव भर्ती

अब कंपनी एक बड़ी भर्ती योजना शुरू कर रही है, जिसमें रिमोट मानव कर्मचारियों को ग्राहक सेवा के लिए नियुक्त किया जाएगा। 2023 में, क्लार्ना ने ओपनएआई के साथ साझेदारी के बाद मानव भर्तियों को पूरी तरह रोक दिया था। कंपनी ने पहले अपनी मार्केटिंग कॉन्ट्रैक्ट्स में कटौती की और फिर 2024 में कस्टमर केयर टीम को एआई एजेंट्स से बदल दिया। इस दौरान, कंपनी ने दावा किया कि उसका एआई सहायक 700 पूर्णकालिक कर्मचारियों के बराबर काम कर रहा है और ग्राहक सेवा में औसत समाधान समय 11 मिनट से घटकर 2 मिनट हो गया है।

### क्या हुआ था एआई के उपयोग से?

क्लार्ना ने यह भी कहा कि एआई के उपयोग से मार्केटिंग में 10 मिलियन डॉलर (85 करोड़ 60 लाख रुपयों) की बचत हुई, जिसमें अनुवाद, कला निर्माण, और डेटा विश्लेषण जैसे काम एआई को सौंपे गए। लेकिन इस लागत-केंद्रित इस नजरेिए ने ही कंपनी को मुश्किल में डाल दिया। अब कंपनी का कहना है कि एआई पर अत्यधिक निर्भरता ने सेवा की गुणवत्ता को प्रभावित किया है।

## खबर संक्षेप

### रुपया 17 पैसे की बढ़त के साथ 85.40 प्रति डॉलर



**मुंबई।** अंतरबैंक विदेशी मुद्रा विनिमय बाजार में सोमवार को रुपया 17 पैसे की बढ़त के साथ डॉलर के मुकाबले 85.40 प्रति डॉलर पर बंद हुआ। कमजोर डॉलर इंडेक्स तथा कच्चे तेल की कीमतों में गिरावट के बीच रुपये में तेजी आई। वैश्विक निवेशकों द्वारा सतर्कता का रुख बरते जाने से डॉलर इंडेक्स में गिरावट आई।

### सिंगापुर के बाजार में उतरी मिंत्रा भारतीय प्रवासियों पर नजर

Myntra

**नई दिल्ली।** फैशन और जीवनशैली उत्पादों से जुड़ी ई-कॉमर्स कंपनी मिंत्रा ने सोमवार को सिंगापुर में उतरने की घोषणा की। कंपनी ने सिंगापुर में लगभग 6.5 लाख प्रवासी भारतीयों को लक्ष्य करके यह कदम उठाया है। इसका मकसद व्यापक वृद्धि रणनीति के तहत नए ग्राहक खंडों तक पहुंचना और आने वाले वर्षों में मजबूत अंतरराष्ट्रीय ब्रांड संबंध बनाना है।

### प्रोटीन ई-गव के शेयर 20 प्रतिशत लुढ़के

protean
Change is growth

**नई दिल्ली।** प्रोटीन ई-गव टेक्नोलॉजीज के शेयर में सोमवार को 20 प्रतिशत की तेज गिरावट आई और यह 'लोअर सर्किट' पर पहुंच गया। कंपनी को आयकर विभाग की 'पैन 2.0' परियोजना के लिए लगाई गई बोली में नाकामी का सामना करना पड़ा है जिसके चलते इसके शेयरों में भारी गिरावट आई।

## पांच साल के अलगाव के बाद किया नया अध्याय शुरू

# ब्रिटेन, यूरोपीय संघ के संबंधों में नया अध्याय रक्षा समेत कई समझौतों पर हस्ताक्षर

एजेंसी ▶▶| लंदन

ब्रिटेन और यूरोपीय संघ ने पांच साल बाद के अलगाव के बाद आयोजित पहले औपचारिक शिखर सम्मेलन में सोमवार को रक्षा सहयोग एवं व्यापार को आसान बनाने से संबंधित नए समझौतों पर हस्ताक्षर किए। इसके साथ ही दोनों पक्षों के संबंधों में एक नए अध्याय की शुरुआत हुई।

ब्रिटेन वर्ष 2020 में यूरोपीय संघ को अपने लिए नुकसानदेह बताते हुए इससे अलग हो गया था। उस घटनाक्रम को 'ब्रेक्जिट' कहा जाता है। प्रधानमंत्री केअर स्टार्मर ने यहां यूरोपीय आयोग की अध्यक्ष उर्सुला वॉन डेर लिएन और यूरोपीय संघ के अन्य वरिष्ठ अधिकारियों से मुलाकात के बाद कहा कि ये समझौते लालफीताशाही को कम करेंगे, ब्रिटिश अर्थव्यवस्था को आगे बढ़ाएंगे और यूरोपीय संघ के साथ संबंधों को नए सिरे से स्थापित करेंगे।

### ब्रिटेन वैश्विक मंच पर वापस आया

स्टार्मर ने कहा, "ब्रिटेन एक बार फिर वैश्विक मंच पर वापस आ गया है। यह सौदा दोनों पक्षों के लिए फायदेमंद है।' यूरोपीय संघ की कार्यकारी इकाई यूरोपीय आयोग की प्रमुख लिएन ने इस वार्ता को ऐतिहासिक पल बताते हुए कहा कि वैश्विक उठापटक के इस दौर में यह समझौता संदेश देता है कि ब्रिटेन और यूरोपीय संघ वैश्विक मंच पर साथ खड़े होने वाले स्वाभाविक साझेदार हैं।



### ब्रेक्जिट से पीछे हटने की आलोचना

हालांकि, ब्रिटेन के विपक्षी दलों ने इन समझौतों को ब्रेक्जिट से पीछे हटने का संकेत बताते हुए आलोचना की। कंजर्वेटिव पार्टी की नेता केमी बेडनोच ने कहा, "हम एक बार फिर ब्रसेल्स से तय नियमों का पालन करने वाले बन रहे हैं।" यूरोप के 27 देशों के समूह यूरोपीय संघ का मुख्यालय ब्रसेल्स में स्थित है।




- व्यापार को आसान बनाने नए समझौतों पर हस्ताक्षर
- ब्रिटेन 2020 में यूरोपीय संघ से अलग हुआ था
- ब्रिटेन ने यूरोपीय संघ को अपने लिए नुकसानदेह बताया था

### रक्षा और सुरक्षा साझेदारी पर सहमति बनी

दोनों पक्षों के बीच एक रक्षा और सुरक्षा साझेदारी पर सहमति बनी है। इससे ब्रिटेन को यूरोपीय संघ के 150 अरब यूरो (170 अरब डॉलर) के रक्षा ऋण कार्यक्रम तक पहुंच मिल सकेगी। इसके साथ सीमाओं के पार खाद्य व्यापार को आसान बनाने के लिए पशुओं एवं पौधों के उत्पादों पर कुछ जांच हटाने और ब्रिटेन के समुद्री क्षेत्र में यूरोपीय संघ के मछली पकड़ने वाले जहाजों को अनुमति देने वाले समझौते को 12 साल के लिए बढ़ाने पर भी सहमति बनी है।

### ब्रिटेन, यूरोपीय संघ का सबसे बड़ा साझेदार

यूरोपीय संघ का सबसे बड़ा व्यापारिक साझेदार होने के बावजूद ब्रिटेन के उत्पादों को ब्रेक्जिट के बाद से अधिक कठोर सीमा जांच, अधिक कागजी कार्रवाई और अन्य गैर-शुल्क बाधाओं के कारण निर्यात में 21 प्रतिशत की गिरावट का सामना करना पड़ा है।

### भारत और अमेरिका के साथ भी समझौता

पिछले साल जुलाई में प्रधानमंत्री बनने के बाद से ही स्टार्मर यूरोपीय संघ के साथ संबंधों को फिर से स्थापित करने की कोशिश में लगे रहे हैं। स्टार्मर का मानना है कि इसे इस तरह से सुधारा जाए कि व्यापार को बढ़ावा और सुरक्षा को मजबूती मिले। ब्रिटेन ने हाल ही में भारत और अमेरिका के साथ भी व्यापार समझौतों को अंतिम रूप देने की घोषणा की है।

### सस्ते कर्ज प्राप्त करने की मिलेगी अनुमति

रक्षा समझौता ब्रिटेन के रक्षा उद्योग को सैन्य उपकरण खरीदने के लिए एक नए यूरोपीय संघ ऋण कार्यक्रम से सस्ते कर्ज प्राप्त करने की अनुमति देगा। इससे यूक्रेन की आंशिक रूप से आत्मरक्षा में मदद की जा सकेगी। व्यापार समझौतों से कुछ खाद्य आयात और निर्यात पर नियमित सीमा जांच और लागत में कमी आएगी और माल का स्वतंत्र रूप से प्रवाह आसान हो सकेगा।

# एसबीआई का रिकॉर्ड 9.2 अरब डॉलर का मुनाफा

एजेंसी ▶▶| नई दिल्ली




- अपेक्षाकृत छोटे डिजिटल समूह के कारण
- रिलायंस व ओएनजीसी के बाद तीसरी बड़ी कंपनी बनी

भारतीय स्टेट बैंक (एसबीआई) ने वित्त वर्ष 2024-25 में लगभग 9.2 अरब अमेरिकी डॉलर का रिकॉर्ड मुनाफा दर्ज किया। इसके साथ ही रिलायंस इंडस्ट्रीज और ओएनजीसी के बाद एसबीआई तीसरी ऐसी भारतीय कंपनी बन गई है, जो शुद्ध लाभ के लिहाज से दुनिया की शीर्ष 100 कंपनियों में शामिल है।

हालांकि, भारत के जानेमाने विपणन रणनीतिकार राजेंद्र श्रीवास्तव ने सोशल मीडिया पर पोस्ट किया कि एसबीआई के मुनाफे का बड़ा हिस्सा अपेक्षाकृत छोटे डिजिटल समूह के कारण है।

भारत के सबसे बड़े बैंक के मुनाफे में प्रभावशाली वृद्धि कई साल पहले शुरू हुई एक डिजिटल पहल 'योनो' के चलते है। आज योनो के 7.4 करोड़ से ज्यादा पंजीकृत उपयोगकर्ता हैं। इस मंच ने अपनी शुरुआत से 3.2 लाख करोड़ रुपये से ज्यादा के ऋण जारी किए हैं और बैंक के खुदरा ऋण में इसका अहम योगदान है। इस मंच पर रोजाना एक करोड़ से ज्यादा लॉगइन हैं और एसबीआई के बचत खाते के 65 प्रतिशत लेनदेन अब योनो के जरिये होते हैं। श्रीवास्तव ने लिखा, "एसबीआई 50 करोड़ से अधिक खातों के जरिये सेवाएं देता है, जो इसे ग्राहक आधार के हिसाब से दुनिया का सबसे बड़ा बैंक बनाता है। हालांकि, इनमें से केवल 7.4 करोड़ (लगभग 14 प्रतिशत) खाते ही योनो उपयोगकर्ता हैं।

### 20 हजार शाखाओं का विशाल नेटवर्क

यह एक विरोधाभास है कि एसबीआई के मुनाफे का बड़ा हिस्सा इस अपेक्षाकृत छोटे डिजिटल समूह के जरिये आता है, जबकि बाकी 37 करोड़ खाते कम मार्जिन, उच्च लागत वाली देनदारियों वाले सेवा खंड का प्रतिनिधित्व करते हैं।उन्होंने आगे लिखा कि क्या 20,000 शाखाओं का एक विशाल नेटवर्क जिसमें 2.2 लाख कर्मचारी हैं।

## बिजनेस साइट

### गीतम डीम्ड यूनिवर्सिटी और पेन स्टेट यूनिवर्सिटी के बीच हुआ एमओयू



**विशाखापत्तनम।** गीतम डीम्ड टू बी यूनिवर्सिटी ने अमेरिका की प्रतिष्ठित पेन स्टेट यूनिवर्सिटी के साथ अकादमिक और शोध सहयोग के लिए एक महत्वपूर्ण समझौता ज्ञापन (एमओयू) पर हस्ताक्षर किए हैं। यह समझौता दोनों संस्थानों के बीच शिक्षण, अनुसंधान और वैश्विक शिक्षा के क्षेत्रों में आपसी सहयोग को बढ़ावा देने के उद्देश्य से किया गया है।

इस अवसर पर गीतम विश्वविद्यालय के प्रो वाइस चांसलर प्रो. वाई. गौतम राव, जीआईएमएसआर प्रो वाइस चांसलर डॉ. बी. गीतांजलि, रजिस्ट्रार प्रो. डी. गुनाशेखरन समेत कई वरिष्ठ फैकल्टी सदस्य उपस्थित थे। बैठक के दौरान दोनों संस्थानों के अधिकारियों के बीच गहन और उपयोगी चर्चा हुई।

प्रो. वाई. गौतम राव ने बताया कि गीतम विश्वविद्यालय ने अब तक 16 शोध केंद्र स्थापित किए हैं और 300 से अधिक अनुसंधान परियोजनाओं में सक्रिय रूप से संलग्न है। उन्होंने यह भी घोषणा की कि विश्वविद्यालय वर्ष 2026-27 तक एक स्कूल ऑफ एजुकेशन शुरू करने की योजना बना रहा है। उन्होंने कहा, गीतम तेजी से एक वैश्विक शैक्षणिक केंद्र के रूप में उभर रहा है, जहां 40 से अधिक देशों के छात्र पढ़ाई कर रहे हैं।

### आचार्यकुलम का परीक्षा परिणाम शत-प्रतिशत



- विद्यार्थियों ने रचा सफलता का नया इतिहास

**हरिद्वार।** प्रतिष्ठित आवासीय विद्यालय आचार्यकुलम् में इस वर्ष हाईस्कूल व इण्टरमीडिएट बोर्ड परीक्षाओं का परिणाम शत-प्रतिशत रहा। परम पूज्य स्वामी जी महाराज ने परीक्षा में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले विद्यार्थियों को विशेष रूप से अभिनंदन देते हुए कहा कि हाईस्कूल में अथर्व, ध्रुव व सान्या सेजल तथा इण्टरमीडिएट में सिद्धेश, आर्यमन और रिद्धिमा का प्रदर्शन अनुकरणीय है। विविध विषयों में 100/100 अंक लाने वाले विद्यार्थियों की लगन प्रशंसनीय है। हाईस्कूल परीक्षा में अथर्व ने 99.40% अंकों के साथ प्रथम स्थान प्राप्त किया, ध्रुव 98% के साथ द्वितीय और सान्या सेजल 97.80% के साथ तृतीय स्थान पर रहीं। विद्यालय का औसत 86.30% रहा और कुल 153 विद्यार्थी सफल हुए। 21 विद्यार्थियों ने सभी विषयों में ए-1 ग्रेड प्राप्त किया जबकि 43 विद्यार्थियों ने विभिन्न विषयों में शत-प्रतिशत अंक अर्जित किए।

# सेबी ने मेहुल चोकसी को 2.1 करोड़ रुपए का नोटिस भेजा

एजेंसी ▶▶| नई दिल्ली



बाजार नियामक सेबी ने भगोड़े हीरा कारोबारी मेहुल चोकसी को गीतांजलि जेम्स लि. के शेयरों में भेदिया कारोबार नियमों के उल्लंघन के मामले में 2.1 करोड़ रुपये का भुगतान करने के लिए नोटिस भेजा है।

नियामक ने 15 दिन के भीतर भुगतान करने में विफल रहने पर संपत्ति के साथ-साथ बैंक खाते भी कुर्क करने की चेतावनी दी है। चोकसी के जनवरी, 2022 में भारतीय प्रतिभूति और विनिमय बोर्ड (सेबी) द्वारा लगाए गए जुर्माने का भुगतान करने में विफल रहने के बाद यह मांग नोटिस भेजा गया है।

गीतांजलि जेम्स के चेयरमैन और प्रबंध निदेशक होने के साथ-साथ प्रवर्तक समूह का हिस्सा रहे चोकसी, नीरव मोदी के मामा हैं। दोनों पर सार्वजनिक क्षेत्र के पंजाब नेशनल बैंक (पीएनबी) से 14,000 करोड़ रुपये से अधिक की धोखाधड़ी करने का आरोप है।

पीएनबी घोटाला 2018 की शुरुआत में सामने आने के बाद चोकसी और मोदी भारत से फरार हो गये थे।

# सोना 580 रुपए चढ़ा, चांदी में 500 रुपए की तेजी

एजेंसी ▶▶| नई दिल्ली

अंतरराष्ट्रीय बाजारों में मजबूती के रुख के बीच राष्ट्रीय राजधानी के सराफा बाजार में सोमवार को सोने की कीमत 580 रुपये बढ़कर 97,030 रुपये प्रति 10 ग्राम हो गई।

अखिल भारतीय सराफा संघ ने यह जानकारी दी। शुक्रवार को 99.9 प्रतिशत शुद्धता वाले सोने की कीमत 96,450 रुपये प्रति 10 ग्राम पर बंद हुई थी। इसी के साथ सोमवार को



99.5 प्रतिशत शुद्धता वाले सोने की कीमत 580 रुपये बढ़कर 96,580 रुपये प्रति 10 ग्राम (सभी करों सहित) हो गई। इससे पहले के कारोबारी सत्र में यह 96,000 रुपये प्रति 10 ग्राम पर बंद हुआ था।

अबन्स फाइनेंशियल सर्विसेज के मुख्य कार्यपालक अधिकारी चिंतन मेहता ने कहा, "इसी समय, अमेरिकी बॉन्ड प्रतिफल 4.5 प्रतिशत के करीब पहुंच रहा है, जो शुक्रवार को आई तेजी को और बढ़ा रहा है, जबकि रेटिंग एजेंसी मूडीज ने अमेरिकी क्रेडिट रेटिंग को 'एएए' से घटाकर एए1 कर दिया है।"

JHAIGO झाईगो 5+1 Cream
चेहरे को दागों से मुक्त कर सुंदरता बढ़ाये...
तो फिर क्या.. बस इस बार झाईगो क्रीम उपयोग कर देखें।
क्या आपके... चेहरे पर झाईयां है? आंखो पर काले घेरे हैं?
चेहरे पर मुहाँसे के काले निशान हैं? या जले या चोट के निशान हैं?

वैदेही तुलसी कफ सीरप
नई एवं पुरानी खांसी, एलर्जी खांसी, श्वास, निमोनिया, कुकुरखांसी, टान्सिल, ब्रानकाटिस, सर्दी आदि में तेज असर कारक
2 वर्ष से बड़े बच्चों के लिए हानिरहित कफ सिरप
HMS देखकर खरीदें एक बार उपयोग कर देखें 94060-21769

हरिभूमि HEALTH CARE
छत्तीसगढ़ के मेडिकल विशेषज्ञ

सभी प्रकार के स्किन एवं बाल संबंधी समस्याओं का निदान, मुंहासे, झांई, झुर्रियों का इलाज, अनचाहे बालों हेतु लेजर ट्रीटमेंट
सिंघानिया स्किन केयर — 36, प्रथम तल, गुरूकुल कॉम्प्लेक्स कालीबाड़ी, रायपुर 0771-4053311 Email:bsinghania111@yahoo.co.in
Makeover Skin, Hair & Aesthetic Centre — रानी सती मंदिर के पास, केनाल लिंकिंग रोड, रवीनगर, राजातालाब, रायपुर
मो. 94252-14479, 0771-4020411, www.makeoverraipur.com, त्वचा व बाल संबंधी समस्याओं का इलाज

निवेद चेस्ट & आई केयर
उपलब्ध सुविधायें: एलर्जी, अस्थमा, निमोनिया, फिजीयॉथेरेपी, धुम्रपान नियंत्रण स्लिप स्टडी और आईसीयू केयर
आई केयर सुविधायें: मोतियाबिंद, काला मोतिया, डायबिटिक रेटिनॉपेथी और मेडिकल रेटिना
डॉ. देवी ज्योति दाश M.D. DNB PULMONARY MEDICINE (DELHI) (Gold medalist)
डॉ. नमित नंदे MS Ophthalmology
24, Central Avenue, Ground Floor, Below SBI Personal Banking Branch, Choubey Colony, Raipur (C.G.), Mob.: 0711-4337888,7697752001

कान, नाक, गला, एलर्जी एवं वर्टिगो (चक्कर) कोअब्लेशन एवं लेजर सर्जरी हॉस्पिटल
डॉ. जाऊलकर ई.एन.टी. हॉस्पिटल (ISO 9001-2000 Certified)
सेन्ट्रल एवेन्यू चौबे कालोनी प्रगति कॉलेज रायपुर (छ.ग.)
फोन: 0771-4044551 समय: सुबह 9.30 से 4.30 तक

सुविधाएं : पी.एफ.टी. ब्रांकोस्कोपी स्लीप स्टडी
डॉ. राठौर चेस्ट क्लिनिक — दमा, टी.बी., छाती एवं एलर्जी रोग विशेषज्ञ
स्पेशलिस्ट : खासी, श्वॉस, दमा, टी.बी., निमोनिया, एलर्जी फेफड़े का कैंसर, खर्राटे व नींद
गरचा कॉम्प्लेक्स, कचहरी चौक, जेल रोड, रायपुर मो. 7999450384, 7042974029
समय : दोपहर 2.00 बजे से शाम 7.00 बजे तक (रविवार अवकाश)

उपलब्ध विशेषताएं
• लेप्रोस्कोपिक एवं जनरल सर्जरी • जनरल मेडीसीन • ऑर्थोपेडिक्स • जोड़ प्रत्यारोपण सर्जरी • ऑम्कोलॉजी (सर्जिकल) • गायनेकोलॉजी
अग्रवाल हॉस्पिटल (मल्टीस्पेशियेलिटी सेन्टर)
जी.ई.रोड, आर.के.सी. कॉम्पलेक्स के सामने, रायपुर (छ.ग. 492001)
फोन: +91-0771-4088107/108, ईमरजेंसी नंबर 9109187755, डॉ. सजन अग्रवाल - 9329101037
लेप्रोस्कॉपिक सर्जरी में सभी प्रकार की हार्निया, अपेन्डिक्स, पित की थैली, बच्चादानी आदि से संबंधित ऑपरेशन सभी तरह की कैंसर सर्जरी एवं कीमोथेरेपी की सुविधा उपलबध
OPD समय - शाम 4 से 6 बजे

मनोरोग नशा उन्मूलन एवं यौन रोग विशेषज्ञ
प्रभा मनोचिकित्सा क्लिनिक मो. 9977247553
नया पता : शॉप नं. 119, प्रथम तल, लालगंगा मिडास, फाफाडीह, रायपुर
समय : सुबह 11.00 से शाम 5.00 बजे तक
सिरदर्द, मिर्गी, मानसिक तनाव, घबराहट, असामान्य व्यवहार, डिप्रेशन, शीर्ध पतन, आदि, हर माह के प्रथम रविवार को कवर्धा में 12.00 से 4.00 एवं 8.30 से 10.30 बेमेतरा में

अष्टविनायक हॉस्पिटल
बच्चों के सभी ऑपरेशन किये जाते हैं।
* आयुष्मान कार्ड / राशन कार्ड द्वारा ऑपरेशन संभव *
बच्चों के विशेषज्ञ सर्जन डॉ. रितेश रंजन (MCH, पीडियाट्रिक सर्जन)
आमा सिवनी, विधानसभा रोड, रायपुर (छ.ग.) 7987225800, 9301744425

डायबिटीज / शुगर संबंधी सभी समस्याएं, थायराइड, मोटापा, प्रेग्नेंसी डायबिटिस, फुलबॉडी चेकअप, डायबिटिक सेक्स रोग, नसों की सुन्नता।
डायबिटिक क्लीनिक
Dr. Satyajeet Sahu Advance Dibetes & Thyroid care centre
Diabetic Clinic
Appointments No. 7724035770 9329004557 9303724304
17, गुरूकुल कॉम्पलेक्स, कालीबाड़ी रायपुर, समय - सुबह 10 से 5, शाम 6 से रात 9 बजे तक

सुविधाएं : मेडिसिन, पॉलीट्रामा, बर्न एण्ड प्लास्टिक लप्रोस्कोपिक सर्जरी, जनरल सर्जरी, स्पाईन एण्ड न्यूरो सर्जरी, आर्थो, कैंसर (कीमोथैरेपी व सर्जरी), स्त्री रोग, जोड़ प्रत्यारोपण
पाल जी स्वास्तिक नर्सिंग होम
बर्न एण्ड पॉलीट्रामा सेंटर मल्टी स्पेशलिटी हॉस्पिटल
(आयुष्मान भारत स्कीम के तहत नि:शुल्क ईलाज की सुविधा उपलब्ध)
श्यामनगर जल विहार कॉलोनी पानी टंकी के पास तेलीबांधा मरीन ड्राइव के पीछे
मो. 7991031330 मो. 0771-4347172

डॉ. मनोज अग्रवाला एमडी (सीएमसी वेल्लोर) (गोल्ड मेडलिस्ट)
स्किन क्लिनिक
सेवाएं • मुहासें • सोरासिस • स्किन एलर्जी • पिगमेंटेशन • विटिलियो / ल्यूकोडरमा • पीआरपी थेरेपी • एलोपेसिया • अर्टीकेरिया • फंगल इंफेक्शन • टैली कंसल्टेशन • लेजर थेरेपी
चौबे कॉलोनी, रायपुर (छत्तीसगढ़) 0771-4003777, 77778-76292

श्रीराम किंकर मेडीकल इंस्टीट्यूट
डॉ. नवनीत जैन एम.एस.- एडवांस लेप्रोस्कोपी एवं जनरल सर्जन (गोल्ड मेडलिस्ट)
डॉ. करूणा जैन एम.डी.- प्रसूति एवं स्त्री रोग विशेषज्ञ
लिली चौक, रायपुर - 492001 (छ.ग.) फोन : 0771-2536521, मो. 9329103589

विज्ञापन हेतु संपर्क करें : 7987119756, 9303508130




## आईपीएल पाइंट टेबल

| टीम | मैच | जीते | हारे | अंक |
|---|---|---|---|---|
| गुजरात | 12 | 9 | 3 | 18 |
| बैंगलुरु | 12 | 8 | 3 | 17 |
| पंजाब | 12 | 8 | 3 | 17 |
| मुंबई | 12 | 7 | 5 | 14 |
| दिल्ली | 12 | 6 | 5 | 13 |
| कोलकाता | 13 | 5 | 6 | 12 |
| लखनऊ | 12 | 5 | 7 | 10 |
| हैदराबाद | 12 | 4 | 7 | 9 |
| राजस्थान | 13 | 3 | 10 | 6 |
| चेन्नई | 12 | 3 | 9 | 6 |

ऑरेंज कैप | पर्पल कैप



साई सुदर्शन
617 रन
गुजरात

प्रसिद्ध कृष्णा
21 विकेट
गुजरात

## खबर संक्षेप

### मेसी के केरल का दौरा करने में संदेह नहीं

**कोट्टायम।** केरल के खेल मंत्री वी अब्दुरहीमान ने सोमवार को कहा कि दिग्गज फुटबॉलर लियोनेल मेसी की पूर्व निर्धारित राज्य की यात्रा के बारे में कोई संदेह नहीं है। इससे उन्होंने सोशल मीडिया पर चल रही अटकलों को खारिज किया। अब्दुरहीमान ने कहा कि अर्जेंटीना के फुटबॉल स्टार और उनकी टीम के इस साल अक्टूबर या नवंबर में राज्य में मैच खेलने की उम्मीद है।

### उत्तर प्रदेश में बनेगा चौथा अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट स्टेडियम

**लखनऊ।** उत्तर प्रदेश के गोरखपुर में 236 करोड़ रुपए की लागत से राज्य का चौथा अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट स्टेडियम तैयार होगा। सोमवार को एक आधिकारिक बयान में यह जानकारी दी गयी। बयान में कहा गया कि उत्तर प्रदेश को 'उत्तम प्रदेश' बनाने के लिए प्रतिबद्ध योगी आदित्यनाथ के नेतृत्व की सरकार ने अब प्रदेश में चौथे अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट स्टेडियम के निर्माण की तैयारी तेज कर दी है।

### आईपीएल : 12 मैच में चौथी जीत के साथ आठवें पायदान पर सनराइजर्स

# 27 करोड़ी पंत की लखनऊ प्लेऑफ से बाहर, 6 विकेट से जीता हैदराबाद

एजेंसी ▶▶| लखनऊ

सनराइजर्स हैदराबाद ने इंडियन प्रीमियर लीग टी20 मैच में सोमवार को यहां लखनऊ सुपरजायंट्स को छह विकेट से शिकस्त दी। टीम के अभिषेक शर्मा ने 20 गेंद में 59 रन की ताबड़तोड़ पारी खेली। हेनरिच क्लासेन (47), कामिन्दु मेंडिस (32 रन) और इशान किशन (35 रन) के उपयोगी योगदान दिया। इस हार के साथ ही आईपीएल नीलामी में सबसे महंगे 27 करोड़ में बिके ऋषभ पंत की एलएसजी टीम प्लेऑफ की दौड़ से बाहर हो गई। एलएसजी की यह 12 मैच में सातवीं हार है और टीम 10 अंक के साथ तालिका में सातवें स्थान पर है। सनराइजर्स 12 मैच में चौथी जीत के साथ आठवें पायदान पर है।

एलएसजी ने पहले बल्लेबाजी का न्योता मिलने पर सात विकेट पर 205 रन का बड़ा स्कोर खड़ा किया लेकिन एसआरएच ने 18.2 ओवर में चार विकेट पर लक्ष्य हासिल कर लिया। इस मैदान पर यह पहली बार है जब लक्ष्य का पीछा करने वाली टीम ने 200 से अधिक रन बनाकर जीत दर्ज की। अभिषेक ने पारी की शुरुआत में ही चार चौके और छह छक्के लगाए जिससे लक्ष्य का पीछा करते समय एसआरएच की टीम कभी दबाव में नहीं आयी। उन्होंने रवि बिश्नोई के खिलाफ लगातार चार छक्के जड़ने के दौरान 18 गेंद में अपना अर्धशतक पूरा किया।



### 18 गेंदों में ठोका दूसरा सबसे तेज अर्धशतक

*अभिषेक शर्मा ने लखनऊ के खिलाफ केवल 18 गेंदों में अर्धशतक जमाया और बड़ी उपलब्धि हासिल की। शर्मा सनराइजर्स हैदराबाद के लिए आईपीएल में सबसे तेज अर्धशतक जमाने के मामले में ट्रेविस हेड के साथ संयुक्त रूप से दूसरे स्थान पर रहे। हेड ने पिछले साल मुंबई इंडियंस के खिलाफ 18 गेंदों में अर्धशतक जमाया था। बता दें कि आईपीएल में सनराइजर्स हैदराबाद की तरफ से सबसे तेज अर्धशतक जमाने के मामले में भी ट्रेविस हेड और अभिषेक शर्मा संयुक्त रूप से शीर्ष स्थान पर काबिज हैं। दोनों ने 2024 आईपीएल में 16 गेंदों में अर्धशतक जड़े थे।*

### दिग्वेश-अभिषेक के बीच हुई बहस

अभिषेक को आउट करने के बाद दिग्वेश राठी जश्न मना रहे थे, इसके बाद अभिषेक के साथ बहस शुरू हो गई। यह घटना हैदराबाद की पारी के 8 ओवर की तीसरी गेंद पर हुआ। दिग्वेश राठी अपना दूसरा ओवर कर रहे थे। तीसरी गेंद पर अभिषेक कैच आउट हुए। इसके बाद दिग्वेश राठी ने फिर से साइन वाला सेलीब्रेशन किया और अभिषेक को बाहर जाने का इशारा कर बैठे। इससे अभिषेक भड़क गए और दोनों के बीच तीखी बहस होने लगी। काफी देर तक दोनों खिलाड़ी बहस करते रहे। इसके बाद अंपायर्स और पंत के साथ साथी खिलाड़ियों ने बीच-बचाव किया।

### स्कोर बोर्ड

| लखनऊ | रन | गेंद | 4 | 6 |
|---|---|---|---|---|
| मार्श का मलिंगा बो दुबे | 65 | 39 | 6 | 4 |
| एडेन मारक्रम बो हर्षल | 61 | 38 | 4 | 4 |
| ऋषभ पंत का एवं बो मलिंगा | 07 | 06 | 1 | 0 |
| निकोलस पूरन रन आउट | 45 | 26 | 6 | 1 |
| बडोनी का रेड्डी बो मलिंगा | 03 | 05 | 0 | 0 |
| अब्दुल समद बो रेड्डी | 03 | 06 | 0 | 0 |
| शारदुल ठाकुर रन आउट | 04 | 01 | 1 | 0 |
| रवि बिश्नोई नाबाद | 00 | 00 | 0 | 0 |
| आकाश दीप नाबाद | 06 | 01 | 0 | 1 |

अतिरिक्त : 11, कुल : 20 ओवर में 205/7
गेंदबाजी : कमिंस 4-0-34-0, दुबे 4-0-44-1, हर्षल 4-0-49-1, मलिंगा 4-0-28-2, अंसारी 2-0-22-0, रेड्डी 2-0-28-1.

| हैदराबाद | रन | गेंद | 4 | 6 |
|---|---|---|---|---|
| तायडे का राठी बो ओ'राउरकी | 13 | 09 | 3 | 0 |
| अभिषेक का ठाकुर बो राठी | 59 | 20 | 4 | 6 |
| इशान किशन बो राठी | 35 | 28 | 3 | 2 |
| क्लासेन का पंत बो क्लासेन | 47 | 28 | 4 | 1 |
| कामिन्दु मेंडिस रिटायर्ड हर्ट | 32 | 21 | 3 | 0 |
| अनिकेत वर्मा नाबाद | 05 | 02 | 1 | 0 |
| नीतिश कुमार रेड्डी नाबाद | 05 | 02 | 1 | 0 |

अतिरिक्त : 10, कुल : 18.2 ओवर में 206/4
गेंदबाज : आकाश दीप 3-0-33-0, ओ'राउरकी 2.2-0-31-1, राठी 4-0-37-2, आवेश 3-0-25-0, बिश्नोई 1-0-26-0, मारक्रम 1-0-14-0, शारदुल 4-0-39-1.

## एचआईएचल की तीन महीने की पंजीकरण विंडो खुली

**नई दिल्ली।** दुनिया भर के एक हजार से अधिक पुरुष और महिला खिलाड़ियों के हॉकी इंडिया लीग की तीन महीने लंबी पंजीकरण प्रक्रिया के लिए नामांकन करने की उम्मीद है जो सोमवार से शुरू हुई। पिछले साल सात वर्ष के अंतराल के बाद एचआईएल को फिर से शुरू किया गया था जिसमें श्राची राढ़ बंगाल टाइगर्स ने पुरुष वर्ग और ओडिशा वारियर्स ने महिला वर्ग का खिताब जीता था। भारत के अलावा नीदरलैंड, बेल्जियम, ब्रिटेन, जर्मनी, फ्रांस, ऑस्ट्रेलिया, स्पेन, अर्जेंटीना, आयरलैंड, दक्षिण अफ्रीका, न्यूजीलैंड, मलेशिया और दक्षिण कोरिया के खिलाड़ी पुरुष वर्ग में पंजीकरण कर सकते हैं।

## पंजाब के लिए बुरी खबर, कप्तान अय्यर हो सकते हैं बाहर

एजेंसी ▶▶| मुंबई

पंजाब किंग्स के कप्तान श्रेयस अय्यर ने राजस्थान रॉयल्स के खिलाफ आईपीएल 2025 मैच में फील्डिंग नहीं करने के पीछे की वजह बताई है। रविवार को जयपुर के सवाई मानसिंह स्टेडियम में खेले गए इस मुकाबले में अय्यर ने टॉस जीतकर पहले बल्लेबाजी का फैसला किया और 25 गेंदों में 30 रन बनाए। हालांकि,



दूसरी पारी में वह मैदान पर नहीं उतरे और उनकी जगह शशांक सिंह ने कप्तानी संभाली। मैच के बाद अय्यर ने बताया कि अभ्यास सत्र के दौरान उनकी तर्जनी उंगली पर चोट लग गई थी, जिसके कारण वह फील्डिंग नहीं कर सके। उन्होंने कहा, 'यह उंगली की चोट है (अपनी तर्जनी की ओर इशारा करते हुए)। मुझे नहीं पता कि क्या हुआ है। कल अभ्यास के दौरान मुझे चोट लगी थी, अब मुझे जांच करानी होगी कि समस्या क्या है।'

खास खबर

## नीरज अपनी सीमाओं को आगे बढ़ाने को तैयार



**नई दिल्ली।** ओलंपिक पदक विजेता निशानेबाज गगन नारंग का मानना है कि 90 मीटर की 'मानसिक बाधा' को पार करने के बाद सुपरस्टार नीरज चोपड़ा अब अपनी सीमाओं को और आगे बढ़ाने का प्रयास करेंगे जिससे कि वह ऐसे कार्य कर सकें जिन्हें पहले उनकी पहुंच से बाहर माना जाता था। नीरज ने शुक्रवार को दोहा डाइमंड लीग में 90.23 मीटर के प्रयास से 90 या इससे अधिक दूरी तक भाला फेंकने वाले खिलाड़ियों की एलीट सूची में जगह बनाई। नारंग ने कहा, 'अब वह अपनी सीमाओं को आगे बढ़ाने के लिए स्वतंत्र हैं।' एक सीमा, वह मानसिक बाधा जो शायद कुछ समय से उनके दिमाग में चल रही थी, अब टूट गई है।'

### स्टोक्स ने चोट से उबरने के लिए छोड़ी शराब

**लंदन।** इंग्लैंड के टेस्ट कप्तान बेन स्टोक्स ने चिर प्रतिद्वंद्वी ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ आगामी एशेज श्रृंखला के लिए तैयार होने के प्रयास में अपने पैर की मांसपेशियों की चोट के रिहैबिलिटेशन के दौरान शराब पीना छोड़ दिया है। इस दिग्गज क्रिकेटर ने कहा कि उन्होंने इस साल की शुरुआत में शराब पीना छोड़ दिया था क्योंकि उन्हें उम्मीद थी कि इससे उनकी चोट से जल्द उबरने में मदद मिलेगी। तैंतीस वर्षीय स्टोक्स ने न्यूजीलैंड के खिलाफ तीसरे टेस्ट के दौरान चोट लगने के बाद दिसंबर में अपने बाएं पैर की मांसपेशियों की सर्जरी करवाई थी।

### चेन्नई और राजस्थान के बीच मुकाबला आज

**नई दिल्ली।** प्ले ऑफ की दौड़ से पहले ही बाहर हो चुकीं और अंतिम दो स्थान पर चल रही चेन्नई सुपर किंग्स और राजस्थान रॉयल्स की टीम मंगलवार को भिड़ेंगी। इंडियन प्रीमियर लीग में जब दोनों टीमें आपस में भिड़ेंगी जो उनकी नजरें इस मुकाबले को जीतकर अपनी प्रतिष्ठा बचाने पर टिकी होंगी। मंगलवार का मैच रॉयल्स के लिए 2025 सत्र का आखिरी मैच है। टीम के पास इस सत्र में वैभव सूर्यवंशी के रूप में असाधारण प्रतिभा खोजने के अलावा दिखाने के लिए कुछ भी नहीं है। नीलामी में खराब गेंदबाजी विकल्प चुनने का जयपुर की टीम को सबसे अधिक नुकसान हुआ है और इसके अलावा उसके मध्य क्रम का प्रदर्शन भी प्रभावशाली नहीं रहा।

### नाइट राइडर्स ने शुक्ला, आरसीबी ने मुजरबानी को टीम में शामिल किया

**नई दिल्ली।** इंडियन प्रीमियर लीग ने सोमवार को कहा कि कोलकाता नाइट राइडर्स और रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु ने अपने खिलाड़ियों के विकल्प के तौर पर क्रमशः शिवम शुक्ला और ब्लेसिंग मुजरबानी को चुना है। पहले ही प्लेऑफ की दौड़ से बाहर हो चुके नाइटराइडर्स ने शेष मुकाबलों के लिए रोवमैन पावेल की जगह शुक्ला को टीम में शामिल किया है। वेस्टइंडीज के ऑलराउंडर पावेल को अपने टॉन्सिल की सर्जरी करानी है। लेग स्पिनर शुक्ला घरेलू क्रिकेट में मध्य प्रदेश के लिए खेलते हैं और 30 लाख रुपये में नाइट राइडर्स से जुड़ेंगे।




Terms and conditions apply. *The Instant Cashback offer of ₹5100 is available on purchase of Shine100. *The offer may be modified or withdrawn at any time without prior intimation, *The scheme is offered bry Authorized Main Dealers and Associate Dealers and can be availed on purchase of Shine 100 from Authorized Main Dealers and Associate Dealers. *Approval of the loan is at the sole discretion of the financiers, and additional documentation may be required. *The interest rates, down payment, and tenur options are based on the financier's assessment of the applicant's credit profile. Nil Extra charges (0/- processing fes, Q-Documentation Charge & D-Advance EM) are applicable on Shine 100 model only. *The offers/features may be modified or withdrawn at any time without prior intimation. Additional Cashback offer is available on all Honda2whesiers models for EMI transactions made using OFC FIRST Bank credit cards through Pine Labs machines only. Customers can avail 5% cashback, up to a maximum of 5000, Valid on one transaction per card/order during the offer period. The scheme is available at selected outlets only. The offers/features may be modified or withdrawn at any time without prior intimation, All offers are valid until 31st May 2025. The features shown in the creative may not be available in all variants. Product shown in the picture may vary from actual product available in the market, Accessories shown in the picture are not part of standard equipment.

**Honda Motorcycle & Scooter India Pvt. Ltd., Registered Office:** Plot No. 1, Sector - 03, IMT Manesar, Distt. Gurugram, (Haryana) 122050, India; **Website:** www.honda2wheelersindia.com; **Customer Care:** customercare@honda.hmsi.in

होंडा अधिकृत विक्रेता : रायपुर : ए सिटी होंडा – 9785823333, ग्रैंड होंडा – 0771–4033794, वरूण होंडा – 0771–4005901, जी.के. होंडा – 8058254444, आरंग: वी श्री होंडा – 9893728947, भिलाई: आन होंडा (पॉवर हाऊस): 0788–4013336, 9584378238, जुनवानी रोड (फरीद नगर मैदान के सामने) – 6269092899, नंदिनी रोड (बैंक ऑफ बडौदा के पास) – 6269090005, हाऊसिंग बोर्ड (एकता चौक) 6269090006, कोहका (रूंगटा रोड) 6269090004, नेहरू नगर (नेहरू नगर चौक) 8518020999, दुर्ग: श्री सांईराम होंडा (स्टेशन रोड) – 0788–4017246, 8458882333, रिसाली (कृष्णा टाकीज रोड) – 0788–4067690, 8823050333, बोरसी (एसबीआई बैंक के पास) – 0788–4058968, 8823050444, राजनांदगांव: अंशदीप होंडा – 07744–223100, मनराज होंडा – 07744–223333, महासमुंद: श्री आर्यन होंडा – 9425204997, दल्लीराजहरा: श्री शुभ होंडा – 7587764225, 9406082344, बालोद (गंजपारा)– 9425564232, बलौदा बाजार: किरण होंडा – 7049518181, कवर्धा: प्रथा होंडा– 7400550099, बेमेतरा : श्री रामा होंडा – 7824222521, धमतरी: श्री श्याम होंडा– 07722–233255, जगदलपुर: वाहेगुरू होंडा – 8435090001, कोंडागांव: दंतेश्वरी होंडा– 8517909999, कांकेर : शिवनाथ होंडा – 8720008800, 7970005301

For Bulk / Institutional enquiries, please write us at : institutionalsales@honda2wheelersindia.com

Embassy

## खबर संक्षेप

### एमनेस्टी इंटरनेशनल को रूस ने किया प्रतिबंधित



**मास्को।** रूसी अधिकारियों ने सोमवार को अंतरराष्ट्रीय मानवाधिकार समूह एमनेस्टी इंटरनेशनल को 'अवांछनीय संगठन' करार देते हुए इसे प्रतिबंधित कर दिया। एमनेस्टी इंटरनेशनल को 'अवांछनीय संगठन' के रूप में घोषित करने का फैसला 2015 के कानून के तहत लिया गया है, जिसके तहत ऐसे संगठनों के साथ भागीदारी अपराध है।

### वसूली रैकेट में शामिल जवान समेत 5 गिरफ्तार

**कानपुर।** वसूली रैकेट में शामिल पुलिस के एक होमगार्ड, एक पीआरडी (प्रांतीय रक्षक दल) महिला जवान और तीन अन्य को भेष बदलकर विशेष कार्य बल (एसटीएफ) का अधिकारी बनकर पैसे ऐंठने के आरोप में गिरफ्तार किया गया है। पुलिस के एक अधिकारी ने सोमवार को यह जानकारी दी। अधिकारियों ने बताया कि गिरोह का सरगना अजीत यादव एक ट्रैफिक सब-इंस्पेक्टर (टीएसआई) है, जो गिरफ्तारी से बचने के लिए फरार है और यादव को निलंबित कर दिया गया है।

### नदी में नहाने गए दो लड़के डूबे, दोनों की मौत



**बलिया।** बलिया जिले के चितबड़ागांव क्षेत्र में सोमवार को टोंस नदी में नहाने उतरे दो लड़कों की डूबने से मौत हो गई। पुलिस उपाधीक्षक (सदर) मोहम्मद उस्मान ने बताया कि चितबड़ागांव के पड़ोस में कागा (14) और अमित (15) सोमवार अपराह्न टोंस नदी में स्नान कर रहे थे तभी वे गहरे पानी में चले गए।

# सीडीएस और सेना प्रमुख ने किया सैन्य बलों के अग्रिम ठिकानों का दौरा

हरिभूमि न्यूज ▶▶| नई दिल्ली

ऑपरेशन सिंदूर और उसके साथ ही पाकिस्तानी सेना के हमलों को नाकाम करने के बाद सोमवार को प्रमुख रक्षा अध्यक्ष (सीडीएस) जनरल अनिल चौहान और सेनाप्रमुख जनरल उपेंद्र द्विवेदी ने सैन्यबलों के पश्चिमी सीमा पर मौजूद कई महत्वपूर्ण अग्रिम ठिकानों का दौरा किया। जनरल चौहान सूरतगढ़ सैन्य स्टेशन के साथ-साथ नलिया एयरफोर्स स्टेशन गए। जबकि सेनाप्रमुख ने राजस्थान के जैसलमेर में लोंगेवाला का दौरा किया। शीर्ष सैन्य नेतृत्व की इन यात्राओं का उद्देश्य भारत की आतंकवाद के खिलाफ की गई ऑपरेशन सिंदूर की कार्रवाई के बाद जमीनी स्तर पर सुरक्षा हालात का जायजा लेते हुए जवानों का मनोबल बढ़ाना है। रक्षा मंत्रालय ने बताया कि सीडीएस ने 19 मई को रणनीतिक दृष्टि से महत्वपूर्ण सूरतगढ़ सैन्य स्टेशन और नलिया एयरफोर्स स्टेशन की यात्रा की। जिसमें सैनिकों से मुलाकात में उन्होंने तेजी से बदलते सुरक्षा परिदृश्य के बीच मजबूती के साथ रणनीतिक तैयारी को बनाए रखने के महत्व को रेखांकित किया।

## ऑपरेशन सिंदूर के बाद से जारी यात्राओं की कवायद का हिस्सा, बढ़ाया जवानों का हौसला

### सुरक्षा में नहीं लगने दी सेंध

सीडीएस ने पश्चिमी मोर्चे से दुश्मन द्वारा किए गए कई प्रयासों के जरिए भारत की सुरक्षा में सेंधमारी की कोशिश को नाकाम करने के लिए भारतीय बलों द्वारा प्रदर्शित किए गए समर्पण, साहस और प्रतिबद्धता का उल्लेख किया और कहा कि इस दौरान सभी ने सैन्य व्यावसायिकता के उच्च मानकों का पालन किया। साथ ही उन्होंने जवानों को मजबूत सेना की तरह किसी भी चुनौती का जवाब देने के लिए सदैव तैयार रहने पर भी जोर दिया।



### लोंगेवाला पहुंचे सेनाप्रमुख

सेनाप्रमुख जनरल उपेंद्र द्विवेदी ने जैसलमेर स्थित सेना की कोंणार्क कोर के अग्रिम इलाकों का दौरा किया। जिसमें वह लोंगेवाला पोस्ट पर भी गए। यह वही इलाका है जहां पर 1971 की जंग में भारतीय सेना ने पाकिस्तान की सेना को बुरी तरह से परास्त कर दिया था। सेना ने बताया कि जनरल द्विवेदी ने अपनी यात्रा में ऑपरेशन सिंदूर में अद्वितीय साहस व समर्पण के साथ अहम भूमिका निभाने वाले सैनिकों से भी मुलाकात की।

## डेमो के साथ बताया कि कैसे आकाश मिसाइल सिस्टम ने हमलों को किया नाकाम

# सेना ने यूं नाकाम की 'स्वर्ण मंदिर' पर पाक की मिसाइल, ड्रोन से हमले की कोशिश

हरिभूमि न्यूज ▶▶| नई दिल्ली

सेना की 15वीं इन्फैंट्री डिवीजन के जनरल ऑफिसर कमांडिंग (जीओसी) मेजर जनरल कार्तिक.सी.शेषाद्रि ने यह जानकारी सोमवार को दी। साथ ही सेना ने एक डेमो के जरिए यह बताया कि कैसे उसने 7 और 8 मई की दरमियानी रात पाकिस्तानी हमलों को पूरी तरह से विफल कर दिया। पहलगाम आतंकी हमले की जिम्मेदारी लश्कर-ए-तैयबा के छद्म संगठन द रेजिस्टेंस फ्रंट (टीआरएफ) ने ली थी। 22 अप्रैल को टीआरएफ के आतंकवादियों ने पहलगाम में धर्म पूछकर 26 निर्दोष लोगों की नृशंस हत्या कर दी थी। जिसमें 25 भारतीय और 1 नेपाली नागरिक शामिल था। बताते चलें कि पाकिस्तान ने भारत पर किए गए अपने हमले में तुर्किये के ड्रोन और चीन की मिसाइलों का प्रयोग किया था।

*पहलगाम हमले के जवाब में पाकिस्तान और उसके अवैध कब्जे वाले कश्मीर यानी पीओके में मौजूद लश्कर-ए-तैयबा और जैश-ए-मोहम्मद के 9 आतंकी ठिकानों को निशाना बनाने के लिए सशस्त्र सेनाओं द्वारा किए गए ऑपरेशन सिंदूर से बौखलाए पाकिस्तान ने मिसाइल और ड्रोन से अमृतसर में स्वर्ण मंदिर को भी निशाना बनाने की कोशिश की थी। जिसे भारतीय सेना ने अपनी मजबूत हवाई रक्षा प्रणाली के जरिए तुरंत नाकाम कर दिया था।*

## भारत के एल-70 एयर डिफेंस गन ने दिखाई ताकत

### दुश्मन के नहले पर चल दिया दहला

मेजर जनरल शेषाद्रि ने कहा कि ऑपरेशन सिंदूर के बाद पाकिस्तान के पास भारत के खिलाफ कोई वैध लक्ष्य मौजूद नहीं थे। हमारी खुफिया जानकारी थी कि वो देश के सैन्य ठिकानों, नागरिक इलाकों और धार्मिक स्थलों पर हमला करेंगे। जिसमें पंजाब के बाकी शहरों के साथ ही अमृतसर का स्वर्ण मंदिर भी प्रमुख रूप से शामिल था। 8 मई की तड़के सुबह-सुबह गुप अंधेरे में पाकिस्तान की सेना ने मानव रहित विमानों (ड्रोन) और लंबी दूरी की मिसाइलों से एक साथ बड़ी तादाद में हमला किया।



### स्वर्ण मंदिर का महत्व

पंजाब के अमृतसर में स्थित स्वर्ण मंदिर सिख धर्म का सबसे पवित्र गुरुद्वारा है। जिसे हरमंदिर साहिब या दरबार साहिब के नाम से भी जाना जाता है। सिखों के चौथे गुरु रामदास जी ने इसकी नींव रखी थी। मूल रूप से यह सिख धर्म में बेहद अहम भूमिका निभाता है। लेकिन दुनिया इसे एक आध्यात्मिक और सांस्कृतिक केंद्र के रूप में जानती-पहचानती है।

### मॉक ड्रिल में मंदिर में अंधेरा किया गया

ऑपरेशन सिंदूर से ठीक पहले आम जनता को युद्ध और अन्य प्रकार की आपात परिस्थिति में बचाव के उपायों से रूबरू कराने के लिए केंद्र सरकार की पहल पर कुल करीब 244 शहरों में मॉक ड्रिल भी की गई थी। इस दौरान स्वर्ण मंदिर में पहली बार बत्तियां बुझाकर अंधेरा किया गया था।

### भारत के इन डेढ़ दर्जन शहरों पर किया हमला

गौरतलब है कि 8 मई को ही रक्षा मंत्रालय ने अपने एक आधिकारिक बयान में स्पष्ट किया था कि भारत की प्रतिक्रिया (ऑपरेशन सिंदूर) गैर-भड़काऊ, संयमित और केंद्रित थी। जिसका उद्देश्य पाकिस्तान की सेना के ठिकानों को निशाना बनाना नहीं था। बल्कि केवल पाकिस्तान समर्थित आतंकवादी कैंपों को नेस्तनाबूद करना था। जबकि पाकिस्तान ने 7-8 मई की देर रात ड्रोन और मिसाइलों से भारत के जम्मू-कश्मीर से सरक्रीक तक 15 शहरों को निशाना बनाया। जिनमें अमृतसर, अवंतीपुरा, श्रीनगर, जम्मू, पठानकोट, कपूरथला, जालंधर, लुधियाना, आदमपुर, भटिंडा, चंडीगढ़, नाल, फलोदी, उत्तरलाई और भुज मुख्य हैं। दुश्मन के इन हमलों को भारत के एकीकृत काउंटर यूएएस ग्रिड और वायु रक्षा प्रणालियों द्वारा बेअसर कर दिया गया। इसी दौरान भारत ने यह पुष्टि की थी कि उसने दुश्मन के हमलों के जवाब में लाहौर में पाकिस्तान के एयर डिफेंस सिस्टम को तबाह किया है।

# पायलट बोले- देश को एकजुटता दिखाने का है यह समय



हरिभूमि न्यूज ▶▶| बिलासपुर

अखिल भारतीय कांग्रेस कमेटी के महासचिव व छत्तीसगढ़ प्रदेश प्रभारी सचिन पायलट का कहना है कि आज समय है कि विश्व में भारत देश एकजुटता दिखाने का है। उन्होंने कहा है कि काश्मीर मुद्दे का अंतरराष्ट्रीयकरण नहीं होना चाहिए, इसके लिए संसद का विशेष सत्र बुलाया जाना चाहिए। सचिन पायलट सोमवार को बिलासपुर प्रवास पर थे। इस दौरान होटल कोर्टयार्ड मैरिएट में पत्रकारों से चर्चा करते हुए बताया कि देश की जनता हम सबकी की अमानत है और फौज में देश की सुरक्षा के लिए खड़ी है, उस पर हम सबको गर्व है।

■ कांग्रेस महासचिव ने की केन्द्र सरकार से विशेष सत्र बुलाने की मांग

### सुरक्षा पर कोई समझौता नहीं

छत्तीसगढ़ प्रदेश प्रभारी सचिन पायलट ने कहा कि भारत के राष्ट्रहित में अखंडता, सुरक्षा पर कोई समझौता नहीं है। उन्होंने बताया कि कांग्रेस का कार्यक्रम चल रहा है और कांग्रेस मजबूत हो रही है। केन्द्र सरकार लगातार सामुदायिक संस्थाओं को कमजोर कर, सेंट्रल एजेंसियों का दुरूपयोग एवं दबाव की राजनीति कर रही है उसके विरोध में जनता को जागरूक करने हर प्रदेश में संविधान बचाओ रैली करने जा रहे हैं।

### डेलीगेशन प्रश्न पर कहा-देश सबसे ऊपर

छत्तीसगढ़ प्रदेश प्रभारी सचिन पायलट ने सीजफायर को लेकर संदेह जताते हुए कहा कि सीजफायर कितना कारगर होगा, क्योंकि उसके बाद भी रातभर फायरिंग होती रही। कर्नल सोफिया पर भाजपा के मंत्री द्वारा टिप्पणी किए जाने के मामले में श्री पायलट का कहना है कि भाजपा के नेताओं को माफी मांगना चाहिए और मंत्री को बर्खास्त करना चाहिए। भारत द्वारा सांसदों के डेलीगेशन के प्रश्न पर उनका कहना है कि देश सबसे ऊपर है, नेता, दल और विचारधारा हमारा अंदरूनी मामला है। पूरे विश्व में भारत एकजुट दिखना चाहिए और पाकिस्तान को बेनकाब करें।

## छत्तीसगढ़ को मिला मौका

# एमएसटीसी लिमिटेड के बोर्ड में चंद्रशेखर एनओडी नियुक्त

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बिलासपुर



भारत सरकार के इस्पात मंत्रालय के अधीन एमएसटीसी लिमिटेड के बोर्ड में बिलासपुर के चंद्रशेखर बघेल को गैर-आधिकारिक निदेशक (एनओडी) के रूप में नियुक्त किया गया।


एमएसटीसी का पूरा नाम मेटल स्क्रैप ट्रेड कॉर्पोरेशन लिमिटेड है। राज्य के लिए गौरव की बात है कि राष्ट्रीय स्तर के महत्वपूर्ण मंत्रालय के अधीन संचालित बोर्ड में राज्य को प्रतिनिधित्व मिला है। चंद्रशेखर बघेल छात्र जीवन में ही राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के आनुषंगिक संगठन अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद से जुड़कर परिषद में कार्यकर्ता से प्रदेश उपाध्यक्ष जैसे विभिन्न दायित्वों का निर्वहन किया। वे भाजपा में विभिन्न विधानसभा चुनाव दौरान चुनाव सहायक के रूप में कार्य करने के अलावा नेशनल युवाको-ऑपरेटिव्ह सोसायटी में प्रदेश संयोजक के दायित्व का निर्वहन कर सतत रूप से सामाजिक क्षेत्र में कार्यरत रहे।

# पर्यावरण मंजूरियों को तर्कहीन, विकास के सिद्धांतों के खिलाफ बताकर किया रद्द

हरिभूमि न्यूज ▶▶| नई दिल्ली

केंद्र सरकार के पर्यावरणीय मंजूरी के समूचे फार्मूले को सुप्रीम कोर्ट ने ऐतिहासिक फैसला देते हुए अवैध ठहरा दिया। पॉलिसी के स्तर पर सुप्रीम कोर्ट का ये फैसला मील का पत्थर साबित होगा। सुप्रीम कोर्ट यानि सर्वोच्च न्यायालय ने एक महत्वपूर्ण फैसला सुनाते हुए मोदी सरकार द्वारा वर्ष 2017 में जारी नोटिफिकेशन और 2021 के ऑफिस मेमोरेंडम (ओएम) को रद्द कर दिया गया। ये दोनों उपाय उन परियोजनाओं को पूर्व-प्रभावी (एक्स-पोस्ट फैक्टो) पर्यावरणीय मंजूरी देने की अनुमति देते थे, जो पर्यावरण (संरक्षण) अधिनियम, 1986 के तहत अनिवार्य पूर्व पर्यावरणीय मंजूरी के बिना शुरू हो चुकी थीं। न्यायालय ने इन मंजूरियों को तर्कहीन और अवैध करार दिया और इन्हें सतत विकास के सिद्धांतों के खिलाफ बताया।

## सुप्रीम कोर्ट का ऐतिहासिक फैसला



सुप्रीम आदेश का असर

- 2017 नोटिफिकेशन, 2021 ओएम और इनके तहत जारी सभी संबंधित आदेश रद्द।
- भविष्य में किसी भी रूप में पूर्व-प्रभावी मंजूरी पर पूर्ण रोक।
- हालांकि, पहले दी गई मंजूरियों को इस फैसले से छूट दी गई।
- उद्योगों पर प्रभावः यह फैसला खनन, रियल एस्टेट और औद्योगिक परियोजनाओं को प्रभावित कर सकता है, क्योंकि अब बिना पूर्व मंजूरी के कोई परियोजना शुरू नहीं हो सकेगी। इससे परियोजनाओं में देरी हो सकती है, लेकिन दीर्घकालिक पर्यावरणीय लाभ सुनिश्चित होंगे।

### भर्ती गिरोह का भंडाफोड़ सरगना गिरफ्तार

**नई दिल्ली।** दिल्ली पुलिस ने एक फर्जी सरकारी नौकरी भर्ती गिरोह का भंडाफोड़ किया है। इसके सरगना सहित दो लोगों को गिरफ्तार कर लिया। पुलिस ने बताया कि मुख्य आरोपी की पहचान हैदराबाद निवासी राशिद चौधरी के रूप में हुई है। पुलिस के अनुसार चौधरी ने कथित तौर पर राष्ट्रीय ग्रामीण विकास एवं मनोरंजन मिशन नाम का इस्तेमाल कर साइबर ठगी की और एनआरडीआरएम को ग्रामीण विकास मंत्रालय के तहत एक सरकारी निकाय के रूप में गलत तरीके से पेश किया।

### शोक सभा में टेंट पर गिरा बिजली का तार, दो की मौत

**जयपुर।** राजस्थान के बालोतरा जिले में सोमवार सुबह एक शोकसभा के दौरान टेंट पर बिजली का तार टूटकर गिर गया और करंट लगने से दो लोगों की मौत हो गई। अधिकारियों ने यह जानकारी दी। उन्होंने बताया कि इस हादसे में आठ अन्य गंभीर रूप से झुलसे गए हैं। यह घटना बालोतरा जिले में पचपदरा तहसील के उमरलाई गांव में हुई। एक घर में 40 से अधिक ग्रामीण शोक सभा के लिए घर पर एकत्र हुए थे। कल्याणपुर के पूर्व प्रधान हरिसिंह ने संवाददाताओं को बताया, टेंट के ठीक ऊपर से गुजर रही केबल अचानक गिर गई। लोहे के खंभों में करंट दौड़ गया।

कैंसर सर्जरी पश्चात अंगों का पुनःनिर्माण (जबड़ा, स्तन व अन्य)
छ.ग.शासन से मान्यता प्राप्त
कालड़ा बर्न एवं प्लास्टिक कॉस्मेटिक सर्जरी सेंटर
आर.के.सी.के सामने, चौबे कालोनी एवं पचपेढ़ी नाका, धमतरी रोड, कलर्स मॉल के पास, रायपुर
कॉल : 9827143060/8871003060
Ajay 9827144371

(NABH से मान्यता प्राप्त) सुयश हॉस्पिटल
सर्जिकल गैस्ट्रो एवं लेप्रोस्कोपिक सर्जरी विभाग
गालब्लेडर एवं गालब्लेडर की पथरी का लेप्रोस्कोपिक विधि व्दारा सर्जरी
24 Hours Helpline 9926386660
कोटा–गुढ़ियारी रोड़, होटल पिकाडली के पीछे, रायपुर
Ajay 9827144371

संजीवनी कैंसर केयर हॉस्पिटल
अत्याधुनिक रेडियोथेरेपी (कैंसर का सेंकाई से इलाज) एवं सटीक स्टेजिंग हेतु पेट स्कैन
रमेश कोठारी MBBS, MD रेडिएशन ऑन्कोलॉजिस्ट
सतीश देवांगन MBBS, MD रेडिएशन ऑन्कोलॉजिस्ट
MBBS, MD न्यूक्लियर मेडिसिन व पेट स्कैन विशेषज्ञ
MBBS, MD न्यूक्लियर मेडिसिन व पेट स्कैन विशेषज्ञ
मरीजों के सुरक्षित एवं गुणवत्तापूर्ण ट्रीटमेंट और केयर के लिए
पूर्ण NABH से मान्यता प्राप्त
दावड़ा कॉलोनी, पचपेड़ी नाका, रायपुर, 7389904010, 738995010, +91 7714081010, 4061010

SHREE NARAYANA HOSPITAL
Quality Health Care for All..
NABH
पेट एवं लीवर रोग विभाग
• दर्दरहित इण्डोस्कोपी, कोलोनोस्कोपी, इण्डोस्कोपिक-सोनोग्राफी एवं ई.आर.सी.पी. का एडवांस सेंटर
• गैस, कब्जियत, पेट दर्द, उल्टी, ज्वाइंडिस (पीलिया), एनीमिया
• लीवर एवं एल्कोहल जनित रोगों हेतु ICU सुविधा (प्लास्मा फेरेसिस सुविधा के साथ)
• पैनक्रियाटायटिस एवं इन्फ्लामेट्री बोवेल डिसीज का उच्च स्तरीय उपचार
• पैनक्रियास, लीवर, पेट, आंत एवं गॉल ब्लेडर आदि के कैंसर की एडवांस सुविधा
आयुष्मान स्वास्थ्य योजना, सी.जी.एच.एस., सभी कोरपोरेट संस्थाओं एवं सभी इंश्योरेंस कंपनियों से ईलाज की सुविधा उपलब्ध
डॉ. भाविक शाह Dr. NB (Gastro), MRCP-SCE, UK (Gastro), MNAMS
देवेन्द्र नगर, रायपुर (छ.ग.)
www.snh.org.in
9300373737

मित्तल हॉस्पिटल रायपुर - भिलाई
कैंसर संबंधित सम्पूर्ण उपचार
आधुनिक मशीनों के द्वारा रेडिएशन थेरेपी (कैंसर सिंकाई) की सुविधा उपलब्ध
रायपुर में VARIAN HALCYON
भिलाई में VARIAN UNIQUE
आयुष्मान एवं BSKY-BIJU कार्ड से निःशुल्क रेडियेशन, कीमोथेरेपी एवं रहने की व्यवस्था
• रेडियो थैरेपी • कीमोथेरेपी • कैंसर सर्जरी • मेडिकल एवं हिमेटो ऑन्कोलॉजी
रायपुर: अवंति बाई चौक, पंडरी 9343079151, 91313 99570
भिलाई: टी.आई. मॉल के पास 7722880844, 0788-2294440
Deepak Ad./101

Dr. Juneja's पेट सफा ® Divisa www.divisastore.com
Natural Laxative Granules & Tablets
अगर आप भी कब्ज़, गैस, एसिडिटी जैसी समस्या से परेशान है तो आज ही लीजिए, पेट सफा ग्रेन्यूल्स/टैबलेट्स। यह मुंह में चिपकता नहीं। सोने से पहले खाएं और आराम पाएं।
20% EXTRA
TABLETS
सहायक है: कब्ज़ गैस एसिडिटी
Provides Effective Relief
Balances Digestive Health
Ayurvedic Proprietary Medicine
24x7 Helpline: 91197 88888
www.petsaffa.com
Available at all medical & general stores

हरिभूमि कम्यूनिकेशन्स प्राइवेट लिमिटेड के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक अनिल कुमार द्वारा हरिभूमि पब्लिकेशन्स, टिकरापारा, धमतरी रोड, रायपुर (छत्तीसगढ़)-492001 से मुद्रित एवं हरिभूमि काम्पलेक्स, टिकरापारा, धमतरी रोड, रायपुर (छत्तीसगढ़)-492001 से प्रकाशित। प्रधान संपादक : डॉ. हिमांशु द्विवेदी, स्थानीय संपादक धनंजय वर्मा, संपादक (समन्वय) ब्रह्मवीर सिंह। RNI No. CHHHIN/2002/07457, फोन : 0771-4242222, e-mail:raipur@haribhoomi.com